हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित



Page 11 — खेल




**कोच मनीष ओझा ने कहा, वैभव 10 साल की उम्र से ही रोज सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे...**


Page 09 — देश




**राकांपा के कांग्रेस विलय के दावों पर सुप्रिया सुले का पूर्णविराम, बोलीं-शरद पवार ने नहीं दिया...**


शुक्ल पक्ष, मृगशिरा, विक्रम संवत् 2083 • औरंगाबाद • सोमवार • 15 जून 2026 • वर्ष 28 • अंक 193 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,36,650 | ₹ 2,60,000 |

## आज का इतिहास

**1959 :** औरंगजेब ने दिल्ली में सम्राट घोषित किया। औरंगज़ेब छठे मुगल सम्राट थे और भारतीय उपमहाद्वीप के अधिकांश हिस्सों पर शासन करते थे। उनका शासनकाल 497 वर्षों तक रहा, जब तक कि 1707 में उनकी मृत्यु नहीं हो गई। औरंगजेब एक उल्लेखनीय विस्तारक थे और उनके शासनकाल के दौरान, मुग़ल साम्राज्य अपनी सबसे बड़ी सीमा तक पहुँच गया।

**1947 :** अखिल भारतीय कांग्रेस ने ब्रिटिश योजना के भारत विभाजन प्रस्ताव को स्वीकार किया।

## न्यूज बाइट्स

### बिहार में मानसून की रफ्तार तेज

**पटना (नि.सं.)** । भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून ने राज्य में रफ्तार पकड़ ली है। फिलहाल मानसून की उत्तरी सीमा मुजफ्फरपुर से होकर गुजर रही है और अगले चार से पांच दिनों के दौरान इसके बिहार के अन्य हिस्सों में आगे बढ़ने के लिए मौसम पूरी तरह अनुकूल बना हुआ है। मौसम विभाग ने राज्य के पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, पटना, नवादा, गया, औरंगाबाद, सिवान, भोजपुर, शेखपुरा, लखीसराय, भागलपुर और मुंगेर जिलों में भारी बारिश के साथ तेज आंधी की चेतावनी जारी की है।

### मिला हरित ऊर्जा को बढ़ावा, बिजली व्यवस्था होगी और मजबूत

# सीएम ने किया 2,790 करोड़ रुपए की बिजली परियोजनाओं का शुभारंभ



**निज संवाददाता | नालंदा**

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को पटना स्थित विद्युत भवन में आयोजित समारोह में 2,790 करोड़ रुपये की ऊर्जा परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और लोकार्पण किया। नई सरकार के 60 दिन पूरे होने के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने राज्य के ऊर्जा क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने, हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने और बिजली उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कई महत्वपूर्ण योजनाओं की शुरुआत की। इस अवसर पर ऊर्जा वितरण कंपनियों में एनर्जी अकाउंटिंग प्रणाली का भी शुभारंभ किया गया, जिससे फीडर, ट्रांसफार्मर और उपभोक्ता स्तर तक बिजली की आपूर्ति, खपत और ऊर्जा हानि की निगरानी अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी ढंग से की जा सकेगी। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 1,512 करोड़ रुपये की लागत से राज्य के 2.5 लाख कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के घरों की छत पर निःशुल्क सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के कार्य का शुभारंभ किया। इस योजना के अंतर्गत लाभार्थियों से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा तथा इसका खर्च केंद्र और राज्य सरकार संयुक्त रूप से वहन करेंगी। सौर संयंत्र से उत्पादित बिजली का उपयोग पहले उपभोक्ता स्वयं करेगा और अतिरिक्त बिजली बिजली वितरण कंपनी के ग्रिड में जाएगी।

इसके अलावा मुख्यमंत्री ने 1,278 करोड़ रुपये की लागत वाली 140 विद्युत परियोजनाओं का भी शिलान्यास, उद्घाटन और लोकार्पण किया। इन परियोजनाओं से राज्य की विद्युत उत्पादन, वितरण और संचरण व्यवस्था को मजबूती मिलने के साथ उपभोक्ताओं को अधिक गुणवत्तापूर्ण एवं विश्वसनीय बिजली उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार ऊर्जा क्षेत्र में व्यापक सुधार और हरित ऊर्जा के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है।

## पर्यटकों को मिलेंगी विश्वस्तरीय सुविधाएं पर्यटन परियोजनाएं होंगी समय पर पूरी



**निज संवाददाता | नालंदा**

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को पर्यटन विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों के समग्र विकास एवं पर्यटन अवसंरचना को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिहार को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने के लिए धार्मिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का सुनियोजित विकास आवश्यक है। राजगीर, गयाजी और नालंदा में चल रही परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए। बैठक में पर्यटन विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं प्रमुख पर्यटन केंद्रों पर चल रहे विकास कार्यों की अद्यतन जानकारी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए पर्यटन सुविधाओं का विस्तार और बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने मां मुंडेश्वरी मंदिर, करकटगढ़ जलप्रपात और राजगीर के लिए पर्यटकों की सुविधा हेतु रियायती दर पर हेलिकॉप्टर सेवा शुरू करने के निर्देश दिए। इसके अलावा वाल्मीकिनगर के लिए शनिवार और रविवार को रियायती दर पर हवाई सेवा शीघ्र शुरू करने को कहा। उन्होंने बताया कि पर्यटकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा पटना से गंतव्य तक 'एंड-टू-एंड' पर्यटन सेवा भी शुरू की जाएगी।

बैठक में विष्णुपद मंदिर कॉरिडोर एवं महाबोधि मंदिर कॉरिडोर परियोजनाओं को शीघ्र अंतिम रूप देकर निर्माण कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजगीर को अत्याधुनिक पर्यटन सुविधाओं से लैस करते हुए इसे 'ग्लोबल सेंटर ऑफ स्पिरिचुअल लर्निंग' के रूप में विकसित किया जाएगा। वहीं नालंदा की विश्व धरोहर की पहचान को और मजबूत करते हुए उसे पुनः वैश्विक ज्ञान एवं सांस्कृतिक केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए विशेष एकीकृत पैकेज तैयार किया जाएगा।

### मलमास मेला से लौट रहे श्रद्धालुओं से भरे ऑटो-ट्रक की भिड़ंत

# बच्ची समेत तीन श्रद्धालुओं की मौत, सात घायल

**निज संवाददाता | नालंदा**



जिले के छबीलापुर थाना क्षेत्र में रविवार को मलमास मेला से लौट रहे श्रद्धालुओं से भरे ऑटो और बालू लदे ट्रक के बीच आमने-सामने की टक्कर में एक बच्ची समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने करीब डेढ़ घंटे तक सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस के समझाने पर जाम हटाया गया। यह दुर्घटना छबीलापुर थाना क्षेत्र के साइडपर स्थित के.के. पॉलिटेक्निक कॉलेज के समीप हुई। बताया जाता है कि ऑटो पर एक ही परिवार के 14 लोग सवार थे, जो सुबह मलमास मेला में पूजा-अर्चना कर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे बालू लदे ट्रक से ऑटो की सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में खुदागंज थाना क्षेत्र के कोचरा गांव निवासी गुड्डू कुमार (25), गया जिले के चाकंद थाना क्षेत्र के गन्नू बीघा निवासी रानी देवी (60) तथा शिवानी कुमारी (6) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पूजा कुमारी, अंकुश कुमार, राज किशोर रविदास, गौरी कुमारी, चंद्रमुखी कुमारी, चांदो कुमारी और झयमुन्त्री देवी गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की जानकारी मिलने पर राजगीर के डीएसपी संजीत कुमार गुप्ता भी घटनास्थल पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि दोनों वाहनों की तेज रफ्तार के कारण यह हादसा हुआ। दुर्घटना से नाराज लोगों ने सड़क जाम कर प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। बाद में पुलिस अधिकारियों के समझाने-बुझाने पर जाम समाप्त कराया गया। राजगीर डीएसपी संजीत कुमार गुप्ता ने बताया कि हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है तथा सात घायल हैं। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## वाहनों को हरी झंडी दिखाकर सीएम ने किया खरीफ महाभियान का शुभारंभ



**पटना(नि.सं.)**। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को किसान जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर शारदीय (खरीफ) महाभियान-2026 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने दो कृषि ज्ञान वाहनों सहित राज्य के सभी जिलों के लिए किसान जागरूकता वाहनों को रवाना किया। इन वाहनों के माध्यम से किसानों को खरीफ मौसम से जुड़ी योजनाओं, आधुनिक कृषि तकनीकों और सरकारी सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जागरूकता अभियान का उद्देश्य किसानों को खरीफ फसलों की उन्नत खेती, कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं तथा अनुदानित दर पर उपलब्ध कृषि उपादानों की जानकारी देकर उन्हें लाभान्वित करना है। अभियान के दौरान किसानों को डिजिटल क्रॉप सर्वे और फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया से भी अवगत कराया जाएगा, ताकि वे सरकार की योजनाओं का अधिकतम लाभ उठा सकें। उन्होंने बताया कि किसान जागरूकता वाहनों के माध्यम से कृषि उपकरणों के उपयोग, प्रशिक्षण एवं विस्तार सेवाओं, खेत बचाओ अभियान, प्राकृतिक एवं संतुलित उर्वरक के प्रयोग तथा फसल अवशेष प्रबंधन के संबंध में भी किसानों को जागरूक किया जाएगा। इससे खेती की लागत कम करने, उत्पादकता बढ़ाने और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, कृषि विभाग के प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, कृषि विभाग के विशेष सचिव डॉ. वीरेन्द्र प्रसाद यादव, पटना प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक जितेन्द्र राणा, कृषि विभाग के निदेशक सौरभ सुमन यादव, उद्यान निदेशक अभिषेक कुमार सहित कृषि विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# सिपाही भर्ती परीक्षा का पहला चरण शांतिपूर्ण संपन्न कदाचार में सात गिरफ्तार, 10 पर एफआईआर

**निज संवाददाता | पटना**

केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती), बिहार द्वारा विभिन्न विभागों में सिपाही एवं कक्षपाल के 4,236 पदों पर नियुक्ति के लिए आयोजित लिखित परीक्षा का पहला चरण रविवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। गृह विभाग के तहत आयोजित इस परीक्षा के लिए राज्यभर में 544 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जहां दो पालियों में परीक्षा आयोजित की गई। पहले चरण के लिए 5,52,236 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी किए गए थे, जबकि पूरी भर्ती प्रक्रिया के लिए कुल 11,04,473 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है। यह भर्ती प्रक्रिया मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग में मद्य निषेध सिपाही, कारा एवं सुधार सेवाएं निरीक्षणालय में कक्षपाल तथा परिवहन विभाग में चलंत दस्ता सिपाही के 4,236 रिक्त पदों को भरने के लिए आयोजित की जा रही है। परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए सभी जिलों में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की सघन तलाशी के बाद ही प्रवेश दिया गया।

कदाचार पर रोक लगाने के लिए इस बार आधुनिक तकनीक का व्यापक इस्तेमाल किया गया। सभी अभ्यर्थियों का बायोमेट्रिक सत्यापन कराया गया तथा परीक्षा कक्षों में फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गई। इसके अलावा केंद्रीय चयन पर्षद के मुख्यालय में स्थापित कमांड एंड कंट्रोल रूम से राज्य के सभी 544 परीक्षा केंद्रों की सीसीटीवी के माध्यम से लाइव निगरानी की गई। किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अथवा ब्लूटूथ के इस्तेमाल को रोकने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों को जैमर से लैस किया गया था। कड़ी निगरानी के बावजूद कुछ स्थानों पर कदाचार की कोशिशें सामने आईं। पर्षद के अनुसार परीक्षा के दौरान कुल 10 अभ्यर्थियों के खिलाफ कदाचार के आरोप में संबंधित थानों में प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

## 16 से 18 जून तक सभी प्रखंडों में लगेगा सहयोग शिविर

**पटना (नि.सं.)**। राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से बिहार सरकार द्वारा राज्य के सभी 534 प्रखंडों में 16, 17 एवं 18 जून 2026 को प्रखंड सहयोग-सह-जनकल्याण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के माध्यम से आम लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जाएगा। शिविर में केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन, निबंधन, सत्यापन, ई-केवाईसी सहित अन्य आवश्यक सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। इससे लोगों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं होगी और योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया सरल एवं सुगम बनेगी। सरकार ने स्पष्ट किया है कि प्रखंड स्तर पर आयोजित इन विशेष शिविरों के साथ-साथ पंचायतों एवं नगर निकायों में पूर्व से संचालित सहयोग शिविर भी नियमित रूप से जारी रहेंगे, ताकि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सके। बिहार सरकार ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने संबंधित प्रखंड में आयोजित सहयोग-सह-जनकल्याण शिविर में पहुंचकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें तथा पात्रता के अनुसार सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं।


BAYC Institute स्थापित 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

भारत का पहला कॉलेज

डॉक्टर बनें — एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन







DIPLOMA COURSE: DAT (Acupressure Therapy), DY (Yoga), DAYS (Acupressure Yoga), DHMS (Herbal Medicine) — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th; DEMS (Electrohomeopathy Medicine), DNYS (Naturopathy Yoga) — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE: MBBA (Acupressure & Magnet), BTMS (Traditional Medicine), BAYS (Acupressure Yoga), BAcu. (Acupuncture) — अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2; BEMS (Electrohomeopathy Medicine), MBAS (Medicine in ALT Science) — अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE: MD (Acu Yoga), MD (TM) — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट; MD (EH) — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE: MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।

डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त, अध्यक्ष — डा. अजय प्रकाश, सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in

Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com



सत्यमेव जयते — भारत सरकार

"टेक्नोलॉजी कम सशक्त लोगों को सशक्त करती है। सीमांत लोगों के जीवन में बदलाव लाने में, अगर कोई मजबूत बल है, तो वह है टेक्नोलॉजी।"

- नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के

श्री सम्राट चौधरी, माननीय मुख्यमंत्री, बिहार

श्री जीतन राम मांझी, माननीय केंद्रीय मंत्री, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

के द्वारा

प्रौद्योगिकी केंद्र, गया जी

एम एस एम ई मंत्रालय, भारत सरकार

का शिलान्यास

टेक्नोलॉजी सेंटर / एक्सटेंशन सेंटर द्वारा विगत तीन वर्षों में
- 11 लाख + तकनीकी प्रशिक्षण
- 1.5 लाख+ इकाइयों को तकनीकी सहायता

राष्ट्रीय एससी-एसटी हब स्कीम
- 1.79 लाख मौजूदा और आकांक्षी एससी/एसटी उद्यमी लाभान्वित
- एससी/एसटी इकाइयों से सार्वजनिक खरीद में 39 गुना वृद्धि

पीएम विश्वकर्मा स्कीम
- 30 लाख विश्वकर्माओं का सफल पंजीकरण
- 24.06 लाख विश्वकर्माओं को कौशल प्रशिक्षण
- 5.94 लाख विश्वकर्माओं को ₹5,096 करोड़ का ऋण स्वीकृत
- 16.24 लाख विश्वकर्माओं को टूलकिट वितरित

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम
- 10.85 लाख इकाइयों को ₹29,623.41 करोड़ की सब्सिडी दी गयी
- 97.62 लाख रोजगार सृजित

सोमवार 15 जून, 2026 | प्रात: 11:00 बजे

प्रौद्योगिकी केंद्र, ब्लॉक खिजरसराय, जिला-गया जी, बिहार - 824233

CBC 25113/13/0003/2627

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# संक्षिप्त समाचार

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत सौर ऊर्जा संयंत्र अधिष्ठापन कार्य का शुभारंभ

**नवादा।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के कर-कमलों द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत 1,512 करोड़ रुपये की लागत से 2.5 लाख कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र के अधिष्ठापन कार्य का शुभारंभ किया गया। साथ ही ऊर्जा क्षेत्र की 1,278 करोड़ रुपये की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास, कार्यारंभ, उद्घाटन एवं लोकार्पण किया गया। उक्त कार्यक्रम का सीधा प्रसारण समाहरणालय सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश की उपस्थिति में किया गया। कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल, नवादा द्वारा बताया गया कि नवादा जिले में कुल 5,535 कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र का अधिष्ठापन किया जाएगा। इस अवसर पर माननीय विधायिका, गोविंदपुर, माननीय विधायक, हिसुआ, उप विकास आयुक्त, गोपनीय शाखा प्रभारी के साथ अन्य पदाधिकारी एवं लाभुक उपस्थित थे।

## ऑपरेशन मुस्कान के तहत 10 खोये मोबाइल असल धारक को लौटाया गया

**नारदीगंज (नवादा)।** 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत नारदीगंज पुलिस ने खोए हुए 10 मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को सौंप दिए हैं। रविवार को थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने थाना परिसर में सभी मोबाइल धारकों को उनके फोन लौटाए। बरामद किए गए मोबाइल विभिन्न कंपनियों के हैं, जिनकी कुल कीमत 2,07,094 रुपये आंकी गई है। मोबाइल पाने वालों में स्थानीय नारदीगंज, चौरमा, कहुआरा, बुच्ची और जनपुरा के अलावा रजौली, गया, मुजफ्फरपुर और झारखंड के धनबाद के निवासी शामिल हैं। अपना खोया हुआ कीमती फोन वापस पाकर सभी मोबाइल धारकों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने पुलिस प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## ई -रिक्शा चलाने बाले दीपक के पुत्र कन्हैया, होटल प्रबंधन क्षेत्र में बनाएगा करियर

### (B.Sc. in Hospitality and Hotel Administration) पाठ्यक्रम के (Institute of Hotel Management)में करेंगे पढ़ाई



**वारिसलीगंज।** प्रखंड के मकनपुर गांव निवासी कन्हैया कुमार ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर होटल प्रबंधन एवं आतिथ्य (Hospitality and Hotel Administration) के क्षेत्र में आगे बढ़ने का महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कन्हैया कुमार दीपक कुमार के पुत्र तथा स्वर्गीय श्रवण कुमार के पौत्र हैं।सबसे बड़ी बात कन्हैया कुमार के पिता गावं के साधारण किसान हैं और ई -ई रिक्शा चलाने के साथ गावं में छोटी सी दुकान चलाते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में इनका परिवार उच्च मुकाम हासिल कर चूका हैं। कन्हैया अपनी प्रारंभिक शिक्षा श्रीपुरा स्थित इस्लामिया हाई स्कूल से प्राप्त की। इसके बाद महात्मा गांधी +2 विद्यालय, बरबीघा से इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी की। अब उनका चयन बी.एससी. इन हॉस्पिटैलिटी एंड होटल एडमिनिस्ट्रेशन (B.Sc. in Hospitality and Hotel Administration) पाठ्यक्रम के लिए हुआ है, जिसके अंतर्गत उन्हें बेंगलुरु स्थित आईएचएम (Institute of Hotel Management) में अध्ययन का अवसर मिला है। होटल प्रबंधन क्षेत्र आज देश-विदेश में तेजी से उभरता हुआ रोजगारपरक क्षेत्र माना जाता है। ऐसे में ग्रामीण परिवेश से निकलकर कन्हैया कुमार का इस क्षेत्र में प्रवेश अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत बन सकता है। परिजनों और शुभचिंतकों ने उनकी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। ग्रामीणों का कहना है कि इसके सफलता से क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों को भी नई दिशा और प्रेरणा मिलेगी। अपनी मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण के बल पर उन्होंने यह साबित किया है कि सीमित संसाधन भी बड़े सपनों की राह में बाधा नहीं बन सकते।

## कटिहारः बिजली की आंख-मिचौनी और बिजली कटौती से उपभोक्ता हैं परेशान

**कटिहार।** कटिहार में बिजली की आंख-मिचौनी और 5-6 घंटे की कटौती से उपभोक्ता त्रस्त हैं। जिससे पेयजल आपूर्ति, छोटे व्यवसाय और पढ़ाई प्रभावित हो रही है। 24 घंटे में कई बार बिजली कटने और लो-वोल्टेज के कारण इन्वर्टर जवाब दे चुके हैं।जिससे स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश गहराते जा रहा है। कटिहार जिले के शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण क्षेत्र नियमित रूप से बिजली नहीं रहने के कारण गर्मी के मौसम में लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। शहरी क्षेत्र में 5 से 6 घंटे बिजली कट जाना आम बात हो गई है। विभाग की ओर से एक अधिसूचना जारी की जाती है कि विद्युत में तकनीकी खराबी आ जाने के कारण उसे मरमती कार्य हेतु क्षेत्र में आज कितने बजे से कितने बजे तक बिजली नहीं रहेगी। इसलिए उपभोक्ताओं से आग्रह है कि बिजली काटने की निर्धारित समय से पूर्व अपने विद्युत से संचालित होने वाले कार्य का निपटारा कर ले। अंत में खेद के लिए क्षमा प्रार्थी हूं।

वहीं ग्रामीण क्षेत्र में फीटर या तार में खराबी या अन्य तकनीकी खराबी के कारण सप्ताह में तीन-चार दिन और नियमित रूप से बिजली नहीं रहती है। ग्रामीण क्षेत्र में 8 से 10 घंटे से अधिक अवधि तक बिजली नहीं रहने के कारण गर्मी के मौसम में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में खासकर कदवा, प्राणपुर, आजमनगर, बारसोई, बलरामपुर क्षेत्र में बिजली की स्थिति दयनीय रहने के कारण इस क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ता त्राहिमाम त्राहिमाम कर रहे हैं। ऐसी स्थिति हो गई है कि उपभोक्ता विद्युत विभाग के अधिकारी को फोन लगाते हैं,तो फोन भी नहीं लगता है। कभी फोन लगता है, तो फोन उठाता नहीं है। अगर फोन उठ भी गया तो खराबी को दुरुस्त की जा रही है। जल्द ही विद्युत आपूर्ति की जाएगी। कह कर फोन कट कर दिया जाता है। यही स्थिति मनिहारी,अमदाबाद, मनसाही ,डंडखोरा,हसनगंज,कोढ़ा,फलका, समेली, कुर्सेला, बरारी क्षेत्र की उपभोक्ताओं को भी नियमित रूप से बिजली नहीं आपूर्ति करने के कारण उपभोक्ताओं को काफी परेशान है। बिजली उपभोक्ता अपनी समस्या ऑफ लाइन से लेकर ऑनलाइन भी शिकायत करते हैं,लेकिन समय रहते शिकायत का समाधान नहीं हो पता है। विद्युत अधिकारी कहते हैं कि 24 घंटे में 18 से 20 घंटे नियमित रूप से विद्युत आपूर्ति की जाती है, लेकिन आंधी तूफान आ जाने के कारण उत्पन्न समस्याओं को लेकर विद्युत उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ जाती है। इसके बावजूद भी विद्युत विभाग के अधिकारी से लेकर कर्मचारी तक दिन रात विद्युत उपभोक्ताओं की सुख सुविधाओं को ख्याल में रखकर कार्य कर रही है।

## अवैध खनन माफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

# पत्थर लदा हाईवा जब्त, पुलिस को धमकी देने वाला 'एंट्री माफिया' का गुर्गा गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली।** खनन विभाग द्वारा अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ एक बड़ी और सुनियोजित कार्रवाई की गई है। प्राप्त सूचना के सत्यापन के लिए जिला खनन पदाधिकारी अमन प्रत्यय के निर्देश पर खान निरीक्षक संतोष कुमार झा ने गृह रक्षकों के दल के साथ रजौली थाना क्षेत्र के रतनपुर गांव के समीप, कोडरमा-रजौली मुख्य सड़क पर शनिवार की रात के करीब 12:05 बजे नाकेबंदी कर छापेमारी की। इसी दौरान झारखंड की तरफ से आ रहे एक संदेहास्पद चौदह चक्का हाईवा को रुकने का इशारा किया गया। खनन टीम को देखते ही वाहन चालक घबरा गया और गाड़ी को बीच सड़क पर ही छोड़कर अंधेरे तथा स्थानीय भौगोलिक स्थिति का फायदा उठाकर कूदकर भागने में सफल रहा। टीम ने जब वाहन संख्या- जेएच 24सी-1402 की जांच की, तो वह अवैध रूप से खनन किए गए पत्थरों से पूरी तरह लदा हुआ था। इसके बाद स्थानीय चालक की मदद से गाड़ी को धर्मकांटा पर ले जाकर वजन कराया गया, जहां गाड़ी का कुल वजन 49,150 किलोग्राम पाया गया। वाहन पर क्षमता से अधिक माल लदा था और कोई वैध ई-चालान या परिवहन दस्तावेज नहीं होने के कारण मौके पर ही जब्ती सूची तैयार कर वाहन को कब्जे में ले लिया गया।

**हाईवा छुड़ाने के लिए टीम को दी धमकी, मौके से दबोचा गया आरोपी :-** कार्रवाई यहीं नहीं रुकी, बल्कि इसके बाद जो घटनाक्रम सामने आया उसने इलाके में सक्रिय संगठित सिंडिकेट का भंडाफोड़ कर दिया। जब खनन टीम जब्त हाईवा को चितरकोली समेकित जांच चौकी की तरफ ले जा रही थी, तभी राष्ट्रीय राजमार्ग-20 पर हरदिया गांव के पास एक युवक अचानक सड़क पर आ गया। उसने टीम का रास्ता रोकते हुए गाड़ी को जबरन छोड़ने का दबाव बनाया और बात न मानने पर 'बुरा अंजाम भुगतने' की सीधे तौर पर धमकी दे डाली। हालांकि, सुरक्षा बल के जवानों ने मुस्तैदी दिखाते हुए तुरंत उस व्यक्ति को घेरकर दबोच लिया। पूछताछ में उसकी पहचान रजौली थाने के चितरकोली निवासी अर्जुन यादव के पुत्र ललन कुमार के रूप में हुई।

**♦ आधी रात को खदान विभाग का छापा, अंधेरे का फायदा उठाकर भागा चालक**

**व्हाट्सएप चैट से खुला राज, पुलिस की 'लोकेशन' लीक करने का खेल उजागर :-** गिरफ्तार ललन कुमार के पास मौजूद मोबाइल पर लगातार आ रहे फोन कॉल्स और संदेशों ने अधिकारियों का माथा ठनका दिया। संदेह के आधार पर जब उसके नीले रंग के वीवो स्मार्टफोन की सघनता से जांच की गई, तो उसमें बड़े पैमाने पर चल रहे 'एंट्री माफिया' सिंडिकेट के व्हाट्सएप चैट का पर्दाफाश हुआ। चैट के विश्लेषण से पता चला कि ललन कुमार के मोबाइल पर विभिन्न नंबरों से पुलिस प्रशासन और चेकिंग टीम की पल-पल की लोकेशन पूछी जा रही थी। वह विभिन्न ग्रुपों और संपर्कों जैसे नवादा बाबू, बीएसएम, सनता मालिक 5106, और नवादा बिहार के साथ अवैध वाहनों के निबंधन नंबरों का लगातार आदान-प्रदान कर रहा था। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह 'नेताजी' (नवादा बिहार नाम से सेव नंबर), अरुण मुखिया (बाबू नाम से सेव नंबर) और अरुण मुखिया के साले मोनू (नवादा बाबू नाम से सेव नंबर) को पुलिस की गतिविधियों की सटीक लोकेशन देता था। इस सटीक लोकेशन के सहारे अवैध खनिज लदे वाहनों को रजौली बॉर्डर पार कराया जाता था, जिसके एवज में सिंडिकेट के सरगनाओं द्वारा प्रति गाड़ी 100 रूपये की राशि का भुगतान किया जाता था।

**पुराने मुकदमों का इतिहास और भारी जुर्माने की तैयारी :-** इस पूरे मामले के तार क्षेत्र के पुराने अपराधियों से जुड़े पाए गए हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, इस सिंडिकेट को संरक्षण देने वाले अरुण मुखिया उर्फ अरुण विश्वकर्मा का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है, जिसके खिलाफ पूर्व में मुफस्सिल थाने और रजौली थाने में सरकारी कार्य में बाधा डालने, पुलिस दल पर हमला करने और वैध बालू घाट के कर्मियों से मारपीट करने जैसे कई गंभीर मामले दर्ज हैं। खनन विभाग ने स्पष्ट किया है कि जब्त हाईवा के मालिक और चालक द्वारा बिना किसी वैध कागजात के लघु खनिज पत्थर का परिवहन करना बिहार खनिज नियमावली के तहत एक दंडनीय अपराध है। इस अवैध परिवहन को लेकर विभाग द्वारा संबंधित वाहन के स्वामी से शमन शुल्क के रूप में 8,00,000 रूपये और खनिज के अवैध परिवहन के जुर्माने के रूप में 3,51,221 रूपये को मिलाकर कुल 11,51,221 रूपये की वसूली की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। खान निरीक्षक ने रजौली थानाध्यक्ष को पत्र लिखकर जब्त हाईवा के मालिक, चालक, गिरफ्तार ललन कुमार और सिंडिकेट से जुड़े सभी नामजद प्रविष्टि माफियाओं के खिलाफ सुसंगत कानूनी धाराओं और भारतीय न्याय संहिता के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कड़ी कानूनी कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

**क्या कहते हैं थानाध्यक्ष :-** इस संबंध में थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि खनन निरीक्षक द्वारा प्राप्त लिखित आवेदन के आलोक में सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। गिरफ्तार ललन कुमार को रविवार को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## वारिसलीगंज प्रखंड के सौर पंचायत में विधिक जागरूकता कार्यक्रम

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा अरविन्द कुमार के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा वारिसलीगंज प्रखंड के सौर ग्राम पंचायत भवन, जिला नवादा में जागृति स्कीम-2025 के ऊपर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के सहायक लीगल एड डिफेंस काउंसिल अमन जैन तथा पी०एल०वी० अश्वनी कुमार एवं वारिसलीगंज प्रखंड के सौर ग्राम पंचायत के आमजन एवं अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तियों की उपस्थिति में किया गया। अपने सम्बोधन में डिफेंस काउंसिल के सदस्य अमन जैन ने कहा कि वर्तमान समय में आमलोगों के बीच कानून की जानकारी उपलब्ध कराए जाने को लेकर शिविर का लगातार आयोजन किया जाता है। कानून की जानकारी नहीं होने पर लोग परेशान होते हैं तथा उनका जमकर भयादोहन किया जाता है। अतः आप तमाम जनप्रतिनिधियों से आग्रह है कि आपलोग अपने-अपने क्षेत्र के गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद कर उनके शोषण होने से बचाएं।

श्री अमन जैन एवं अश्वनी कुमार, पारा विधिक स्वयंसेवक, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा ने वर्तमान समय में लोगों को कानून की जानकारी उपलब्ध कराए जाने पर बल दिया। आगे उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब एवं निसहाय व्यक्तियों के उत्थान हेतु जागृति स्कीम बनाई गई है, जिसके तहत उन्हें कानूनी सुरक्षा प्रदान करने के लिए कई स्कीमें बनाई गई हैं, जिसके बारे में कानूनी जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा दी जाती है। इसके तहत यदि किसी व्यक्ति को वाद दायर करना हो या जिन्हें अपने वाद में पैरवी करनी हो, उन्हें उनके वाद में निःशुल्क सक्षम अधिवक्ता उपलब्ध करा दिया जाएगा।

## रजौली में विश्व रक्तदाता दिवस पर सूर्य नारायण देव मंदिर कमेटी ने पेश की मानवता की मिसाल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



रक्तदान के दौरान मंदिर कमिटी के लोग

**रजौली।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर श्री सूर्य नारायण देव मंदिर कमेटी, रजौली के सदस्यों ने रक्तदान कर मानवता की अनूठी मिसाल पेश की। कमेटी के सदस्य रक्तवीर योग आचार्य वैध न्यूटन कुमार ने चिलचिलाती धूप में पहुंचकर अपना 28वां रक्तदान कर एक जरूरतमंद की जान बचाई। रजौली नगर पंचायत स्थित पुरानी बस स्टैंड निवासी सुमन स्वीट्स के संचालक राजेश प्रसाद के ऑपरेशन के दौरान अचानक रक्त की कमी हो गई, जिससे उनकी स्थिति गंभीर हो गई। इसकी सूचना उनके पुत्र राजा कुमार ने तुरंत श्री सूर्य नारायण देव मंदिर के अध्यक्ष संदीप वर्मा को दी।

**सूचना मिलते ही पहुंचे रक्तदान करने :-** सूचना मिलते ही मंदिर कमेटी के सदस्य रक्तवीर योग आचार्य वैध न्यूटन कुमार बिना देरी किए अस्पताल पहुंचे और अपना अनमोल रक्तदान किया। न्यूटन कुमार ने लगातार 28वीं बार रक्तदान कर साबित कर दिया कि रक्तदान ही महादान है। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष संदीप वर्मा ने बताया कि श्री सूर्य नारायण देव मंदिर कमेटी के सदस्य पिछले 5 वर्षों से लगातार जरूरतमंद लोगों के लिए रक्तदान करवा रहे हैं। उन्होंने कहा, "एक मां की उम्र उसके बच्चे को नहीं बचा सकती, लेकिन आपका रक्तदान किसी का जीवन जरूर बचा सकता है।"

**रजौली में ब्लड बैंक की मांग :-** संदीप वर्मा ने जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों से रजौली में ब्लड बैंक की स्थापना की मांग की। उन्होंने कहा कि ब्लड बैंक नहीं होने के कारण मरीजों को नवादा, पावापुरी और पटना तक जाना पड़ता है, जिससे समय पर इलाज में देरी होती है।

**रक्तदान महादान, जीवन बचाएं :-** सूर्य नारायण देव मंदिर के सचिव मनीष सिंह ने सभी सदस्यों को विश्व रक्तदाता दिवस की शुभकामनाएं दीं और सभी रक्तवीरों का तहे दिल से अभिनंदन किया। कमेटी सदस्य राजेश कुमार ने बताया कि रजौली में आए दिन लोगों को ब्लड की जरूरत पड़ती है, लेकिन रक्तदान के लिए लोग आगे नहीं आते।

कोषाध्यक्ष सुमित कुमार बिट्टू ने कहा, "रक्तदान महादान है। रक्तदान कर जीवन बचाएं, स्वस्थ रहें और समाज को स्वस्थ रखें। आपका एक बूंद खून किसी की पूरी जिंदगी बचा सकता है।" छठ पूजा समिति के अध्यक्ष राजा सिंह ने रक्तदान के फायदे गिनाते हुए कहा कि इससे न केवल दूसरों का जीवन बचता है बल्कि रक्तदाता का हृदय स्वास्थ्य भी बेहतर रहता है और मानसिक संतोष मिलता है।

**मिठाई खिलाकर दी बधाई :-** इस अवसर पर छठ पूजा समिति के सदस्य गौतम ताती, राहुल पांडे, सुभाष साहू, अरुण साहू, अनुज एयरटेल, नवीन कन्धवे, उज्जवल कुमार, वार्ड 6 प्रतिनिधि सुमित सिंह, सुभम पांडेय समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे। सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर विश्व रक्तदाता दिवस की बधाई दी।

## मद्य निषेध सिपाही, कक्षपाल एवं चलंत दस्ता सिपाही भर्ती परीक्षा का जिला पदाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नवादा।** केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा आयोजित मद्य निषेध सिपाही, कक्षपाल एवं चलंत दस्ता सिपाही भर्ती परीक्षा के सफल, स्वच्छ एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर जिला पदाधिकारी, रवि प्रकाश द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। उल्लेखनीय है कि जिले के कुल 18 परीक्षा केन्द्रों पर उक्त भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। परीक्षा के सफल, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त संचालन हेतु जिला प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय, नवादा एवं ज्ञान भारती, नवादा परीक्षा केन्द्र का भ्रमण कर परीक्षा संचालन, सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की जांच प्रक्रिया तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा कक्षों, प्रवेश द्वारों एवं प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों तथा पुलिस पदाधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया।

जिला पदाधिकारी ने केन्द्राधीक्षकों एवं प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाए रखने हेतु सभी निर्धारित दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अभ्यर्थियों के प्रवेश, पहचान सत्यापन, तलाशी व्यवस्था एवं परीक्षा केन्द्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की भी समीक्षा की। साथ ही संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल वरीय अधिकारियों को उपलब्ध कराई जाए, ताकि आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर श्री अमित अनुराग, गोपनीय शाखा प्रभारी श्री राजीव कुमार, संबंधित केन्द्राधीक्षक, दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य प्रतिनियुक्त कर्मी उपस्थित थे।

## बिहार-झारखंड सीमावर्ती क्षेत्रों में शराब तस्करों और अपराधियों पर कसेगा शिकंजा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कोडरमा एवं रजौली पुलिस की उच्च स्तरीय अंतर्राज्यीय बैठक में बनी संयुक्त रणनीति**




अंतरराज्यीय सीमावर्ती क्षेत्रों के एसडीपीओ संग थानाध्यक्ष गण


**रजौली।** बिहार और झारखंड के सीमावर्ती इलाकों में पैर पसार रहे अवैध शराब माफियाओं, वांछित अपराधियों और संदिग्ध गतिविधियों पर पूरी तरह से लगाम लगाने के लिए कोडरमा जिले के मेघातरी स्थित पंचायत सचिवालय सभागार में दोनों राज्यों की पुलिस की एक बेहद महत्वपूर्ण और उच्च स्तरीय अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक संपन्न हुई। यह महत्वपूर्ण बैठक रजौली के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) गुलशन कुमार और कोडरमा के नवनियुक्त एसडीपीओ प्रमोद केशरी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई, जिन्होंने सीमा सुरक्षा और कानून व्यवस्था को अभेद्य बनाने के लिए खुद कमान संभाली। मद्य निषेध अभियान को और अधिक धारदार व प्रभावी बनाने के मुख्य एजेंडे के साथ आयोजित इस बैठक में दोनों राज्यों के सीमावर्ती थानों के पुलिस अधिकारियों ने आपसी तालमेल को एक नए स्तर पर ले जाने का निर्णय लिया है। एसडीपीओ रजौली गुलशन कुमार ने बताया कि इस रणनीतिक चर्चा में मुख्य रूप से यह सहमति बनी कि सीमा पार सक्रिय अपराधियों, फरार अभियुक्तों और असामाजिक तत्वों की धरपकड़ के लिए दोनों राज्यों की पुलिस न केवल नियमित रूप से खुफिया सूचनाएं साझा करेंगी, बल्कि एक-दूसरे को वांछित अपराधियों की सूची भी सौंपेंगी ताकि कोई भी कानून की नजरों से बचकर भाग न सके।इसके साथ ही, भौगोलिक रूप से चुनौतीपूर्ण और जंगलों से घिरे संवेदनशील इलाकों में फल-फूल रहीं अवैध शराब की भट्ठियों को पूरी तरह नेस्तनाबूद करने के लिए दोनों राज्यों की पुलिस ने संयुक्त रूप से विशेष कॉम्बिंग ऑपरेशन और सघन गश्त चलाने का ब्लूप्रिंट तैयार किया है। बैठक में सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान और आपातकालीन स्थितियों में तुरंत संयुक्त कार्रवाई करने पर विशेष बल दिया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में बिहार नवादा के रजौली की ओर से रजौली थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार,सिरदला थानाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार,परनाडाबर थानाध्यक्ष हरिकांत कुमार और गोविंदपुर थानाध्यक्ष बिजय कुमार समेत पुलिस पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया, जबकि झारखंड कोडरमा की तरफ से कोडरमा, डोमचांच और सतगावां थानों के पुलिस अधिकारियों ने अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराई, हालांकि तिलैया थाना प्रभारी किसी अनिवार्य कारणवश इस महत्वपूर्ण विमर्श में शामिल नहीं हो सके। दोनों राज्यों के इन चार-चार थानों के क्षेत्रों को पूरी तरह अपराध मुक्त करने के उद्देश्य से अधिकारियों ने एक बेहद मजबूत और त्वरित कम्यूनिकेशन नेटवर्क स्थापित करने की आवश्यकता पर जोर दिया, जिससे किसी भी सीमावर्ती अपराध की सूचना पलक झपकते ही दोनों ओर की पुलिस को मिल सके और तस्करों की घेराबंदी कर उन्हें सलाखों के पीछे भेजा जा सके।

## कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय भगवती प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ शुरू

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**कौआकोल।** प्रखण्ड मुख्यालय से सटे बरियारपुर गांव में रविवार को कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय भगवती प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। गायत्री परिवार के विधि-विधान के अनुसार आयोजित कलश यात्रा बरियारपुर गांव स्थित भगवती स्थान से प्रारंभ होकर बिझो गांव, कौआकोल बाजार, दुर्गामंदिर, ब्लॉक मोड़ होते हुए रानीबाजार स्थित सूर्य मंदिर नदी तट पहुंची। वहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने जलभराई की। इसके बाद कलश यात्रा पुनः महारानी स्थान पहुंची। महारानी स्थान पर गायत्री परिवार के प्रमुख सुरेश प्रसाद के नेतृत्व में कलश स्थापना कर विधिवत पूजा-अर्चना शुरू की गई। आयोजनकर्ताओं के अनुसार तीन दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिन कलश स्थापना,पूजा-अर्चना तथा संध्या में प्रवचन एवं भक्ति गीत-संगीत का आयोजन किया गया। सोमवार को पुनः पूजन-अर्चन के साथ संध्या में प्रवचन कार्यक्रम आयोजित होगा। वहीं अंतिम दिन विधि-विधान के साथ मां भगवती की प्राण प्रतिष्ठा के बाद हवन, पूर्णाहुति, प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय ग्रामीण श्रीचंद प्रसाद, जवाहर प्रसाद यादव,नरेश यादव, दिनेश यादव,पूर्व सरपंच हरगौरी सिंह,मसुधन सिंह,जयपाल सिंह यादव, प्रिंस कुमार, देवनन्दन प्रसाद, उमेश यादव, दिनेश, राहुल, महेंद्र यादव सहित पूरे गांव के लोग सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। कलश यात्रा में पैक्स अध्यक्ष सुनील कुमार, सरपंच प्रतिनिधि शैलेष कुमार आर्य, रघुवीर कुमार, सूरज कुमार साव, संजीत मिस्त्री, रंजीत ठाकुर, नीलम देवी,निशा कुमारी समेत हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता रही।




# अपराधियों और हुड़दंगियों पर पुलिस का शिकंजा 200 से अधिक असामाजिक तत्वों की गिरफ्तारी

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता

**नालंदा।** बिहार की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक नगरी राजगीर में आयोजित विश्वप्रसिद्ध पुरुषोत्तम मास (मलमास) मेला अब अपने अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ रहा है। 17 मई से शुरू हुआ आस्था का यह महासंगम 15 जून(सोमवार) को आधिकारिक रूप से संपन्न होने जा रहा है। देश-विदेश से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सुगम दर्शन सुनिश्चित करने के लिए नालंदा जिला प्रशासन और पुलिस महकमे ने मेला क्षेत्र को एक अभेद्य किले में तब्दील कर दिया है। अंतिम शाही स्नान के बाद उमड़ी ऐतिहासिक भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक कड़ा कर दिया गया है। मेले को शांतिपूर्ण और सुरक्षित संपन्न कराने के उद्देश्य से राजगीर की धरती पर 3000 से अधिक अतिरिक्त पुलिसकर्मियों और अधिकारियों की तैनाती की गई है, जो चौबीसों घंटे अपनी ड्यूटी पर मुस्तैद हैं। इसी मुस्तैदी का नतीजा है कि पुलिस ने मेले में सक्रिय अपराधियों, जेबकतरों और हुड़दंगियों पर कड़ा शिकंजा कसते हुए अब तक 200 से अधिक असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार कर जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया है।

**चोर-उच्चकों और अपराधियों पर पुलिस का शिकंजाः** मेला क्षेत्र में देश के कोने-कोने से आने वाले सीधे-साधे श्रद्धालुओं को अपना शिकार बनाने वाले अपराधियों के खिलाफ राजगीर पुलिस एक विशेष अभियान चला रही है। भीड़भाड़ का फायदा उठाकर चोरी, छिनतई और पॉकेटमारी करने वाले गिरोहों को बेनकाब करने के लिए सादे लिबास में भी दर्जनों महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मेले की शुरुआत से लेकर अब तक पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी के करीब 11 मामलों का सफल उद्भेदन किया है। इसके अलावा, श्रद्धालुओं से सामान या आभूषण छीनने के प्रयास में छिनतई के दो बड़े मामलों में शामिल अपराधियों को रंगे हाथों दबोचा गया है। मेला क्षेत्र में कानून व्यवस्था और शांति भंग करने के आरोप में मारपीट के चार अलग-अलग मामलों में भी

## राजगीर मलमास मेला





संलिप्त उपद्रवियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की गई है।

**शराबबंदी कानून का कड़ाई से पालनः** बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून को प्रभावी रूप से लागू रखने और धर्मनगरी राजगीर की पवित्रता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए प्रशासन बेहद संवेदनशील है। मेला क्षेत्र के विभिन्न प्रवेश द्वारों, होटलों, धर्मशालाओं, थियेटर और संदिग्ध ठिकानों पर लगातार ब्रेथ एनालाइजर के साथ सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने इस विशेष चेकिंग अभियान के दौरान अब तक कुल 186 शराबियों को नशे की हालत में गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों का साफ कहना है कि पवित्र धर्मनगरी में किसी भी प्रकार की तामसिक गतिविधि या कानून का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पकड़े गए सभी आरोपियों पर मद्य निषेध कानून की सुसंगत धाराओं के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

**टीम वर्क का शानदार उदाहरणः** मेला थाना प्रभारी जितेंद्र राम के कुशल नेतृत्व और सटीक रणनीति के कारण ही अब तक पूरा मेला शांतिपूर्ण ढंग से आगे बढ़ा है। जितेंद्र राम खुद अपनी टीम के साथ लगातार ग्राउंड जीरो पर एक्टिव मोड में नजर आ रहे हैं। उनके नेतृत्व में पुलिस बल ने न केवल अपराधियों को दबोचा है, बल्कि खोए हुए बच्चों को उनके परिजनों से मिलाने, बुजुर्ग श्रद्धालुओं को सुरक्षित रास्ता दिखाने और बीमार यात्रियों को त्वरित चिकित्सा सहायता पहुंचाने में भी एक मानवीय चेहरा पेश किया है। पुलिस और पंडा समिति के बीच बेहतर तालमेल बिठाने में भी मेला थाना प्रभारी की भूमिका की हर तरफ सराहना हो रही है।

**'आसमान से लेकर जमीन तक पुलिस की पैनी नजर':** राजगीर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजीत कुमार गुप्ता ने बताया कि पुलिस प्रशासन किसी भी प्रकार की ढिलाई बरतने के मूड में नहीं हैं। पुलिस बल मुख्य ब्रह्मकुंड परिसर से लेकर पूरे मेला क्षेत्र, अखाड़ों के रूट और नियंत्रण कक्षों तक पूरी तरह मुस्तैद और अलर्ट है। सुरक्षा को तकनीकी रूप से बेहद मजबूत बनाया गया है। समूचे मेला क्षेत्र में सैकड़ों हाई-डेफिनिशन सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनकी लाइव मॉनिटरिंग मुख्य कंट्रोल रूम से चौबीसों घंटे की जा रही है। इसके अतिरिक्त, भीड़ की सघनता और संदिग्ध गतिविधियों को ट्रैक करने के लिए ड्रोन कैमरों से पैनी नजर रखी जा रही है। मोबाइल गश्ती दल, बाइक दस्ता और पैदल पुलिस कर्मी लगातार मेला क्षेत्र में गश्त कर रहे हैं ताकि कोई भी असामाजिक तत्व किसी अप्रिय घटना को अंजाम न दे सके।

**200 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तारीः** डीएसपी संजीत कुमार गुप्ता ने आगे बताया कि पुलिस की मुस्तैदी का ही परिणाम है कि विभिन्न आपराधिक और अवैध मामलों में लिप्त अब तक 200 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने आम जनता और देश भर से आ रहे श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या लावारिस वस्तु को देखते ही तुरंत नजदीकी पुलिसकर्मी या सहायता केंद्र को सूचित करें।

**समापन की ओर मलमास मेलाः** 17 मई से शुरू हुआ यह मेला कल 15 जून को समाप्त हो जाएगा। जैसे-जैसे समापन की तिथि नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे राजगीर में श्रद्धालुओं का दबाव और अधिक बढ़ता जा रहा है। विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में भारी इजाफा देखा जा रहा है। प्रशासन ने बचे हुए दो दिनों के लिए क्राउड मैनेजमेंट का एक नया स्पेशल प्लान तैयार किया है, ताकि किसी भी प्रकार की भगदड़ या असुविधा की स्थिति पैदा न हो। राजगीर आने-जाने वाले सभी प्रमुख मार्गों पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती बढ़ा दी गई है और वाहनों की पार्किंग के लिए भी सख्त नियम लागू किए गए हैं।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### कोयला लदा ट्रक पेड़ मे टकराई चालक घायल

**कोचस (रोहतास)** स्थानीय थाना क्षेत्र के स्टेट हाईवे पर चवरी गांव के निकट तीखा मोड़ पर दूसरे वाहन को ओवरटेक करने के दौरान एक कोयला लदा ट्रक अनियंत्रित हो पेड़ से टकराते हुए चाट किनारे लुढ़क गई इस हादसे मे चालक के कूदने से जख्मी हो गया, चालक उत्तर प्रदेश का बताया जाता है। घटना के बारे मे बताया जाता है कि चालक कोयला लेकर उत्तर प्रदेश की तरफ जा रहा था तभी चवरी गांव के निकट दूसरे वाहन को ओवर टेक करने के दौरान ट्रक अनियंत्रित हो पेड़ से टकराते हुए सड़क किनारे लुढ़क गई, हालांकि जान बचाने के चक्कर मे चालक कूद गया जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गया, स्थानीय की सहायता से चालक को निजी क्लीनिक मे भर्ती कराया गया जहां उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया है। वहीं घटना के चार घंटे बाद स्टेट हाईवे सड़क से ट्रक को हटाया गया और यातायातन बहाल कराया गया, बता दे कि एक हफ्ते पहले उक्त स्थल पर ट्रक पलटी थी यहां तक की महीने में दो चार सड़क दुर्घटनाएं वहां पर घटती रहती है।

### श्रावण माह और शिवरात्रि में लाखों श्रद्धालु मनिहारी गंगा घाट से जल लाकर बाबा का जलाभिषेक करते हैं



**कटिहार।** जिले के आजमनगर प्रखंड में स्थित गोरखनाथ धाम मंदिर आस्था का एक प्रमुख केंद्र है।जिसे मिनी बाबाधाम के रूप में जाना जाता है। यह भगवान शिव को समर्पित एक प्राचीन मंदिर है। जहां सावन और शिवरात्रि के दौरान लाखों श्रद्धालु मनिहारी गंगा घाट से जल लाकर बाबा का जलाभिषेक करते हैं। आजमनगर प्रखंड में स्थित बाबा गोरखनाथ धाम गोरखपुर पंचायत एक अत्यंत प्राचीन और प्रसिद्ध शिव मंदिर है, जिसे मिनी बाबाधाम के रूप में जाना जाता है। यह मंदिर अपनी धार्मिक आस्था, कांवर यात्रा और सावन के महीने में लाखों श्रद्धालुओं के जलाभिषेक के लिए प्रसिद्ध है। यो मनिहारी गंगा से जल लाकर यहाँ पूजा करते हैं।यह मंदिर सैकड़ों वर्ष पुराना माना जाता है और यह क्षेत्र के ऐतिहासिक शिव धामों में से एक है।नाथ संप्रदाय से संबंध: इसका संबंध नाथ संप्रदाय के महान योगी संत गोरखनाथ जी से है।स्थापना मान्यता: मान्यता है कि जब बौद्ध धर्म के प्रचार के बाद लोग शिव पूजा से दूर हो रहे थे। तब गुरु शंकराचार्य ने यहाँ शिव आश्रम स्थापित किया था।सांस्कृतिक महत्व: हर साल सावन और महाशिवरात्रि में यहां भव्य मेले लगते हैं।विकास: यद्यपि यह स्थल काफी प्रसिद्ध है, लेकिन इसे शिव सर्किट से जोड़ने की योजना पर कार्य जारी है।यह मंदिर स्थानीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है और सीमांचल क्षेत्र में आस्था का एक प्रमुख केंद्र है। यह मंदिर न केवल कटिहार, बल्कि कोसी, बंगाल, नेपाल, असम और झारखंड के श्रद्धालुओं के लिए एक महत्वपूर्ण आस्था का केंद्र है। सावन के महीने और महाशिवरात्रि के दौरान, हजारों भक्त मनिहारी से कांवड़ में जल लेकर बाबा गोरखनाथ के दरबार में हाजिरी लगाते हैं और पूजा-अर्चना करते हैं।मिनी बाबाधाम इसे कटिहार का "देवघर" या "मिनी बाबाधाम" कहा जाता है। कहा जाता है कि इस स्थान पर आदि गुरु शंकराचार्य ने भी तपस्या की थी। यह मंदिर कटिहार जिले के आजमनगर प्रखंड में, सालमारी-बारसोई मुख्य मार्ग पर स्थित है। मंदिर परिसर में एक सुंदर तालाब है, और स्थानीय समिति द्वारा भक्तों की सुरक्षा और सुविधाओं का ध्यान रखा जाता है।यह मंदिर अपने शांत वातावरण और धार्मिक पवित्रता के लिए प्रसिद्ध है।जहां महाशिवरात्रि और सावन के पावन अवसरों पर भव्य मेले का आयोजन किया जाता है।

### ऑल इंडिया चंद्रवंशी युवा एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने श्याम चंद्रवंशी

**कटिहार।** ऑल इंडिया चंद्रवंशी युवा एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद सिंह ने बताया कि श्याम चंद्रवंशी कि सामाजिक सक्रियता, उत्कृष्ट कार्य क्षमता, समाज के प्रति गहरे समर्थन की भावना तथा संगठन में पूर्व में किए गए सराहनीय कार्यों को देखते हुए उन्हें संगठन में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के लिए सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया है। पूर्व में श्याम चंद्रवंशी संगठन में कटिहार जिलाध्यक्ष तथा बिहार प्रदेश उपसचिव के पद पर रह चुके हैं। राष्ट्रीय सचिव शिव रंजन सिंह राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सतयेन्द्र सिंह ने कहा कि हमारा संगठन हमेशा सामाजिक धार्मिक कार्यों के लिए तत्पर रहा है। श्याम चंद्रवंशी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर आने से संगठन को विशेष बल मिलेगा। संस्थापक सदस्य अमित राजन , ब्रजेश सिंह, विजय सिंह, राष्ट्रीय मुख्य सलाहकार रमेश कुमार सिंह मुंबई, राष्ट्रीय सलाहकार श्रवण सिंह दिल्ली, रामशंकर सिंह, नीरज कुमार, राम लड्डू सिंह, अजय सिंह, संजू देवी, सुजीत चंद्रवंशी, दीपक ज्योति, रंजय चंद्रवंशी, नीरज चंद्रवंशी, राजेश कुमार, विकाश कुमार, सुधीर कुमार एवं संगठन के तमाम सदस्यों ने खासतौर से श्याम चंद्रवंशी को बधाई दी है। गौरतलब है कि समाजसेवी श्याम चंद्रवंशी काफ़ी समय से समाज के प्रति सेवा भाव के लिए समर्पित है। उन्होंने बाल संघ, जेसिज, आमरा सोबाई जैसे सामाजिक संस्था से समाज सेवा कि शुरुआत की। श्री श्याम मित्र मंडल कटिहार में सक्रिय सदस्य, खाटू धर्मशाला प्रभारी (राजस्थान), लियो क्लब ऑफ कटिहार टाउन सचिव,नार्थ ईस्टर्न चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज में उपाध्यक्ष, कटिहार रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्य, कटिहार नगर थाना शांति समिति सदस्य एवं हनुमान चालीसा मंदिर के अध्यक्ष एवं कई अन्य सामाजिक संस्था में सक्रिय रूप से रह चुके है। बाढ़ पीड़ित सेवा, कोरोना काल सेवा, ब्लड डोनेशन, ऑक्सीजन सेवा, स्वर्ग वाहन सेवा तथा अन्य सेवा भाव के लिए इन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकार कटिहार, लायंस क्लब, रेड क्रॉस सोसाइटी, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल,उर्वशी अबेकस अकादमी जैसे अन्य कई सामाजिक संस्था द्वारा इन्हें सम्मानित भी किया गया है। उधर,श्याम चंद्रवंशी के आल इंडिया चंद्रवंशी युवा एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत होने पर कटिहार जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता पंकज कुमार तमाखुवाला ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इनके मनोनयन से हमलोग अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे है। प्रवक्ता पंकज कुमार तमाखुवाला ने बताया कि श्याम जी सदैव समाज सेवा के कार्यों मे बढ़ चढ़ कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हैं। वे अपने सौम्य व्यवहार के कारण युवाओं के दिलो मे बसते है। श्री तमाखुवाला ने कहा कि श्याम जी के मनोनयन से चन्द्रवंशी समाज के संस्था को निश्चित तौर पर लाभ मिलेगा साथ ही समाज के सभी लोगों को भी।

### 102.82 ग्राम स्मैक के साथ बुलेट सवार दो तस्कर गिरफ्तार

**कुरसेला (कटिहार)**: कुरसेला पुलिस ने शनिवार को राष्ट्रीय राजमार्ग-31 स्थित कोसी पुल के समीप गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 102.82 ग्राम स्मैक के साथ बुलेट सवार दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विक्की कुमार 25 वर्ष, ग्राम पकड़ा तथा अखिलेश कुमार 25 वर्ष, ग्राम धोबिनिया, दोनो थाना नवगछिया, जिला भागलपुर के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति स्मैक लेकर कुरसेला चौक होते हुए नवगछिया की ओर जा रहे हैं। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर कोसी पुल के समीप वाहन जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान संदिग्ध बुलेट मोटरसाइकिल को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें उनके पास से कुल 102.82 ग्राम स्मैक बरामद किया गया। इसके बाद दोनों युवकों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। और तस्करी में प्रयुक्त बुलेट को भी जप्त कर लिया गया है। पुलिस ने बरामद स्मैक को जब्त करते हुए दोनों आरोपियों के विरुद्ध नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दोनों आरोपी पोठिया क्षेत्र से स्मैक लेकर नवगछिया की ओर जा रहे थे, लेकिन कुरसेला पुलिस की सतर्कता के कारण रास्ते में ही दबोच लिए गए। पुलिस मामले के अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।

# कोचस मे एटीएम से भीषण लूट, गैस कटर से काट एटीएम से 32 लाख उड़ाए चोर

## बक्सर के बाद कोचस मे एटीएम को बनाया निशाना, बोलोरो उपकरण बरामद

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**कोचस (रोहतास)।** रोहतास जिले में बीती रात चोरों ने पुलिस को चुनौती देते हुए एक भीषण घटना को अंजाम दिया है। दरअसल बेखौफ चोरों ने कोचस नगर पंचायत के बक्सर रोड स्थित बस डिपो के निकट एक्सिस बैंक के एटीएम से लगभग 32 लाख की लूट की और फरार हो गए। भीषण चोरी की इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मचा है और लोग पुलिस गश्त पर सवाल उठा रहे हैं।

**एटीएम काट कर उड़ाए पैसे** : प्राप्त जानकारी के अनुसार चोरों ने बीती रात अंधेरे का फायदा उठाते हुए घटना को अंजाम दिया। लगभग चार से पांच की संख्या में पहुंचे चोरों ने पहले एटीएम का दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया और फिर गैस कटर के माध्यम से एटीएम को काटकर लगभग 32 लाख रुपए ले भागे। इस दौरान उन्होंने एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरे एवं अन्य उपकरणों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है ताकि पहचान छुपाई जा सके।

**स्थानीय लोगों ने दी पुलिस को सूचना** : घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि रविवार की सुबह स्थानीय लोग जब एटीएम के समीप पहुंचे, तो वहां का नजारा देखकर हैरान रह गए। क्षतिग्रस्त एटीएम और चारों तरफ बिखरे सामान को देखकर उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एटीएम की घेराबंदी कर घटना की जांच शुरू कर दी।

**जांच शुरू, पुलिस गश्त पर उठे सवाल** : वहीं पुलिस ने एटीएम व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज आदि की जांच शुरू कर दी है और एक्सिस बैंक के अधिकारी की भी मौके पर पहुंचकर चोरी हुए राशि का आकलन कर रहे हैं। बैंक अधिकारियों ने लगभग 32 लाख रुपए की चोरी का अनुमान लगाया है। इधर स्थानीय लोगों ने कोचस पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस गश्ती पर सवाल उठाया है।

**गैस कटर और वाहन बरामद** : मामले में सदर डीएसपी दो संजीव कुमार ने बताया कि घटनास्थल से गैस कटर मशीन तथा कैमूर जिले के मोहनिया से घटना में प्रयुक्त एक वाहन को जप्त किया गया है। हालांकि इस मामले में खबर लिखे जाने तक अभी कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है और पुलिस अपराधियों की पहचान में जुटी है। उन्होंने यह भी बताया कि चोरों ने कोचस में एटीएम लूट से पहले बक्सर जिले में भी एक एटीएम से चोरी की घटना को अंजाम दिया है। जिसको देखते हुए सूक्ष्मता से जांच चल रही है।

**थाने मे प्राथमिकी हुई दर्ज** : एटीएम कांट्रेक्टर हिटैची कंपनी के लीगल एडवाइजर दीपक कुमार ने लिखित आवेदन दे अज्ञात के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है, वही अपर थाना अध्यक्ष बबलू कुमार ने बताया कि हिटैची कंपनी के लीगल एडवाइजर के द्वारा थाने में लिखित आवेदन दी गई है जिसमें आवेदन में लगभग 32 लाख लूट की अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

### बिदुपुर में अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन प्रशिक्षण से बदलेगी इमरजेंसी सेवाओं की तस्वीर




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**हाजीपुर।** बिदुपुर में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने के लिए अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन (AHA) के प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना मील का पत्थर साबित हो रही है। अब जिले के अस्पतालों में उच्च-कुशल स्वास्थ्यकर्मी उपलब्ध होंगे, जिससे मरीजों को बेहतर और त्वरित इमरजेंसी मदद मिल सकेगी।102 निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा राज्य सरकार के सहयोग से ज़ेन प्लस सर्विसेज द्वारा संचालित की जा रही है। इसी कड़ी में कंपनी ने 2 जून को पटना के ए जी कॉलोनी में बिहार का पहला AHA इंटरनेशनल ट्रेनिंग सेंटर स्थापित किया। इस केंद्र में एम्बुलेंस कर्मियों, स्वास्थ्यकर्मियों और इमरजेंसी रिस्पॉन्डर्स को वैश्विक मानकों के अनुरूप जीवनरक्षक कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा। ज़ेन प्लस, बिहार के प्रोजेक्ट हेड दीपक श्रीवास्तव ने बताया, "यह पहल कुशल स्वास्थ्यकर्मियों के निर्माण में अहम भूमिका निभाएगी। डॉक्टर, नर्स, पैरामेडिक्स, मेडिकल छात्र और आम नागरिक भी एडवांस इमरजेंसी केयर ट्रेनिंग ले सकेंगे।इस प्रशिक्षण से न केवल स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। अब वैशाली के लोगों को इमरजेंसी हेल्थकेयर एजुकेशन के लिए बिहार से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है।गौरतलब है कि मई 2026 के दौरान अकेले वैशाली में 102 एम्बुलेंस सेवा ने 5,685 मरीजों को समय पर चिकित्सा सहायता प्रदान की। इनमें 4,461 गर्भवती महिलाएं, 108 नवजात एवं गंभीर मरीज, 239 सड़क दुर्घटना पीड़ित शामिल हैं। इस सफलता के बाद अब AHA प्रशिक्षण से जिले में इमरजेंसी सेवाएं और अधिक प्रभावी हो जाएंगी।

### पीएम श्री उच्च विद्यालय गोरौल का साधन सेवी ने किया निरीक्षण

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**हाजीपुर।** वैशाली जिले के अन्तर्गत संचालित पीएम श्री उच्च विद्यालय गोरौल का निरीक्षण राज्य शिक्षा परियोजना की राज्य साधनसेवी नूतन कुमारी द्वारा किया गया। सर्वप्रथम प्रधानाध्यापक प्रशान्त कुमार के द्वारा राज्य साधनसेवी नूतन कुमारी जी को शाल और बुके देकर सम्मानित किया गया। उच्च माध्यमिक विद्यालय गोरौल पीएम श्री विद्यालय होने के बाद राज्य साधनसेवी द्वारा निरीक्षण में विद्यालय सभी मानक को पूरा करने की बात कही गई।विद्यालय में छात्रों की उपस्थिति भी अच्छी होने की बात कही गई। विद्यालय में प्रैक्टिकल लैब सुन्दर एवं सुसज्जित होने पर राज्य साधनसेवी द्वारा भूरी भूरी प्रशंसा किए गए। विद्यालय के आई सी टी लैब को देखकर राज्य शिक्षा परियोजना के राज्य साधनसेवी ने बेहतर व्यवस्था होने पर खुशी जाहिर की।निरीक्षण के दरम्यान स्मार्ट क्लास भी जाकर देखी जो पूरी तरह से सुसज्जित दिखा। विद्यालय के सभी वर्ग कक्ष भी अच्छी तरह से सुसज्जित दिखाई दे रहा था। विद्यालय में शौचालय की स्थिति भी बेहतर थी। विद्यालय के क्लास रूम की स्थिति का भी जायजा राज्य साधनसेवी द्वारा लिया गया।राज्य साधनसेवी द्वारा सभी मानक पूरा होने के लिए प्रधानाध्यापक की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिए और आगे विद्यालय को और बेहतर तरीके से संचालित करने की बात कही।

# एलजेपी (आर) के प्रधान महासचिव धर्मेंद्र पासवान का आकस्मिक निधन,क्षेत्र में शोक की लहर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**काराकाट /रोहतास** : लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रधान महासचिव एवं काराकाट प्रखंड क्षेत्र के हटिया गांव निवासी धर्मेंद्र पासवान के आकस्मिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके असामयिक निधन की खबर मिलते ही गांव सहित जिला,प्रदेश और प्रखंड स्तर के पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं,जनप्रतिनिधियों तथा गणमान्य लोगों में शोक व्याप्त हो गया । धर्मेंद्र पासवान के पैतृक आवास पर दिनभर लोगों का तांता लगा रहा । पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उनके स्वजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की तथा इस दुःख की घड़ी में परिवार को धैर्य एवं संबल प्रदान किया । उपस्थित लोगों ने कहा कि धर्मेंद्र पासवान एक मिलनसार,कर्मठ और जनहित के मुद्दों के प्रति सदैव समर्पित रहने वाले नेता थे । उनके निधन से पार्टी ही नहीं,बल्कि समाज ने भी एक सक्रिय और लोकप्रिय व्यक्तित्व को खो दिया है । इस दौरान उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की । शोकसभा में वक्ताओं ने उनके सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान को याद करते हुए कहा कि उनकी कमी लंबे समय तक महसूस की जाएगी । धर्मेंद्र पासवान के निधन पर पार्टी नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की हैं । उनका निधन क्षेत्र के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया जा रहा है ।

मौके पर पार्टी के प्रेमतोष कुमार सिंह उर्फ बंटी सिंह,कचहरी पासवान, चुनचुन पासवान,डॉ छोटेलाल पासवान,रवि शंकर पासवान, बादशाह पासवान,जनेश्वर पासवान, विद्यावती देवी,लल्लू पाण्डेय,डॉ शाहरुख खान,मंटु कुमार,नागेंद्र पासवान,देवमुनि पासवान,जगदीश पासवान ,रामबदन सिंह,मिथलेश सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

# अंधड़ाबड़ चौक के पास नकली सरसों तेल, रिफाइंड और हेयर आयल जब्त

## कंपनी जांचकर्ता टीम के साथ छापेमारी में नकली रैपर, खाली टीन और बोतलें बरामद

गरीब दर्शन/हाजीपुर



जंदाहा थाना क्षेत्र के अंधड़ाबड़ चौक के निकट एक मकान में बैंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का नकली सरसों तेल, रिफाइंड सोयाबीन तेल तथा बजाज कंज्यूमर केयर लिमिटेड कंपनी का बजाज आलमंड ड्राप्स हेयर आयल का नकली निर्माण एवं पैकिंग किए जाने का मामला पकड़ में आया है। कंपनी के प्रमुख जांचकर्ता टीम की मौजूदगी में जंदाहा थानाध्यक्ष अनामिका कुमारी के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी कर कंपनी का फर्जी तरीके से पैकिंग किए गए सरसों तेल, रिफाइंड सोयाबीन आयल, बजाज आलमंड ड्राप हेयर आयल, खाली टीन, रैपर ,स्टीकर, ढक्कन एवं केमिकल बरामद कर जब्त की है। छापेमारी के दौरान मकान मालिक और इस अवैध धंधे में संलिप्त कारोबारी फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुंबई स्थित बैंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी एवं बजाज कंज्यूमर केयर लिमिटेड कंपनी के प्रमुख जांच कर्ता मधुबनी जिला खजौली थाने के सुक्की निवासी रंजीत कुमार सिंह को गुप्त सूचना मिली थी कि जंदाहा थाना क्षेत्र के अंधड़ाबड़ चौक के पास उनकी कंपनी का नकली फर्जी डालडा और कच्ची घानी सरसों तेल पैकिंग किया जा रहा है। उन्होंने शनिवार की शाम इसकी सूचना जंदाहा थाने की पुलिस को दी। थानाध्यक्ष अनामिका कुमारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कंपनी के प्रमुख जांचकर्ता के मौजूदगी में उनके बताए गए मकान पर पहुंच स्थानीय लोगों से मकान मलिक के विषय में पूछताछ की। जिसके दौरान जानकारी मिली कि मकान मालिक जंदाहा थाना के बसंतपुर पंचायत वार्ड नंबर 14 स्थित पानापुर बटेश्वर नाथ निवासी रामवृक्ष सिंह के पुत्र नंदलाल सिंह हैं।इसके बाद स्थानीय लोगों के समक्ष पुलिस ने मकान का तलाशी ली। जिसमें कंपनी का नकली गगन एक्टिव रिफाइंड सोयाबीन दो टीन, कंपनी का नकली गगन एक्टिव रिफाइंड सोयाबीन तेल का नकली खाली 42 टीन, कंपनी का नकली गगन कच्ची घानी सरसों तेल एक किलो का पैक 29 बोतल, नकली गगन कच्ची घानी सरसों तेल का खाली बोतल स्टीकर लगा हुआ 150 बोतल, नकली गगन एक्टिव रिफाइंड सोयाबीन तेल का 1682 पीस रैपर, गगन कच्ची घानी सरसों तेल के बोतल का 136 पीस ढक्कन, नकली गगन कच्ची घानी सरसों तेल का 294 पीस रैपर, बजाज कंज्यूमर केयर लिमिटेड कंपनी का नकली बजाज आलमंड ड्राप्स हेयर आयल का भरा हुआ 95 मिली लीटर का 470 पीस बोतल, बजाज कंज्यूमर कंपनी लिमिटेड का नकली बजाज आलमंड ड्राप्स हेयर आयल का खाली बोतल स्टीकर लगा हुआ 710 पीस, प्लास्टिक के बोतल में भरा हुआ केमिकल तेल एक पीस, बजाज कंज्यूमर केयर लिमिटेड कंपनी का नकली बजाज आलमंड ड्राप्स हेयर आयल का स्टीकर 22701 पीस और बजाज कंज्यूमर केयर लिमिटेड कंपनी का नकली बजाज आलमंड ड्राप्स हेयर आयल का ढक्कन 315 पीस बरामद किया गया। बरामद सभी नकली सामग्रियों को जब्त कर लिया गया है।

### आरएसएस के तत्वाधान में प्रमुख जन संगोष्ठी का आयोजन



गरीब दर्शन/हाजीपुर/महुआ

महुआ बाजार के वी-सेलिब्रेशन विवाह भवन के प्रांगण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ वैशाली के तत्वाधान में प्रमुख जन संगोष्ठी का कार्यक्रम आयोजन हुआ ।कार्यक्रम का उद्घाटन प्रज्ञा प्रवाह के क्षेत्र संयोजक माननीय देवव्रत प्रसाद जी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ वैशाली के सह जिला कार्यवाह उत्पल कांत जी ने संयुक्त रूप से किया।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए देवव्रत प्रसाद जी ने कहा कि राष्ट्र के कार्यों में सभी नागरिकों का जब योगदान होता है तो देश निश्चित रूप से सशक्त और मजबूत बनता है। देश के हर नागरिकों को किसी भी परिस्थिति में देश के साथ खड़ा होना चाहिए एवं तन मन धन से लगकर देश की सेवा करना चाहिए।उन्होंने कहा की भारत की संस्कृति में राष्ट्र की सेवा को सर्वोच्च सेवा माना गया है।इस लिए हम सभी मानवों का यह नैतिक कर्तव्य है की देश की अस्मिता के रक्षार्थ हमें अपना सर्वस्व न्योछावार करने के लिए तैयार रहना होगा। इस कार्यक्रम में 150 से अधिक लोगों ने भाग लिया।

# विचार गोष्ठी सह कवि सम्मेलन का आयोजन

गरीब दर्शन / सीतामढ़ी




माँ सीता की जीवन चरित पर विचार गोष्ठी सह कवि सम्मेलन का आयोजन साहित्यकार विमल कुमार परिमल की अध्यक्षता में फ्रंट एज स्कूल हॉस्पिटल रोड़ सीतामढ़ी में किया गया। मुख्य वक्ता प्रोफेसर डॉक्टर राम विनय सिंह जी संस्कृत विभाग डीएवी पीजी कॉलेज देहरादून ने कहा माता सीता की भूमिका बाल्मीकि जी ने सर्वोच्च शक्ति के रूप में लिखा है। रामायण रामा की गाथा है। रामा ही सीता है। बाल्मीकि जी ने सीता को केंद्रित कर रामायण लिखी। बाबा तुलसीदास ने मर्यादा पुरुषोत्तम राम को सर्वश्रेष्ठ सर्वशक्तिमान ईश्वर के रूप में देवता के रूप में लिखा। सर्वप्रिय राम चरित मानस बन गया। तुलसी बाबा ने सीता के जीवन को बहुत अधिक नहीं लिख पाए।कार्यक्रम का संचालन करते हुए सीता संवाद आध्यात्मिक एवं साहित्यिक यात्रा के निदेशक आग्नेय कुमार ने कहा सीता जन्मभूमि पंच तीर्थ दर्शन स्थल सर्वांगीण विकास संकल्पना पूर्ण होने तक धर्मजागरण जनजागरण अभियान अनवरत जारी रहेगा। सीता संवाद आध्यात्मिक एवं साहित्यिक यात्रा द्वारा यह आयोजन माता सीता को समर्पित किया गया। अध्यक्षता करते हुए विमल कुमार परिमल ने कहा सीता का जीवन चरित सर्वोत्तम है। आज बेटियों को सीता के जीवन से सीखना चाहिए। सीता के त्याग को जीवन में अपनाना चाहिए। सीता ने अवध और मिथिला दोनों कुल का नाम रौशन कर दी। पतिव्रत धर्म पालन करती हुई वन गमन की।दोबारा वनवास में रहकर लव कुश को स्वाभिमानी बनाई।सीता का सम्पूर्ण जीवन ही नारी के लिए आदर्श है। संरक्षक दिनेश चंद द्विवेदी ने सीता जन्मभूमि पर केंद्रीय विश्व विद्यालय स्थापना की मांग उठाई। वैदिक विश्वविद्यालय के माध्यम से चारो वेद की प्राचीन शिक्षा केंद्र को पुनः स्थापित करने पर बल दिए। कवि मुरली धर झा मधुकर ने पुष्प वाटिका प्रसंग और गिरिजा पूजन पर कविता सुनाई। कवि राम बाबू सिंह ने सीता की बहादुरी धनुष से खेलते बचपन का चित्रण किया।वही कवि सुरेश वर्मा ने सीता के त्याग को अपनी कविता में शब्दों में सुनाने का काम किए। कवि बच्चा प्रसाद विह्वल ने विदुषी गार्गी एवं सीता जी के बीच वार्ता का गायन किए।कवि जितेंद्र झा आजाद ने सीता स्वयंवर में सीता के दिव्य गुणों और जनक नंदिनी की सुंदरता का वर्णन किए। केंद्रीय विद्यालय सुतिहारा के संगीत शिक्षक संजय कुमार ने जानकी जन्मभूमि पुनौराधाम के विकास पर अपनी रचना प्रस्तुत किए। वही प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने बच्चों के बचपन में सादगी सत्यता आदर्श नैतिकता की बात को भरने की सिख दी। उषा शर्मा ने प्रकृति पूजन सुंदर स्वच्छ हरित सीतामढ़ी सीता जन्मभूमि की स्वच्छता पर विचार व्यक्त किए। कवि राम किशोर सिंह चकवा ने सीता मैया से कलियुग में पापियों से रक्षा की फरियाद किए। भूतपूर्व सैनिक संघ वेटरन्स इंडिया सीतामढ़ी के संयोजक अनिल कुमार ने सीता संवाद आध्यात्मिक एवं साहित्यिक के कार्यक्रम की सराहना की। साथ ही इसकी सफलता हेतु प्रार्थना किए। कार्यक्रम में डॉ प्रतिमा आनंद फ्रंट एज स्कूल के निदेशक अनुरंजना भारद्वाज, विक्की आदित्य सिंह, संत भूषण दास, मुकेश झा, बीरेंद्र यादव, उमेश सिंह, भारती देवी व चंदन कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

- कहा - माता सीता की भूमिका बाल्मीकि जी ने सर्वोच्च शक्ति के रूप में लिखा है

## संक्षिप्त समाचार

### शहर के 14 वार्डों में 16 जून को लगेगा सहयोग शिविर

**भागलपुर ।** नगर निगम की ओर से 16 जून को वार्ड 15 से 28 तक के नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए 14 स्थानों पर सहयोग शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर के माध्यम से लोग अपनी शिकायतें और समस्याएं दर्ज करा सकेंगे। नगर निगम के अनुसार शिविर नगर निगम गोदाम, पार्षद कार्यालय, ओल्ड बीएन कॉलेज किलाघाट, मदन लाल कन्या मध्य विद्यालय, गौशाला परिसर, लाजपत पार्क, गोनार लेन सामुदायिक भवन, आदमपुर दुर्गा मंदिर, श्यामसुंदर निकेतन विद्यालय, कटहलबाड़ी प्राथमिक विद्यालय, बड़ी खंजरपुर पीएचईडी कार्यालय के समीप, आनंदी लेन, मायागंज आरओओ कार्यालय तथा फेरी रोड बालक मध्य विद्यालय में लगाया जाएगा। शिविर में प्राप्त शिकायतों और समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया जाएगा।

### मोबाइल छीनने वाले युवक को पुलिस के हवाले किया

**भागलपुर ।** बरारी थाना क्षेत्र में टोटो चालक से मोबाइल छीनने के आरोप में एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। शनिवार दोपहर हुई घटना के बाद चालक और आसपास के लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। गिरफ्तार युवक की पहचान बड़ी खंजरपुर निवासी नीरज कुमार के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर बरारी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और उसे हिरासत में ले लिया। मामले में बरारी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार आरोपी को न्यायिक प्रक्रिया के तहत कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### रोहिणी नक्षत्र बीता बीज नहीं पहुंचा, किसानों में चिंता बढ़ी

**भागलपुर ।** रोहिणी नक्षत्र प्रवेश के साथ जिले में धान की खेती की तैयारी शुरू हो जाती है, लेकिन इस वर्ष किसानों को शुरुआती दौर में ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आठ जून को ही रोहिणी नक्षत्र समाप्त हो गया और मृगशिरा चल रहा है, लेकिन अब तक मुख्यालय से भागलपुर जिला में धान का बीज नहीं पहुंच पाया है। वहीं पर्याप्त बारिश नहीं होने और नहरों में पानी नहीं आने से किसान समय पर धान बीज बुआई को लेकर चिंतित हैं। किसानों का कहना है कि जून के पहले से तीसरे सप्ताह तक लाल सीता, सरना समेत देसी धान की किस्मों की बुआई का उपयुक्त समय माना जाता है। यदि इस अवधि में बीज उपलब्ध नहीं हुआ तो किसान इन किस्मों की खेती से वंचित हो सकते हैं। धान उत्पादक किसान अनिमेष कुमार ने बताया कि मौसम की प्रतिकूल स्थिति के कारण इस बार बुआई पहले से ही विलंब हो रही है। किसानों के अनुसार जून के अंतिम सप्ताह से जुलाई के दूसरे सप्ताह तक हाइब्रिड धान की बुआई की जाती है। यदि समय पर बारिश नहीं हुई व बीज उपलब्ध नहीं कराया गया तो इसका सीधा असर उत्पादन पर पड़ेगा। दूसरी ओर कहलगांव क्षेत्र की नहरों में भी अब तक पानी नहीं पहुंचा है।कृषि विभाग के आंकड़ों के अनुसार जिले में करीब 52,635 हेक्टेयर क्षेत्र में धान की खेती होती है। किसानों का कहना है कि अगर धान की बुआई देर से होगी तो इसका असर खरीफ फसलों पर भी पड़ेगा। क्योंकि देर से बुआई होने पर धाम का उत्पादन भी देर से होगी। इसलिए फिर खरीफ फसल बीज की बुआई में भी देरी होगी। किसान बताते हैं कि इस बार मानसून शुरू के बाद 20 या 21 जून को धान बीज की बुआई करेंगे। 21 से 22 दिन में बिचड़ा तैयार हो जाता है। इसके बाद खेत तैयार कर खेतों में बिचड़ा की बुआई का काम करते हैं। मुख्यालय से अब तक धान बीज उपलब्ध नहीं कराया गया है। कब तक बीज उपलब्ध होगा, इसके बारे में अब तक कोई सूचना नहीं मिला है। जल्द ही बीज आने की संभावना है। बीज आने के बाद ही किसानों के बीच धान बीज का वितरण शुरू होगा। - प्रेम शंकर प्रसाद, जिला कृषि पदाधिकारी, भागलपुर

### सांवरिया सेवा ट्रस्ट का वार्षिक महोत्सव आज

**भागलपुर ।** सांवरिया सेवा ट्रस्ट का पांचवां वार्षिक महोत्सव रविवार को देवी बाबू धर्मशाला के प्रशाल में आयोजित होगा। संस्था अध्यक्ष राजीव गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम में कोलकाता सहित विभिन्न स्थानों से आए कलाकार भजन-कीर्तन प्रस्तुत करेंगे। इस दौरान खाटू श्याम के भजनों से श्रद्धालु भक्तिमय माहौल का आनंद लेंगे। महोत्सव के अंतर्गत श्याम निशान पालकी के साथ निशान शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। यात्रा गोशाला से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचेगी। आयुष केजरीवाल ने बताया कि निशान यात्रा में 151 श्रद्धालु बाबा का निशान लेकर शामिल होंगे। आयोजकों के अनुसार संगीत, भजन-कीर्तन और शोभायात्रा के माध्यम से पूरे दिन भक्तिमय वातावरण बनाने का प्रयास किया जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं को सामूहिक भक्ति और सेवा का अनुभव मिल सके। आयोजन की तैयारी में संयोजक पंकज कानोडिया, अध्यक्ष राजीव गर्ग, महासचिव नीरज कुमार, आयुष केजरीवाल, अतिशय जैन, प्रदीप शिनानीवाला, नरेश खेमका, बुलबुल खेमका, सिंपल साह, रूबी बाजोरिया, विकास गुप्ता, निकिता शर्मा, शालू खेमका, रिंकू सरावगी, शालिनी सिंह, सरिता गर्ग आदि लगे हैं।

### टीएमबीयू के पेंशनरों का फरवरी का भुगतान फंसा

**भागलपुर ।** भागलपुर मार्च से मई तक की बकाया पेंशन का भुगतान होने के बावजूद टीएमबीयू के पेंशनरों को फरवरी माह की पेंशन अब तक नहीं मिल सकी है। पेंशनरों को उम्मीद थी कि सरकार बकाया पेंशन जारी करेगी तो फरवरी का भुगतान भी साथ में हो जाएगा, लेकिन वित्त विभाग की ओर से जारी हालिया पत्र में केवल मार्च से मई तक की पेंशन भुगतान का उल्लेख किया गया है। इससे फरवरी की पेंशन को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। मार्च से मई तक की राशि जारी होने के बाद भी टीएमबीयू पेंशनरों का एक माह तथा विश्वविद्यालय का तीन माह का बैकलॉग बना हुआ है। विश्वविद्यालय ने पूर्व में दो माह की पेंशन अपने आंतरिक स्रोत से भुगतान की थी। टीएमबीयू पेंशनर संघर्ष मंच के संयोजक डॉ. पवन कुमार सिंह ने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष में उपयोगिता प्रमाण पत्र में गड़बड़ी के कारण विश्वविद्यालय को पेंशन मद में नवंबर तक का ही अनुदान मिला था।

### आकाश अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट लीग से जुड़े

**भागलपुर |** नवगछिया के नगरह नवटोलिया निवासी आकाश कुमार अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रो-एम बिग क्रिकेट लीग (बीसीएल) की टीम नॉर्दर्न चैलेंजर्स से जुड़ गए हैं। वे टीम में खिलाड़ी के साथ-साथ क्रिकेट ऑपरेशंस और टीम मैनेजमेंट की जिम्मेदारियां भी निभा रहे हैं। आकाश वर्ष 2022 में आईपीएल फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स के रिजर्व खिलाड़ी के रूप में चयनित हुए थे। इसके बाद उन्होंने विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी पहचान बनाई। इससे पहले वे एमसीएल में गोवा थंडर्स टीम का भी हिस्सा रह चुके हैं। भागलपुर क्रिकेट लीग में भी आकाश ने त्रिलोकीनाथ टाइगर्स टीम के प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अधिवक्ता भोला कुमार मंडल, राजेंद्र कुमार, रविरंजन कुमार, पिंटू कुमार सिंह, धर्मेंद्र, आयुष, अंकित समेत कई लोगों ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।


### जिले में 350 साल पुरानी पांडुलिपि मिली

**बेगूसराय ।** बेगूसराय की सांस्कृतिक और बौद्धिक विरासत को नया आयाम देने वाली एक महत्वपूर्ण खोज सामने आई है। ज्ञान भारतम मिशन के तहत चल रहे पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान में जिले से करीब 350 वर्ष पुरानी हस्तलिखित अरबी पांडुलिपि "तिरमिज़ी शरीफ" की पहचान हुई है। यह दुर्लभ पांडुलिपि बरौनी-3 स्थित मौलाना इसहाक उर्दू लाइब्रेरी में सुरक्षित मिली है। अब इसे ज्ञान भारतम पोर्टल पर सूचीबद्ध किया जा रहा है। वैज्ञानिक संरक्षण और डिजिटलीकरण की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है। यह खोज केवल एक पुरानी पुस्तक मिलने की घटना नहीं है। यह बेगूसराय की उस विरासत का प्रमाण है, जो पीढ़ियों से घरों और निजी पुस्तकालयों में सुरक्षित रही। यह अब तक शोध और दस्तावेजीकरण की मुख्यधारा से दूर थी। 5 पीढ़ियों ने संभालकर रखी विरासत सर्वेक्षण के दौरान मिली जानकारी के अनुसार यह पांडुलिपि सैय्यद अख्तर हुसैन के संरक्षण में सुरक्षित है।

# ए आई से लड़कियों की न्यूड फोटोज बनाने वाला गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बेगूसराय ।** बेगूसराय साइबर थाना पुलिस ने पटना से एक शातिर युवक को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि शातिर लड़कियों के फेसबुक और इंस्टाग्राम प्रोफाइल से साधारण तस्वीरें सेव कर लेता था। इसके बाद AI की मदद से लड़कियों की न्यूड तस्वीरें बना लेता था। इन न्यूड तस्वीरों के जरिए लड़कियों और उनके परिजन को ब्लैकमेल कर पैसे ऐंठता था। बेगूसराय की एक पीड़िता की मां ने इस मामले में साइबर थाना में शिकायत की थी। शिकायत के बाद नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (NCRP) पर कंप्लेन दर्ज की गई। आरोपी की पहचान 20 साल के कुमार सांकृत के रूप में हुई है, जो पटना के खांजेकल वार्ड नंबर 68 के रहने वाले संजय कुमार का बेटा है। बेगूसराय की साइबर थाना ने तकनीकी पड़ताल के जरिए आरोपी को पटना के खांजेकला स्थित उसके घर से रविवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने कितनी लड़कियों से वसूली की, ये बात आरोपी ने पूछताछ में नहीं बताई है। सोमवार को बैंक स्टेटमेंट निकालने के बाद इसका खुलासा होगा। अभी तक की पूछताछ



में आरोपी का कहना है कि उद्देश्य पैसा वसूली नहीं, बल्कि रिलेशन बनाना था।

**मोबाइल की गैलरी में मिली 200 से अधिक लड़कियों की न्यूड तस्वीर** : साइबर डीएसपी इमरान अहमद ने बताया कि पुलिस ने जब गिरफ्तार आरोपी कुमार सांकृत के मोबाइल को जब्त कर उसकी गैलरी खंगाली तो 200 से अधिक नाबालिग लड़कियों की एआई-जनरेटेड न्यूड तस्वीरें और वीडियो मिले हैं। आरोपी के मोबाइल में कई व्हाट्सएप ग्रुप्स भी मिले हैं। आरोपी इन ग्रुप्स में लड़कियों की न्यूड तस्वीरें शेयर करता था। पुलिस अब इन ग्रुप्स से जुड़े अन्य सदस्यों की भी कुंडली खंगाल रही है। जांच में ये भी सामने आया है कि आरोपी ने बेगूसराय की पीड़िता को डरा-धमकाकर अब तक करीब 20 हजार रुपए की जबरन वसूली (Extortion) कर ली थी। शातिर ने ब्लैकमेलिंग के पैसों को ट्रांसफर करवाने के लिए जिस बैंक अकाउंट का इस्तेमाल किया, वो भी उसी के नाम पर है।

**BNS, IT एक्ट और POCSO के तहत मामला दर्ज** : साइबर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बेहद कड़े कानूनों के तहत मामला दर्ज किया है। थाना कांड संख्या- 40/26 के तहत दर्ज इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (BNS), आईटी एक्ट और पोक्सो अधिनियम की निम्नलिखित धाराएं लगाई गई है। महिला की गरिमा और शील भंग करने से जुड़ी BNS की धारा- 77, 78, 79 लगाया है। इसके साथ ही धोखाधड़ी और जालसाजी से संबंधित 318 (4), 319 (2) तथा वसूली/ब्लैकमेलिंग की धारा-308 (2) लगाई गई है। इसके साथ ही IT एक्ट की धारा- 66, 66 (D) (कंप्यूटर रिसोर्स का उपयोग कर धोखाधड़ी) और 67 (B) (इंटरनेट पर बच्चों से संबंधित अश्लील सामग्री फैलाना) के साथ POCSO एक्ट की धारा- 12 और 15 (नाबालिगों के खिलाफ यौन अपराध) लगाया गया है।

## उमस भरी गर्मी से लोग परेशान



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर ।** भागलपुर में उमस भरी गर्मी से लोग परेशान हैं। अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के पार है। जिले में रविवार सुबह आसमान में बादल छाए रहे। मौसम विभाग के अनुसार दोपहर बाद बादलों की सक्रियता बढ़ने की संभावना है, जिससे कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. आर. के. गिरी ने बताया कि बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी युक्त हवाओं के कारण पूर्वी बिहार के कई जिलों में मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। भागलपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में शाम के समय बादल घिर सकते हैं और कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। लोगों को गरज-चमक के दौरान खुले स्थानों में नहीं रहने और सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने की सलाह दी है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार जिले में आर्द्रता का स्तर 70 से 80 प्रतिशत के बीच रहने की संभावना है। इसके कारण तापमान सामान्य रहने के बावजूद लोगों को अधिक गर्मी महसूस हो सकती है। हवा की गति 15 से 25 किलोमीटर प्रति घंटे तक रहने का अनुमान है। आईएमडी ने बिहार के कई जिलों के लिए आंधी और वज्रपात को लेकर सतर्कता बरतने की सलाह जारी की है। पूर्वी बिहार के कुछ इलाकों में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना जताई गई है। ऐसे में किसानों और आम जनता को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

## साल में 2 बार ब्लड डोनेट करने की अपील

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बेगूसराय ।** विश्व रक्तदाता दिवस पर आज SBSS कॉलेज में मानवता की सेवा की मिसाल देखने को मिली। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई की ओर से कॉलेज परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कॉलेज के प्रोफेसर से लेकर एनएसएस स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। प्राचार्य डॉ. अवधेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित शिविर का नेतृत्व एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अजय कुमार सिंह ने किया। डॉ. अजय कुमार सिंह ने युवाओं को प्रेरित करते हुए साल में कम से कम 2 बार नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवाओं का यह छोटा सा प्रयास समाज में एक बड़ा बदलाव ला सकता है। शिविर की खास बात यह रही कि केवल छात्रों ने ही नहीं, बल्कि खुद शिक्षकों ने भी रक्तदान कर मिसाल पेश की। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अजय कुमार सिंह ने खुद सबसे पहले रक्तदान कर युवाओं का उत्साह दोगुना कर दिया।

**युवाओं का बढ़ाया हौसला** : शिविर का उद्घाटन करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अवधेश कुमार सिंह ने युवाओं का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है। हमारे ओर से दिया गया रक्त का एक



कतरा भी किसी बेबस मरीज को नया जीवन दे सकता है। युवाओं को इस तरह के सामाजिक कार्यों में हमेशा आगे रहना चाहिए। जिससे समय पर खून नहीं मिलने के कारण किसी की जान न जाए।

**ऐसे कार्यक्रम आगे भी होते रहेंगे** : इसके बाद समीर कुमार, दिलखुश कुमार, नीतीश कुमार, प्रिंस कुमार, हिटलर कुमार, मोहित कुमार और अन्य ने रक्तदान किया। इन सभी रक्तदाताओं को कॉलेज प्रशासन की ओर से धन्यवाद दिया गया। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में कॉलेज के अन्य स्टाफ और एनएसएस की टीम ने पूरी टीम तत्पर थी। मौके पर डॉ. अरुणी, लेखापाल धीरज कुमार, एनएसएस स्वयंसेवक सोनम कुमारी, सचिन, राहुल सहित अन्य सक्रिय भूमिका में थे।

## सीसीटीवी की निगरानी में सिपाही भर्ती परीक्षा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर ।** भागलपुर में 25 केंद्रों पर सिपाही भर्ती परीक्षा का आयोजन हो रहा है। प्रथम पाली की परीक्षा खत्म हो गई है। जबकि दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। सुबह से ही सेंटर्स पर अभ्यर्थियों की लंबी कतारें देखने को मिली। जिला स्कूल, मारवाड़ी पाठशाला समेत प्रमुख केंद्रों पर परीक्षार्थियों की भारी भीड़ रही। परीक्षा शुरू होने से काफी पहले ही अभ्यर्थियों का केंद्रों पर पहुंचना शुरू हो गया था। प्रवेश द्वार पर सघन जांच के बाद ही उन्हें अंदर जाने की अनुमति दी गई। प्रत्येक अभ्यर्थी की पहचान पत्र की जांच की गई। साथ ही जूते-चप्पल उतरवाकर और मेटल डिटेक्टर से तलाशी ली गई। कई केंद्रों पर अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति भी दर्ज कराई गई।

**पुलिसबल की तैनाती** : कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन के लिए सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे और जैमर लगाए गए हैं। परीक्षा प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जा रही है, ताकि किसी प्रकार की अनियमितता पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। केंद्रों के अंदर और बाहर पुलिस बल की तैनाती की गई है। इसके अलावा स्टैटिक दंडाधिकारी, जोनल दंडाधिकारी और उड़नदस्ता दल लगातार केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। जिला स्कूल केंद्र



पर सुबह से ही बड़ी संख्या में अभ्यर्थी पहुंचे, जिससे आसपास के क्षेत्र में काफी चहल-पहल रही। मारवाड़ी पाठशाला केंद्र पर भी अभ्यर्थियों की लंबी कतारें लगी रही। अभ्यर्थियों के साथ आए परिजन केंद्र के बाहर परीक्षा शुरू होने तक इंतजार करते नजर आए।

भीड़ को नियंत्रित करने और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मी लगातार सक्रिय रहे। जिलाधिकारी ने परीक्षा संचालन से जुड़े सभी अधिकारियों को बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है।उन्होंने कहा है कि परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश व्यवस्था, पहचान सत्यापन, बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा जांच, सीसीटीवी निगरानी, जैमर की कार्यशीलता, चिकित्सा सुविधा, पेयजल और निर्बाध बिजली आपूर्ति पर विशेष नजर रखी जाए। प्रशासन ने परीक्षा केंद्रों के आसपास विशेष निगरानी की व्यवस्था की है।

## 4 नए डिग्री कॉलेजों में एडमिशन शुरू

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बांका ।** बांका जिले में उच्च शिक्षा के विस्तार के लिए चार नए राजकीय डिग्री कॉलेजों की स्थापना की गई है। इन महाविद्यालयों के खुलने से ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को घर के पास ही स्नातक स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकेगी। इससे उन्हें उच्च शिक्षा के लिए दूसरे जिलों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी। स्थापित किए गए नए महाविद्यालयों में राजकीय डिग्री कॉलेज अमरपुर, बेलहर, फुल्लीडुमर और बाराहाट शामिल हैं। इनमें सत्र 2026-30 के लिए स्नातक प्रथम सेमेस्टर (बी.ए.) में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है।

**संबंधित महाविद्यालय में नामांकन कराना होगा** : पहले चरण में चयनित अभ्यर्थियों को 14 जून 2026 तक संबंधित महाविद्यालय में नामांकन कराना होगा। रिक्त सीटों के लिए जल्द ही दूसरे चरण की नामांकन प्रक्रिया शुरू की जाएगी। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, बी.ए. पाठ्यक्रम में हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र और समाजशास्त्र विषयों में नामांकन होगा। इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन के आधार पर मेरिट सूची** : केवल इंटरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं ही आवेदन के पात्र होंगे। आवेदन के आधार पर मेरिट सूची जारी की जाएगी और चयनित अभ्यर्थियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर नामांकन कराना होगा। नामांकन के समय इंटरमीडिएट अंकपत्र, प्रवेश-पत्र, विद्यालय परित्याग प्रमाण-पत्र, चरित्र प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड और पासपोर्ट आकार के फोटो सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा।

## सीमांचल एक्सप्रेस 7 घंटे देरी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**अररिया ।** अररिया में केंद्रीय चयन पर्षद द्वारा आयोजित सिपाही भर्ती लिखित परीक्षा के दौरान जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन अलर्ट पर रहा। जिले के 19 केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई। इस दौरान सीमांचल एक्सप्रेस के 7 घंटे देरी से पहुंचने के कारण कई अभ्यर्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के जिले में पहुंचने को देखते हुए सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए गए थे। अररिया कोर्ट रेलवे स्टेशन, अररिया आरएस रेलवे स्टेशन और प्रमुख बस स्टैंडों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए थे। जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने स्वयं विभिन्न स्थानों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात संचालन और अभ्यर्थियों की सुविधाओं का जायजा लिया। इसी बीच, अररिया कोर्ट रेलवे स्टेशन पर सीमांचल एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से लगभग 7 घंटे विलंब से पहुंची। ट्रेन की देरी के कारण सिपाही भर्ती परीक्षा में शामिल होने आए कई अभ्यर्थियों को भारी असुविधा हुई।

**परीक्षा केंद्र पहुंचने की चिंता में जल्दबाजी करते दिखे** : ट्रेन पहुंचते ही अभ्यर्थी समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने की चिंता में जल्दबाजी करते दिखे। कई अभ्यर्थी परीक्षा छूट जाने की आशंका के बीच सीधे स्टेशन से अपने-अपने परीक्षा केंद्रों की ओर दौड़ पड़े। हालांकि, मौके पर मौजूद पुलिस प्रशासन ने इन अभ्यर्थियों को मार्गदर्शन दिया और उन्हें शीघ्र परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने में सहयोग किया। जिले में सिपाही भर्ती परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्था पूरी तरह सक्रिय रही और लगातार निगरानी की गई।

Format C-2

(For political party to publish in website, newspaper, TV)

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

***(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.***

Name of Political Party : Rashtriya Janata Dal

*Name of the Election : Bihar Legislative Council

Name of State/UT : Bihar

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | **Maximum Punishment Imposed** |
| 1. | **Bihar Legislative Assembly** | **Dr. Sunil Kumar Singh** | MP/MLA Court Sub Judge-1, FIR Case No.- 2326/2025, Dated- 13-11-2025, under Cyber Thana | Under Section- 174/353/352 and 123(4) /125 Act-66, Hate Speech & Violation of Model Code of Conduct. | NA | NA | NA |
| 2. | **Bihar Legislative Assembly** | **Dr. Sunil Kumar Singh** | ACJM-13, Patna Civil Court, FIR Case No.- 305/2025, Dated- 01-06-2025 Under Gardanibag Thana | Under Section- 316(2)318(4) 319(2), Breach of Trust and Cheating | NA | NA | NA |
| 3. | **Bihar Legislative Assembly** | **Dr. Sunil Kumar Singh** | 91-ACJM-1, Special Court MP/ MLA,Patna, Economic Offence P.S. Case No.- 8/2018, Patna | U/s 409, 34 & 120B IPC, Against Organisation for PF Amount. | NA | NA | NA |
| 4. | **Bihar Legislative Assembly** | **Dr. Sunil Kumar Singh** | J.M. 1st, Saran, Bihar,Complaint Case No.- 3200/2012 Saran | U/s 147,148,323, 379 & 149 IPC, Causing Hurt | NA | NA | NA |
| 5. | **Bihar Legislative Assembly** | **Dr. Sunil Kumar Singh** | 1-Principal District & Sessions Judge Patna, Gandhi Maidan P.S. Case No. - 366/2012, Patna | U/s 406,420 IPC, Cheating | NA | NA | NA |
| 6. | **Bihar Legislative Assembly** | **Dr. Sunil Kumar Singh** | Principal District & Sessions Judge Patna, Gandhi Maidan P.S. Case No.- 367/2012, Patna, Bihar | U/s 406, 420 IPC, Cheating | NA | NA | NA |
| 7. | **Bihar Legislative Assembly** | **Dr. Sunil Kumar Singh** | CJM, Saran, Nayagaon P.S. Case No.- 22/2004, Saran | U/s 147,148,149, 307,114, 326 IPC & 27 Arms Act., Attempt to Murder | NA | NA | NA |
| 8. | **Bihar Legislative Assembly** | **Dr. Sunil Kumar Singh** | JM Railway, Patna, R.P.U.P. Act. 28/2001 Patna Railway. | U/s 3, R.P.U.P Act. 28/2001 Patna | NA | NA | NA |

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### आईएमए परेड की कमान संभाला जगदीशपुर प्रिंस

**आरा ।** जगदीशपुर प्रखंड के बिमवां गांव के प्रिंस राज ने इंडियन मिलिट्री एकेडमी (आईएमए) की पासिंग आउट परेड में बेहतर प्रदर्शन कर भोजपुर जिले का शान बढ़ाया है। बताया जाता है कि उत्तराखंड के देहरादून में आईएमए में आयोजित 158 वें रेगुलर कोर्स व 141 वें टेक्निकल ग्रेजुएट कोर्स की पासिंग आउट परेड में प्रिंस राज को परेड कमांडर की जिम्मेदारी मिली थी। परेड का निरीक्षण राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया। परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रिंस राज को राष्ट्रपति के हाथों सिल्वर मेडल भी प्रदान किया गया। प्रिंस राज बिमवां गांव निवासी हरेराम सिंह और सुनीता देवी के पुत्र हैं। उन्होंने सैनिक स्कूल कपूरथला (पंजाब) से अपनी स्कूली शिक्षा प्राप्त की है। उनकी इस उपलब्धि की खबर मिलते ही गांव और आसपास के इलाके में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने इसे पूरे भोजपुर जिले के लिए गर्व की बात बताया है। पुर्व विधायक भाई दिनेश ने प्रिंस राज और उनके परिवार को बधाई दी है।

### राजस्व कर्मचारी को जान से मारने की धमकी, केस दर्ज

**आरा ।** सदर अंचल कार्यालय के कर्मचारी विष्णुदेव सिंह पर शुक्रवार की रात 7 बजे के आसपास कार्यालय में नकाब पोस आरोपियों ने जाकर हंगामा करने लगे। आरोपियों का कहना था कि यदि हमलोगों का काम नहीं होगा तो वाली मार देंगे । कार्यालय में और अन्य कर्मी भी घटना के समय मौजूद थे। किसी तरह मामला को शांत कराया गया। जिसके बाद आरोपियों ने हथियार लहराते हुए चल दिए। घटना के बाद कर्मचारी विष्णुदेव सिंह ने नवादा थाना में आवेदन देकर तीन नामजद सहित 5 अज्ञात पर एफआईआर दर्ज कराया है। आवेदन में पीड़ित के द्वारा लिखा गया है कि घटना में शामिल सभी आरोपी भू माफिया है और दबाव में हमसे गलत काम करवाना चाहते है। सभी लोग पूर्व से अपराधी प्रवृति के है। इन लोगों से मै भयभीत हुए। अगर भविष्य में मेरे साथ किसी भी प्रकार की अनहोनी होती है तो इसका जिम्मेवार यही लोग होंगे। नवादा थाना के थानाध्यक्ष विपिन बिहारी ने बताया कि एफआईआर किया गया है।

### भारी वाहनों पर सुबह 4 से 10 बजे तक रोक

**बक्सर ।** केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा आयोजित सिपाही एवं कक्षपाल भर्ती परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारी की है। 14 जून एवं 17 जून 2026 को होने वाली परीक्षा के मद्देनजर एसडीएम अविनाश कुमार और एसडीपीओ गौरव पांडेय ने संयुक्त आदेश जारी कर विशेष यातायात व्यवस्था लागू की है। प्रशासन के अनुसार बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के रेलवे मार्ग से आने की संभावना को देखते हुए रेलवे स्टेशन, रेलवे ओवरब्रिज और प्रमुख मार्गों पर विशेष व्यवस्था की गई है। रेलवे स्टेशन पर उतरने वाले अभ्यर्थियों को उनके परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने के लिए मार्गदर्शन की व्यवस्था की जाएगी। रेलवे लाइन के उत्तर एवं दक्षिण दिशा में स्थित परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने के लिए अलग-अलग मार्ग निर्धारित किए गए हैं। नवनिर्मित रेलवे ओवरब्रिज के बीम निर्माण कार्य के कारण कुछ मार्गों पर आवागमन प्रभावित है। इसे देखते हुए इटाढ़ी रोड जाने वाले वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किया गया है। बक्सर नगर से इटाढ़ी जाने वाले वाहन अंबेडकर चौक, पाण्डेयपट्टी रेलवे गुमटी, अरसमिनी माता मंदिर और डीएवी सीनियर विंग स्कूल होते हुए अपने गंतव्य तक पहुंचेंगे। वापसी मार्ग पर एकतरफा यातायात व्यवस्था लागू रहेगी। रेलवे स्टेशन पर उतरने वाले अभ्यर्थियों को चिनी मिल रेलवे गुमटी के समीप स्थित पैदल ओवरब्रिज का उपयोग करने की सलाह दी गई है। वहां से ई-रिक्शा, टेंपू तथा अन्य छोटे वाहनों की सहायता से परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने की व्यवस्था रहेगी। प्रशासन ने इस मार्ग को अभ्यर्थियों के लिए सबसे सुविधाजनक बताया है। परीक्षा के दोनों दिनों में सुबह 4 बजे से रात 10 बजे तक बक्सर नगर क्षेत्र में भारी वाहनों, ट्रैक्टरों और पिकअप वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी। इस दौरान केवल आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहनों को ही अनुमति दी जाएगी। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए प्रमुख चौक-चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। रेलवे स्टेशन, चिनी मिल रेलवे गुमटी सहित प्रमुख स्थलों पर सहायता केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

### डुमरांव विधायक पर अभद्र टिप्पणी, एफआईआर दर्ज

**बक्सर ।** सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी का आरोप लगाते हुए डुमरांव निवासी एवं स्थानीय विधायक राहुल कुमार सिंह के सहयोगी मोनू कुमार सिंह ने नावाडेरा निवासी सुरेंद्र कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोप है कि सुरेंद्र कुमार ने 11 जून को फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विधायक के विरुद्ध अभद्र, अपमानजनक और आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया। मोनू कुमार सिंह ने अपने आवेदन में कहा है कि संबंधित पोस्ट जानबूझकर विधायक की छवि को धूमिल करने और समाज में वैमनस्य एवं अशांति फैलाने के उद्देश्य से की गई है। विधायक सहयोगी ने इसे गंभीर मामला बताते हुए कहा कि इस तरह की भाषा न केवल जनप्रतिनिधि के सम्मान को ठेस पहुंचाती है, बल्कि सामाजिक सौहार्द को भी प्रभावित करती है। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि उक्त पोस्ट का स्क्रीनशॉट साक्ष्य के रूप में उपलब्ध है, जिसे पुलिस को सौंप दिया गया है। नया भोजपुर पुलिस ने मोनू कुमार सिंह के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है। थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### पिस्टल और गोली के साथ युवक व तीन नाबालिग धराए

**बक्सर।** औद्योगिक थाना की पुलिस ने चुरामनपुर के पास एक देसी पिस्टल और एक गोली के साथ एक युवक व तीन नाबालिग को पकड़ा। सभी हथियार के खरीद -बिक्री के लिए जुटे हुए थे। औद्योगिक थाना पुलिस के मुताबिक चुरामनपुर के पास आरा-बक्सर फोरलेन से कुछ दूर उत्तर एक पेड़ के नीचे ये लोग पिस्टल बेचने के लिए इकट्ठा हुए थे। इस मामले में तीन नाबालिग लड़कों के अलावा अहिरौली निवासी अजीत यादव को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अजीत ने ही उन्हें बेचने के लिए पिस्टल दिया था। प्रभारी थानाध्यक्ष मधुबाला भारती ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई थी। छापेमारी के दौरान पकड़े गए सभी आरोपितों को कोर्ट में प्रस्तुत किया गया।

### पूर्व मुखिया के बेटे की मौत

**आरा ।** भोजपुर में बखोरापुर पंचायत के पूर्व मुखिया योगेंद्र सिंह के पुत्र को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान हाजीपुर गांव वार्ड नंबर-10 निवासी योगेंद्र सिंह के पुत्र राज सिंह उर्फ टिंकू सिंह(32) के तौर पर हुई है। घटना बड़हरा थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक टिंकू पेशे से डिलीवरी बॉय था। आईआरसीटीसी के जोमैटो में प्राइवेट से डिलीवरी बॉय का काम करता था। परिजनों ने बताया कि शनिवार देर शाम गांव से आरा स्टेशन पर अपनी ड्यूटी पर जा रहा था। इस दौरान हाजीपुर गांव स्थित छोटकी पुल के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक चार भाई-बहन में तीसरे स्थान पर था। परिवार में पत्नी रुचि देवी और दो पुत्र ऋषभ, रिदम है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। पत्नी रुचि देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### 15 तक रेलवे क्रॉसिंग बहाल करने की मांग

**बक्सर ।** शहर में यातायात व्यवस्था को प्रभावित कर रही इटाढ़ी गुमटी की बंदी को लेकर शुक्रवार को सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने की। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और प्रबुद्ध नागरिकों ने भाग लेते हुए रेलवे प्रशासन एवं जिला प्रशासन से अविलंब गुमटी का परिचालन शुरू कराने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी गई कि 15 जून तक गुमटी नहीं खोली गई तो व्यापक जनआंदोलन शुरू किया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने कहा कि इटाढ़ी गुमटी के बंद रहने से आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# 7 माह में दूसरी बार एटीएम से चोरी, 10 लाख लेकर फरार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर ।** बक्सर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत चौसा यादव मोड़ पर शनिवार देर रात अपराधियों ने बैंक ऑफ इंडिया के एक एटीएम को गैस कटर से काटकर लाखों रुपए चुरा लिए। यह घटना मुफस्सिल थाना से महज 200 मीटर की दूरी पर हुई, जिससे पुलिस व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। चोर पूरी तैयारी के साथ आए थे। उन्होंने सबसे पहले एटीएम के अंदर और बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों पर स्प्रे कर दिया ताकि उनकी पहचान न हो सके। इसके बाद गैस कटर का उपयोग कर मशीन को काटा गया और कैश बॉक्स से लाखों रुपए निकाल लिए गए। हालांकि, एटीएम में मौजूद नकदी का सही आकलन अभी किया जा रहा है, लेकिन अनुमान है कि यह राशि 10 लाख रुपए से अधिक थी।

**पुलिस ने ATM किया सील :** घटना की सूचना मिलने के बाद मुफस्सिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक अपराधी फरार हो चुके थे। पुलिस ने एटीएम को तत्काल सील कर दिया है और वैज्ञानिक जांच के लिए एफएसएल टीम को



बुलाया गया है। घटनास्थल से अपराधियों की एक चादर बरामद हुई है, जिसे पुलिस एक महत्वपूर्ण सुराग मान रही है। यह किसी पेशेवर गिरोह का काम माना जा रहा है। मुफस्सिल थाना अध्यक्ष शंभू भगत ने बताया कि बैंक से सूचना मिलने के बाद पुलिस पहुंची थी, लेकिन अपराधी पहले ही भाग निकले थे। उन्होंने कहा कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और मामले की जांच जारी है।

**मशीन काटकर चुराए 30 लाख :** गौरतलब है कि चौसा में एटीएम चोरी की यह दूसरी बड़ी घटना है। इससे पहले 30 नवंबर 2025 की रात चौसा इलाके में स्थित एसबीआई के एटीएम को भी अपराधियों ने इसी तरीके से निशाना बनाया था। उस घटना में चोरों ने गैस कटर से मशीन काटकर करीब 30 लाख रुपए चुराए थे। दोनों ही घटनाएं शनिवार की रात को हुई हैं। हैरानी की बात यह है कि उस एसबीआई एटीएम चोरी कांड को सात महीने से अधिक समय बीत जाने के बावजूद पुलिस अब तक उसका खुलासा नहीं कर सकी है। ऐसे में चौसा में दोबारा उसी तरह की वारदात ने पुलिस की कार्यशैली और इलाके की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब थाना के इतने नजदीक अपराधी लगातार एटीएम काटकर लाखों की चोरी कर रहे हैं और पुलिस पुराने मामले का भी खुलासा नहीं कर पा रही, तो आम लोगों की सुरक्षा भगवान भरोसे ही है। अब देखने वाली बात होगी कि इस बार पुलिस अपराधियों तक पहुंच पाती है या यह मामला भी पुराने एसबीआई कांड की तरह फाइलों में दबकर रह जाएगा।

## एसडी. मेमोरियल कप सीजन-3 टूर्नामेंट वॉरियर्स ने बुका हंटर वुल्फ रेड को हराया




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा ।** वीर कुंवर सिंह स्टेडियम, रमना मैदान में रविवार को बिहार टी-10 टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में स्वर्गीय सुनीता देवी की पुण्यतिथि पर एसडी. मेमोरियल कप सीजन-3 क्रिकेट टूर्नामेंट खेला गया। उद्घाटन स्वर्गीय सुनीता देवी एवं स्वर्गीय प्रेम पंकज उर्फ ललन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। टूर्नामेंट के महिला वर्ग के मुकाबले में बुका ब्लू ने बुका रेड को हराया। इंडिया टी-10 वॉरियर्स ने बुका हंटर वुल्फ रेड को पराजित किया। यूवी-11 ने सीएसके को एवं व्यवसायी संघ ने पत्रकार संघ को हराया। इस अवसर पर एसोसिएशन के सचिव राहुल सरकार, अध्यक्ष डॉ. विकास कुमार, चेयरमैन आलोक अंजन, भोजपुर अध्यक्ष डॉ. विजय गुप्ता, समीर कुमार, डीपीएस इंटरनेशनल के निदेशक अंकुर आनंद, पंकज कुमार एवं अविनाश सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। चेयरमैन आलोक अंजन ने कहा कि क्रिकेट युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित करता है। डॉ. विकास कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजन नई प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मंच प्रदान करते हैं। अंपायर की जिम्मेदारी जीतू, राजू और अमित श्रीवास्तव ने निभाई। समापन पर विजेता टीमों एवं उत्कृष्ट खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सचिव राहुल सरकार ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## राजस्व कर्मचारी को जान से मारने की धमकी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा ।** भोजपुर जिला मुख्यालय स्थित अंचल कार्यालय में कार्यरत राजस्व कर्मचारी के साथ गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित कर्मचारी ने नवादा थाना में लिखित आवेदन देकर तीन नामजद समेत आठ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार बहुआरा गांव निवासी विष्णु देव सिंह वर्तमान में अंचल कार्यालय आरा सदर में राजस्व कर्मचारी एवं प्रभारी अंचल निरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने अपने आवेदन में बताया है कि घटना वाले दिन मौलाबाग क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने से संबंधित सरकारी कार्य में लगे हुए थे। शाम करीब साढ़े पांच बजे कार्यालय लौटने के बाद अन्य कर्मचारियों के साथ लंबित कार्यों के निष्पादन में जुटे थे। आवेदन के अनुसार शाम करीब साढ़े छह बजे अर्पित कुमार ने उनके मोबाइल नंबर पर फोन कर किसी कार्य को लेकर दबाव बनाया। इस दौरान उसने कहा कि अगर उसका और उसके साथियों का काम नहीं हुआ तो परिणाम भुगतने होंगे। विष्णु देव सिंह ने फोन पर सभी का कार्य नियमानुसार करने की बात कही। आरोप है कि इसके कुछ देर बाद करीब सात बजे अर्पित कुमार अपने कई साथियों के साथ अंचल कार्यालय पहुंच गया। सभी लोगों ने चेहरे पर गमछा बांध रखा था और उनके पास हथियार भी मौजूद थे। उस समय विष्णु देव सिंह कार्यालय में ऑपरेटर अमित कुमार



के साथ ऑनलाइन पोर्टल से संबंधित कार्य करवा रहे थे। इसी दौरान आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और जबरन कार्यालय से बाहर ले जाने का प्रयास किया। विरोध करने पर खींचतान और मारपीट की भी कोशिश की गई। पीड़ित कर्मचारी का कहना है कि कार्यालय में मौजूद वरीय लिपिक सचिन कुमार सिंह और ऑपरेटर अमित कुमार ने हस्तक्षेप कर किसी तरह उनकी जान बचाई। सभी आरोपी हथियार के बल पर अपना काम करवाना चाहते थे और लगातार धमकी दे रहे थे। आवेदन में यह भी कहा गया है कि उनका परिवार ब्लॉक रोड स्थित सरकारी आवास में रहता है, जिससे उन्हें और उनके परिजनों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता है। नवादा थाना पुलिस ने अर्पित सिंह, सुबोध कुमार, मोहम्मद अजहर समेत अन्य पांच संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## वन विभाग से एनओसी के पेंच में फंसा बाइपास रोड का निर्माण

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर ।** गोलंबर से सिंडिकेट होते हुए ज्योति प्रकाश चौक तक चल रहे बाइपास रोड चौड़ीकरण का कार्य इन दिनों वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिलने के इंतजार में फंसा है। 41.5 करोड़ रुपये की इस महत्वाकांक्षी परियोजना का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। सड़क के दोनों किनारों पर लगे पेड़ों की कटाई की अनुमति नहीं मिली है। काम पूरी रफ्तार नहीं पकड़ पा रहा है। इसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। अर्धनिर्मित सड़क पर आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। निर्माण कार्य शुरू होने के बाद कई स्थानों पर सड़क खोद दी गई है। गिट्टी बिछाने का काम भी हुआ है। कुछ हिस्सों के कालीकरण से सड़क ऊंची-नीची हो गई है। आगे की प्रक्रिया रुकी है। सड़क पूरी तरह तैयार नहीं हो सकी है। ऐसे में धूल, ऊबड़-खाबड़ रास्ते, निर्माण सामग्री के बीच राहगीरों को गुजरना पड़ रहा है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों, ई-रिक्शा चालकों, पैदल चलने वालों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। जिला प्रशासन ने वन विभाग की शर्त पूरी करने की दिशा में महत्वपूर्ण



कदम उठाया है। नया भोजपुर के समीप वैकल्पिक भूमि उपलब्ध करा दी गई है। इस भूमि पर वन विभाग नए पौधे लगाएगा। प्रशासन ने भूमि से संबंधित पूरी रिपोर्ट तैयार की है। रिपोर्ट जिलाधिकारी के माध्यम से वन विभाग को भेज दी गई है। अब विभागीय स्तर पर अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी होने का इंतजार है। बाइपास रोड किनारे कई मकान और बाउंड्री वॉल पर पड़ेगा असर एनओसी मिलने के बाद केवल पेड़ों की कटाई नहीं होगी। सड़क चौड़ीकरण में बाधा बन रहे कई अतिक्रमित ढांचों को भी हटाया जाएगा। बाइपास रोड के किनारे बने कई मकान, बाउंड्री वॉल, अन्य स्थायी निर्माण सड़क विस्तार की जद में आ रहे हैं। प्रशासन ने ऐसे ढांचों की पहचान कर ली है।

## श्री कृष्ण का साक्षात विग्रह है श्रीमद्भागवत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर ।** श्री रामेश्वर नाथ मंदिर परिसर में सर्वजन कल्याण सेवा समिति द्वारा आयोजित 18वें धर्म आयोजन के छठे दिन शनिवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस भव्य धर्म आयोजन में श्रीमद्भागवत कथा के दिव्य प्रसंगों को सुनकर पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो गए। आचार्य श्री कृष्णानंद शास्त्री पौराणिक जी ने भागवत महापुराण की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जैसे रामायण साक्षात प्रभु श्री राम का विग्रह है, ठीक वैसे ही श्रीमद्भागवत महापुराण श्री कृष्ण की साक्षात प्रतिमा है। उन्होंने कहा कि आज से ठीक 5126 वर्ष पूर्व जब भगवान श्रीकृष्ण इस धराधाम को छोड़कर स्वधाम जाने को हुए, तब उनके परम मित्र और भक्त उद्धव जी व्याकुल हो गए। उद्धव जी ने करुण प्रार्थना करते हुए पूछा कि प्रभु आपके चले जाने के बाद संत और भक्तजन किसके आश्रय में रहेंगे? तब भगवान वासुदेव ने उद्धव जी के देखते-देखते स्वयं को श्रीमद्भागवत महापुराण में समाविष्ट कर लिया और बोले कि हे मित्र अब मैं इसी ग्रंथ में निवास करूंगा और संसार में यही मेरी जगह सबकी रक्षा करेगा।यही



कारण है कि भागवत को सनातन धर्म का मूल ग्रंथ और कलयुग के लिए "कामधेनु" माना जाता है, जो भक्तों की हर इच्छा पूरी करता है। 64 दिन में सीखीं 64 कलाएं आचार्य श्री पौराणिक जी ने श्रीकृष्ण के मथुरा और द्वारिका प्रवास का अद्भुत प्रसंग सुनाया गया। 11 वर्ष 55 दिन की आयु में कंस का वध कर उन्होंने उग्रसेन को राजगद्दी सौंपी। इसके बाद गुरु के आश्रम में मात्र 64 दिनों में 18 विद्याओं और 64 कलाओं का ज्ञान प्राप्त किया और यमराज के यहां से गुरुपुत्र को लाकर गुरुदक्षिणा दी। मथुरा में 14 वर्षों के निवास के दौरान उन्होंने और बलदाऊ ने मिलकर जरासंध की 23-23 अक्षौहिणी सेना को 14 बार परास्त किया। अपने जीवन के 25वें वर्ष में उन्होंने समुद्र के बीच भव्य द्वारिका नगरी का निर्माण कराया। कथा के अंत में श्रीकृष्ण और बलराम के विवाह प्रसंगों को सुनकर श्रद्धालु झूम उठे। आचार्य श्री ने बताया कि यह ग्रंथ कहने और सुनने वालों के लिए पारस पत्थर के समान मोक्षदायक है। श्री कृष्ण जी ने बिना अस्त्र-शस्त्र उठाए किया राक्षसों का संहार कथा व्यास पौराणिक जी ने प्रभु की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीकृष्ण 11 वर्ष और 52 दिनों तक गोकुल तथा वृंदावन में रहे। उन्होंने पूतना से लेकर अनेकों बलशाली राक्षसों का वध किया, लेकिन कभी भी किसी अस्त्र-शस्त्र का प्रयोग नहीं किया। संतों ने उनकी इन लीलाओं को बाल लीला और माधुरी लीला के नाम से गाया है। गोवर्धन धारण, महारास, कामदेव का मर्दन, नंद बाबा को वरुण लोक से छुड़ाना और ब्रह्मा व इंद्र का मान-मर्दन जैसी अद्भुत और ईश्वरीय लीलाओं का श्रवण मात्र ही मानव कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है।

## दो दिवसीय समर कैंप में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, सीखीं नई गतिविधियां



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कोईलवर ।** बच्चों के सर्वांगीण विकास, रचनात्मक क्षमता को बढ़ावा देने तथा उनमें आत्मविश्वास विकसित करने के उद्देश्य से RCWA-114 द्वारा कोईलवर में दो दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संस्था की अध्यक्ष रितु झा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें करीब 30 बच्चों ने भाग लिया। कैंप के दौरान बच्चों के लिए योगाभ्यास, खेलकूद, चित्रकला, रचनात्मक गतिविधियों एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा, अनुशासन, टीम भावना और खेल भावना का प्रदर्शन किया। आयोजन के माध्यम से बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ नई गतिविधियों को सीखने और अपनी रुचियों को विकसित करने का अवसर मिला। आयोजकों ने बताया कि कैंप का उद्देश्य बच्चों को सकारात्मक एवं प्रेरणादायक वातावरण उपलब्ध कराना है, ताकि उनके व्यक्तित्व का समग्र विकास हो सके। इस दौरान बच्चों में नेतृत्व क्षमता, रचनात्मक सोच, सहयोग की भावना और आत्मविश्वास को प्रोत्साहित किया गया।

## ट्रक ने मिनी ट्रक को मारी टक्कर, चालक की मौत



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**ब्रह्मपुर।** आरा-बक्सर फोरलेन पर शनिवार की अहले सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में मिनी ट्रक चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सिवान जिले के मदारपुर गांव निवासी संतोष यादव पिता बीरेंद्र यादव के रूप में हुई है। यह हादसा उस समय हुआ जब एक ट्रक गलत दिशा में आ रहा था और सामने से आ रहे मिनी ट्रक से उसकी सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मिनी ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक केबिन में ही बुरी तरह फंस गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मिनी ट्रक (बीआर 51 जीए 1795) बक्सर से पटना की ओर जा रहा था। जैसे ही वाहन पुरवा गांव के समीप फोरलेन पर पहुंचा, सामने से रॉन्ग साइड में आ रहे ट्रक (यूपी 60 एटी 2072) से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही ब्रह्मपुर थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद केबिन में फंसे चालक को बाहर निकाला।

## विकास को मिली नई गति, आरा-छपरा बनेंगे फ्यूचर सिटी : शाहनवाज हुसैन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा ।** सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता में पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन ने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और विकसित भारत की मजबूत नींव के वर्ष रहे हैं। भारत वैश्विक स्तर पर मजबूत हुआ है। डिजिटल भुगतान, विदेशी निवेश और स्टार्टअप के क्षेत्र में प्रगति हुई है।अपना देश दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन, जन धन खाते, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत और पीएम आवास योजना को गरीबों के जीवन में बदलाव हुआ हैं। महिलाओं के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम, ट्रिपल तलाक



पर रोक तथा स्वयं सहायता समूहों को सहायता को महत्वपूर्ण कदम हैं ।किसानों के लिए पीएम किसान सम्मान निधि, नीम कोटेड यूरिया और कृषि अवसंरचना में निवेश तथा युवाओं के लिए स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया, नई शिक्षा नीति और कौशल विकास मिशन की चर्चा की। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि बिहार में राष्ट्रीय राजमार्ग, रेल परियोजनाएं, पटना मेट्रो, एम्स विस्तार, नए मेडिकल कॉलेज, वंदे भारत ट्रेनों और एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं से राज्य का विकास हो रहा हैं। आरा और छपरा फिचर सिटी हैं, बिहटा में एयरपोर्ट स्थापित होने से आरावाले को इसका काफी फायदा मिलेगा। सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार की सरकार अच्छा काम कर रही है। सम्राट चौधरी बिहार को विकसित राज्य बनायेगे। सम्राट चौधरी बिहार के पलायन को रोकेंगे अब बिहारी को काम के लिए बाहर जाना नहीं पड़ेगा। भाजपा की प्रदेश मंत्री सुषमा साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता पंचायत स्तर तक जाकर जनता से संवाद कर रहे हैं। लोगों की समस्याओं और सुझावों को संगठन के उच्च स्तर तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। प्रेस वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष दुर्गा राज, विधायक महेश पासवान, विधान पार्षद जीवन कुमार, मिथिलेश कुशवाहा, राजेंद्र तिवारी, धर्मेंद्र सिंह, हरेंद्र पांडेय, सीडी शर्मा और संजय कुमार सिंह सहित कई भाजपा नेता शामिल थें।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### 17 वर्षीय किशोर रहस्यमय ढंग से लापता, परिजनों ने थाने में लगाई गुहार

**मसौढ़ी**! थाना क्षेत्र के दीघवां गांव से 17 वर्षीय किशोर के लापता होने का मामला सामने आया है।इस संबंध में किशोर की मां ने थाना में आवेदन देकर अपने पुत्र की खोजबीन कराने की मांग की है।आवेदन के अनुसार, दीघावां गांव निवासी मनोज कुमार की पत्नी उषा देवी ने बताया कि उसका पुत्र मनीष कुमार बीते 31 मई 2026 की रात घर से राजस्थान हॉस्टल जाने के लिए निकला था, जिसके बाद वह नहीं तो हॉस्टल पहुंचा और नहीं वापस घर लौटा। काफी खोजबीन और रिश्तेदारों के यहां पता करने के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिल सका।परिजनों ने बताया कि लापता किशोर का रंग सांवला है तथा घटना के समय वह पैंट-शर्ट पहने हुए था। परिवार के लोग लगातार उसकी तलाश कर रहे हैं, लेकिन अब तक सफलता नहीं मिली है। परिजनों ने आशंका जताई है कि किशोर किसी अज्ञात कारण से घर से चला गया या उसके साथ कोई अप्रिय घटना हो सकती है।महिला ने पुलिस प्रशासन से अपने पुत्र को जल्द से जल्द खोज निकालने की अपील की है। पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है तथा किशोर की तलाश के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### 259.2 लीटर विदेशी शराब बरामद, डीएम के निर्देश पर कार्रवाई, नेटवर्क से जुड़े पहलुओं की जांच जारी

**हाजीपुर**। वैशाली में शराबबंदी कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए उत्पाद विभाग लगातार विशेष छापेमारी अभियान चला रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह के निर्देशन में शुक्रवार रात सदर थाना क्षेत्र के बाकरपुर गांव में बड़ी कार्रवाई की गई। इस दौरान 259.2 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। उत्पाद विभाग को बाकरपुर गांव में अवैध रूप से विदेशी शराब के भंडारण और तस्करी से संबंधित गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के सत्यापन के बाद विभाग की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी की। तलाशी के दौरान विभिन्न ब्रांडों की कुल 259.2 लीटर विदेशी शराब जब्त की गई। छापेमारी के दौरान संबंधित स्थलों की गहन जांच की गई और शराब के भंडारण एवं आपूर्ति नेटवर्क से जुड़े संभावित पहलुओं की पड़ताल की गई। उत्पाद विभाग की टीम अब यह पता लगाने में जुटी है कि बरामद शराब कहां से लाई गई थी और इसके वितरण तथा तस्करी में कौन-कौन लोग शामिल हैं। मामले में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी वैशाली ने कहा कि जिले में शराबबंदी कानून को प्रभावी ढंग से लागू करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन और बिक्री में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को किसी भी परिस्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। इसके लिए उत्पाद विभाग, पुलिस और अन्य संबंधित एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित कर लगातार कार्रवाई की जा रही है। डीएम ने बताया कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों में नियमित छापेमारी, वाहन जांच, संदिग्ध स्थलों की निगरानी और सूचना संग्रहण की प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ किया गया है। प्रशासन की सतत कार्रवाई के कारण अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध प्रभावी दबाव बना है और भविष्य में भी ऐसे अभियान और तेज किए जाएंगे।

### पत्नी की हत्या मामले में पति ने किया सरेंडर, 5 जून की रात हुई थी घटना, परिवार के साथ मिलकर जलाया था शव

**हाजीपुर**। वैशाली में 37 वर्षीय रीता देवी की हत्या और शव जलाने के मामले में उनके पति नंद किशोर राय उर्फ पप्पू राय ने हाजीपुर न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है। यह घटना 5 जून की रात को हुई थी, जब पति ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर रीता देवी की हत्या कर दी और उनके शव को जला दिया था। शव के बचे हुए अवशेषों को झाड़ियों में फेंक दिया गया था। रीता देवी राजापाकड़ थाना क्षेत्र के बखरी बराई गांव निवासी जगत राय की बेटी थी। उनकी शादी नंद किशोर राय से 2007 में हुई थी। शादी के दो साल बाद, नंद किशोर राय ने रीता देवी को छोड़कर दूसरी शादी कर ली थी। इसके बाद रीता देवी ने अपने पति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इस मामले में मृतका के पक्ष में फैसला आया था, जिसके बाद रीता देवी अपने ससुराल लौट गई थीं। कुछ महीनों तक स्थिति सामान्य रही, लेकिन फिर पति द्वारा उनकी हत्या कर शव को जला दिया गया। घटना की प्राथमिकी दर्ज होने के बाद, महिसौर थाना के पुलिस अधिकारी लगातार मृतका के पति पर दबाव बना रहे थे। इसी दबाव के चलते पति ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अब भी इस मामले में फरार चल रहे अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। महिसौर थाना अध्यक्ष चांदनी सांवरिया ने बताया कि महिला की हत्या और शव जलाने के मामले में फरार चल रहे आरोपी पति और ससुराल वालों पर लगातार दबिश दी जा रही थी। उन्होंने पुष्टि की कि इसी क्रम में पति ने कोर्ट में आत्मसमर्पण किया है। अन्य फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए छापेमारी जारी है।

### 21.52 ग्राम हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार, सराय पुलिस की छापेमारी में मोबाइल भी बरामद

**हाजीपुर**। वैशाली जिले के सराय थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 21.520 ग्राम अवैध हेरोईन बरामद की गई है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान बजरंग कुमार सिंह उर्फ बजरंगी के रूप में हुई है। वैशाली पुलिस अवैध मादक पदार्थों की बरामदगी और तस्करों की गिरफ्तारी के लिए लगातार सघन वाहन जांच और छापेमारी अभियान चला रही है। इसी क्रम में सराय थाना को 12 जून 2026 को गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के अनुसार, बजरंग कुमार सिंह उर्फ बजरंगी हेरोईन की खरीद-बिक्री में शामिल था और सराय थानांतर्गत बैलहट्टा में ग्राहक का इंतजार कर रहा था। पुलिस अधीक्षक वैशाली के निर्देश पर थानाध्यक्ष सराय ने दंडाधिकारी के साथ मिलकर सूचना का सत्यापन किया और छापेमारी की योजना बनाई। छापेमारी के दौरान, पुलिस ने बजरंग कुमार सिंह उर्फ बजरंगी, पुत्र रामप्रसाद सिंह, निवासी अंजनी दरवेशपुर, थाना-सराय, जिला-वैशाली को मौके से गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से 21.520 ग्राम हेरोईन और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी ने खुलासा किया है कि वह मादक पदार्थ कहां से लाया था और किसे बेचने वाला था। इस संबंध में एक मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। गिरफ्तार आरोपी बजरंग कुमार सिंह उर्फ बजरंगी का आपराधिक इतिहास भी है। उसके खिलाफ सराय थाना में पहले भी एनडीपीएस एक्ट के तहत कांड संख्या 216/22 दर्ज है।

### मुजफ्फरपुर के 22 केंद्रों पर सिपाही भर्ती एग्जाम संपन्न

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर जिले के 22 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में सिपाही भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। पहली पाली की परीक्षा खत्म हो गई है। कदाचारमुक्त, शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं। जिला पदाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती की गई है। प्रथम पाली की परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को सुबह 9 बजे तक एंट्री दी गई। इसके बाद किसी को एंट्री नहीं दी गई। वहीं, दूसरी पाली के परीक्षार्थियों का रिपोर्टिंग समय दोपहर 1 बजे निर्धारित किया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय के बाद आने वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि किसी भी अभ्यर्थी को मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, ईयरफोन, कैलकुलेटर या किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के साथ परीक्षा हॉल में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की सघन फ्रिस्किंग की गई। परीक्षा की पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी केंद्रों पर वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा परीक्षा की सतत और प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए नियंत्रण कक्ष भी बनाया गया है, जहां से पूरे आयोजन पर नजर रखी जाएगी। डीएम और एसएसपी ने सभी प्रतिनियुक्त अधिकारियों को परीक्षा केंद्रों पर विधि-व्यवस्था बनाए रखने, कदाचार पर तत्काल कार्रवाई करने और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना तुरंत नियंत्रण कक्ष को देने का निर्देश दिया है।

# गायत्री महायज्ञ एवं दीपयज्ञ का आयोजन, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़





सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मसौढ़ी**! अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक परम पूज्य गुरुदेव प ०श्री राम शर्मा आचार्य एवं माता भगवती देवी शर्मा के जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में गायत्री मंदिर दमड़ीचक एवं लखीगबा मुहल्ले में एक दिवसीय पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं गायत्री दीपयज्ञ का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर यज्ञ में आहुति अर्पित की तथा विश्व शांति, राष्ट्र की समृद्धि और मानव कल्याण की कामना की।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि गायत्री महायज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज में नैतिकता, संस्कार और सकारात्मक सोच के प्रसार का माध्यम है। यज्ञ के माध्यम से लोगों को नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण और मानव सेवा के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम के दौरान गायत्री मंत्र के सामूहिक जाप, दीप यज्ञ एवं प्रवचन का भी आयोजन किया गया।श्रद्धालुओं ने गुरु सत्ता के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। आयोजन के अंत में प्रसाद वितरण किया गया तथा सभी उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।कार्यक्रम में यजमान के रूप में विश्व योग-आसन गोल्ड मेडलिस्ट विजेता डॉक्टर दिलीप कुमार वं धर्मपत्नी पत्नी मंजू देवी लीला जायसवाल,नीलम रंजू सपना केसरी , सोनु योगेन्द्र अंशुल , छोटु रामबाबु अभय सिंहा सन्तोष केशरी उत्तम कुमार मनोज कुमार रमेश विद्यार्थी डॉ छोटू शर्मा चंद्रभूषण प्रसाद कृष्णा प्रसाद केदार प्रसाद नित्यानंद ओझा जी सहित गायत्री परिवार के कार्यकर्ता, महिला मंडल एवं स्थानीय श्रद्धालुओं की सक्रिय भागीदारी रही।कार्यक्रम के अंत में विश्व शांति एवं मानव कल्याण की कामना के साथ यज्ञ पूर्णाहुति संपन्न हुई।

## किशोरियों को स्वच्छता के प्रति किया गया जागरूक, सैनेटरी पैड का वितरण



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मसौढ़ी**! रविवार को नगर मुख्यालय के दाउदपुर मुहल्ले स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर लाइब्रेरी परिसर में आश्रय अभियान के साथी धर्मेंद्र कुमार रंगकर्मी के द्वारा श्री कृष्णा नर्सिंग होम की ओर से किशोरियों के बीच मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया।इस दौरान बड़ी संख्या में किशोरियों को सैनेटरी पैड वितरित किए गए तथा उन्हें मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में डॉ श्यामा ने बताया कि मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है और इस दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। किशोरियों को सैनेटरी पैड के सही उपयोग,समय-समय पर पैड बदलने तथा संक्रमण से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई।श्रीकृष्णा नर्सिंग होम के संचालक डॉ रामजयपाल सिंह ने कहा कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की किशोरियों को स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता प्रदान करना संस्था की प्राथमिकता है।कार्यक्रम के अंत में आश्रय अभियान के साथी धर्मेंद्र कुमार रंगकर्मी ने श्री कृष्णा नर्सिंग होम के पूरी टीम को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से किशोरियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और वे सुरक्षित एवं स्वस्थ जीवन जी सकेंगी। उपस्थित किशोरियों ने इस पहल की सराहना करते हुए नियमित रूप से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी उपलब्ध कराने की मांग की। इस अवसर पर नवल भारती राजकुमार मनीष कुमार सिमरन आयुषी सहित चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## विश्व योगासन चैंपियन डॉ. दिलीप कुमार को रंजू यादव ने किया सम्मानित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**मसौढ़ी**! विश्व योगासन चैंपियन एवं गोल्ड मेडलिस्ट डॉ. दिलीप कुमार को उनकी शानदार उपलब्धि पर समाजसेवी रंजू यादव ने सम्मानित किया।इस दौरान रंजू यादव ने उन्हें अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।रंजू यादव ने कहा कि डॉ. दिलीप कुमार ने विश्व स्तर पर स्वर्ण पदक जीतकर न केवल मसौढ़ी ही नहीं बल्कि पूरे देश का नाम गौरवान्वित किया है।उनकी उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि खेल और योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान समाज का दायित्व है।सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ.दिलीप कुमार ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें आगे और बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा देगा।उन्होंने युवाओं से योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर कुमारी खुशबू रानी नेहा पटेल मनोज यादव श्याम जी भुनेश्वर यादव संजय कुमार बिट्टू यादव स्थानीय गणमान्य लोग,एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. दिलीप कुमार की उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी।

# बिहार के तीन पारंपरिक उत्पादों को GI टैग मिलना गौरव का विषय : डॉ. प्रेम कुमार

### मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी जी के नेतृत्व में पारंपरिक कला एवं शिल्प को मिल रही नई पहचान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

बिहार विधान सभा के माननीय अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बिहार के तीन पारंपरिक उत्पादों—नालंदा की बावन बूटी साड़ी एवं फैब्रिक, गया के पत्थरकट्टी स्टोन क्राफ्ट तथा भोजपुर की पिढ़िया पेंटिंग—को भौगोलिक संकेतक (GI) टैग प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राज्यवासियों, शिल्पकारों, बुनकरों एवं कलाकारों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

डॉ. प्रेम कुमार ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए बिहार के माननीय मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी जी को विशेष रूप से बधाई देते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व एवं राज्य सरकार की सकारात्मक नीतियों के कारण बिहार की पारंपरिक कला, शिल्प और सांस्कृतिक धरोहरों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिल रही है।

नालंदा की बावन बूटी बुनकरी, गया की पत्थरकट्टी शिल्पकला तथा भोजपुर की पिढ़िया पेंटिंग बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपरा और सृजनात्मक प्रतिभा के उत्कृष्ट प्रतीक हैं। GI टैग मिलने से इन उत्पादों की विशिष्ट पहचान को कानूनी संरक्षण प्राप्त होगा तथा इनके विपणन, ब्रांडिंग एवं निर्यात की संभावनाओं में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। यह उपलब्धि उन हजारों शिल्पकारों, बुनकरों और कलाकारों के वर्षों के परिश्रम, कौशल एवं समर्पण का सम्मान है, जिन्होंने पीढ़ियों से इन पारंपरिक कलाओं को संरक्षित एवं जीवंत बनाए रखा है। उन्होंने इस सफलता के लिए राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (NABARD), संबंधित विभागों, उत्पादक समूहों, शिल्पकार संगठनों तथा सभी हितधारकों के प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि GI टैग मिलने से स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी तथा बिहार के अन्य पारंपरिक उत्पादों को भी राष्ट्रीय एवं वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में प्रेरणा मिलेगी।यह उपलब्धि बिहार की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है, जिस पर पूरे बिहार को गर्व है। उन्होंने पुनः माननीय मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी जी एवं राज्य सरकार को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि बिहार की कला, संस्कृति और पारंपरिक उद्योगों के विकास हेतु सरकार के प्रयास निरंतर राज्य को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रहे हैं।

# 19 सार्वजनिक शौचालयों का संचालन करेगा सुलभ इंटरनेशनल, हर महीने 44000 भुगतान करेगी निगम

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना**। पटना नगर निगम द्वारा निर्मित 19 आधुनिक सार्वजनिक शौचालयों का संचालन, मैनेजमेंट और रख-रखाव अब सुलभ इंटरनेशनल करेगी। पटना नगर निगम ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस ऑर्गनाइजेशन के साथ समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किया है। इस मौके पर मेयर सीता साहू, डिप्टी मेयर रेशमी चंद्रवंशी और सशक्त स्थायी समिति के सदस्य मौजूद थे।

**हर महीने 44,000 भुगतान करेगा निगमः** इस समझौते के तहत आम नागरिकों को इन सार्वजनिक शौचालयों की सुविधा पूरी तरह फ्री में उपलब्ध कराई जाएगी। नागरिकों से किसी प्रकार का उपयोग शुल्क नहीं लिया जाएगा। पटना नगर निगम और सुलभ इंटरनेशनल के बीच यह समझौता आगामी तीन वर्षों की अवधि के लिए किया गया है। समझौते के मुताबिक, निगम द्वारा प्रत्येक शौचालय के संचालन और रख-रखाव के लिए सुलभ इंटरनेशनल को प्रति माह 44,000 रुपये का भुगतान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त संबंधित शौचालयों का बिजली बिल भी नगर निगम द्वारा ही दिया जाएगा।

**सुबह 5:00 बजे से रात 10:00 बजे तक होगा संचालितः** इन शौचालयों के संचालन का समय भी निर्धारित किया गया है। मार्च से सितंबर तक सभी शौचालय प्रतिदिन सुबह 5:00 बजे से रात 10:00 बजे तक संचालित होंगे, जबकि अक्टूबर से फरवरी तक इनका संचालन सुबह 6:00 बजे से रात 9:00 बजे तक किया जाएगा। वहीं, यात्रियों और आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पटना जंक्शन गोलंबर के निकट स्थित सार्वजनिक शौचालय का संचालन 24 घंटे और सातों दिन (24×7) किया जाएगा।

**स्वच्छ पटना और स्वस्थ पटना का लक्ष्य होगा मजबूत- मेयरः** इस अवसर पर मेयर सीता साहू ने कहा कि, 'स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं का विस्तार पटना नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। सुलभ इंटरनेशनल जैसे अनुभवी संगठन के सहयोग से शहर में सार्वजनिक शौचालयों के बेहतर संचालन एवं रख-रखाव को सुनिश्चित किया जा सकेगा। इससे स्वच्छ पटना और स्वस्थ पटना के लक्ष्य को और मजबूती मिलेगी।' वहीं, डिप्टी मेयर रेशमी चंद्रवंशी ने कहा कि, 'यह पहल न केवल नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ करेगी, बल्कि शहर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छ वातावरण बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।'

# पालीगंज में हथियार के साथ अपराधी गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना**। पटना के पालीगंज में पुलिस ने एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक कट्टा और 10 कारतूस बरामद हुए हैं। गिरफ्तार अपराधी की पहचान रवीश कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, वह किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में था। जानकारी के मुताबिक, शनिवार शाम को पालीगंज थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी। इसमें बताया गया था कि थाना क्षेत्र के सरसी गांव में एक व्यक्ति अपने घर पर अवैध हथियार और कई जिंदा कारतूस रखे हुए है। इस सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तुरंत छापेमारी की। मौके से रवीश कुमार को गिरफ्तार किया गया। हथियार और कारतूस उसके घर में छिपाकर रखे गए थे।

फिलहाल, पुलिस गिरफ्तार अपराधी से पूछताछ कर रही है, ताकि उसके मंसूबों और संभावित सहयोगियों का पता लगाया जा सके। थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र में बढ़ते अपराध के रोकथाम को लेकर लगातार पुलिस कार्रवाई कर रही है। शनिवार की शाम को पुलिस को सूचना मिली कि सरसी गांव में एक अपराधी अपने पास अवैध हथियार और जिंदा कारतूस रखे हुए है। जिसके बाद वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर टीम बनाकर छापेमारी की गई। मौके से अपराधी के कमरे से एक देसी कट्टा 10 जिंदा कारतूस बरामद किया गया।

# पटना यूनिवर्सिटी में 50% से अधिक सीटों पर हुआ नामांकन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**पटना**। पटना यूनिवर्सिटी में स्नातक कोर्स में 50 प्रतिशत से अधिक सीटों पर नामांकन हुआ है। पहली मेरिट लिस्ट के आधार पर चौथे दिन 139 छात्र-छात्राओं का नामांकन लिया गया। इसके साथ ही पहली मेरिट लिस्ट के आधार पर नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गई। विश्वविद्यालय ने कहा है कि रेगुलर कोर्स में 50 प्रतिशत से अधिक सीटें फुल गई है। रिक्त सीटों के लिए दूसरी मेरिट लिस्ट 15 जून को जारी की जाएगी। चौथे दिन पटना साइंस कॉलेज में 35, पटना कॉलेज में 24, वाणिज्य महाविद्यालय में 17, बीएन कॉलेज में 38 और मगध महिला कॉलेज में 25 विद्यार्थियों का नामांकन लिया गया। विश्वविद्यालय में स्नातक कोर्स रेगुलर कोर्स में कुल 3600 सीटें निर्धारित है। इन तीनों में 3600 में से 2017 सीटों पर नामांकन हो चुका है। दूसरी ओर पटना यूनिवर्सिटी में स्नातक स्तरीय कोर्स में प्रवेश परीक्षा 22 जून से शुरू होगी। परीक्षा का आयोजन मगध महिला कॉलेज केंद्र पर होगा। पहले दिन 22 जून को दो पालियों में परीक्षा होगी। पहली पाली सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक बीएससी पर्यावरण विज्ञान की प्रवेश परीक्षा होगी। वहीं, दूसरी पाली दोपहर दो से शाम चार बजे तक बीएससी जैव प्रौद्योगिकी के लिए परीक्षा आयोजित की जाएगी। 23 जून को बीसीए और बीबीए पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा होगी। बीसीए की परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक और बीबीए की परीक्षा दोपहर दो से शाम चार बजे तक होगी। 24 जून को बीबीए-एलएलबी और बीएफए पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा निर्धारित की गई है।

# पीएम के 12 साल को कांग्रेस ने बताया 'विषकाल'

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




- नाकामियों का वीडियो जारी किया, पाटलिपुत्र स्टेशन बवाल पर बोले राजेश राम-अभ्यर्थियों को परेशान करना सरकार का मकसद

**पटना**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने अपने 12 साल पूरे कर लिए हैं। इसे भाजपा ऐतिहासिक उपलब्धि बता रही है। दूसरी तरफ कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर हमलावर है। बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने मोदी सरकार की नाकामियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि, 'पीएम मोदी के अमृतकाल से लोग परेशान हैं। इसके साथ ही बिहार कांग्रेस ने मोदी सरकार की नाकामियों के 12 साल को 'विष काल' बताते हुए एक वीडियो भी जारी किया है।

**मोदी सरकार अपने वादों को भूल गई- राजेश रामः** राजेश राम ने आगे कहा कि, 'विपक्ष का दायित्व जनता को सच्चाई बताना है। बेरोजगारी चरम पर है और रोजगार के वादे पूरे नहीं हुए हैं।' उन्होंने NEET समेत पेपर लीक मामलों पर केंद्र सरकार को घेरा। महंगाई, पेट्रोल-डीजल कीमतों और उज्ज्वला योजना को लेकर भी सवाल उठाए।

**सरकार का विजन लोगों को परेशान करना है- राजेश रामः** बिहार पीसीसी चीफ राजेश राम की मांग है कि, 'महिला आरक्षण बिल को आज ही लागू करें। सभी प्रतियोगिता परीक्षा में हो रहे अन्याय से युवा परेशान है। चुनाव के समय में नौकरी का वादा करते हैं, चुनाव जीतने के बाद वादा भूल जाते हैं।

पाटलिपुत्र जंक्शन पर छात्रों के प्रदर्शन को लेकर के कहा कि, 'नॉर्थ बिहार के सभी छात्रों को साउथ बिहार बुलाते हैं। साउथ बिहार वालों को नॉर्थ बिहार में भेज रहे हैं। सरकार का विजन है, लोगों को परेशान करना, छात्रों को परेशान करना।'

वर्तमान सरकार पर हमला बोलते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि आम व्यापारियों को कभी नोटबंदी तो कभी जीएसटी थोपकर तो कभी सोना नहीं खरीदने की अपील करके नरेंद्र मोदी सरकार ने बर्बाद करने का काम किया है। छोटे व्यापारियों के लिए यह सरकार तानाशाही रवैया अपनाती है लेकिन बड़े व्यापारिक घरानों में अपने मित्र अदाणी और अंबानी सहित अन्य के लिए नियमों को ताक पर रखकर मदद करती है।

शिक्षा व्यवस्था को चौपट कर इस सरकार ने स्किल इंडिया के तहत 40 करोड़ लोगों को कौशल योजना से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया लेकिन 2024 तक स्नातकों में 17.31% बेरोजगारी दर दर्ज हुई जो इस महत्वाकांक्षी योजना को भी फिसड्डी साबित करती है। नई शिक्षा नीति को 2020 में यह सरकार लांच करती है जो अब तक आधी अधूरी और असमंजस में घिरी नजर आती है। लगातार हो रही पेपर लीक की घटनाओं पर उन्होंने कहा कि 12 वर्षों के शासन काल में 89 प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक इस सरकार में हुए जिसमें अकेले मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में ही चार बार पेपर लीक हुए। सीबीएसई के स्कूली परीक्षा में गड़बड़ी की देश के इतिहास में पहली घटना भी इसी मोदी सरकार में सुनने और देखने को देशवासियों को मिली।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## संक्षिप्त समाचार

### बायोमेट्रिक हाजिरी के विरोध में एकजुट हुए मजदूर संगठन



**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में सेल प्रबंधन की ओर से 15 जून से सभी खदानों में बायोमेट्रिक हाजिरी प्रणाली लागू करने के निर्णय का श्रमिक संगठनों ने कड़ा विरोध किया है। रविवार को मेघाहातुबुरु स्थित सामुदायिक भवन में संयुक्त मोर्चा की विशेष बैठक अध्यक्ष दीपक राम की अध्यक्षता में हुई, जिसमें एटक, इंटक (चौबे गुट एवं दुबे गुट), झारखंड मजदूर संघर्ष संघ, भारतीय मजदूर संघ, झारखंड माइंस मजदूर यूनियन, एचएमएस, सीटू और ऑल झारखंड माइंस वर्कर्स यूनियन सहित कई संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में नेताओं ने कहा कि बायोमेट्रिक हाजिरी से जुड़ा मामला न्यायालय में विचाराधीन है और अंतिम आदेश आने तक कोई भी श्रमिक मशीन पर उपस्थिति दर्ज नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि पुरानी व्यवस्था के तहत टाइम ऑफिस में कार्ड पंचिंग और रजिस्टर से ही हाजिरी बनाई जाएगी। यूनियनों ने आरोप लगाया कि प्रबंधन ने श्रमिक संगठनों से बिना संवाद किए नई व्यवस्था लागू करने का फैसला लिया है। संयुक्त मोर्चा ने चेतावनी दी कि यदि टाइम ऑफिस बंद किए गए तो श्रमिक वहीं एकत्र होकर रजिस्टर पर उपस्थिति दर्ज करेंगे। नेताओं ने 39 माह के एरियर, पर्क्स, बेहतर चिकित्सा सुविधा और विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति जैसी लंबित मांगों का भी मुद्दा उठाया। दीपक राम ने कहा कि 15 जून को सुबह 5:30 बजे सभी श्रमिक टाइम ऑफिस पहुंचकर शांतिपूर्ण विरोध करेंगे। बैठक में संतोष कुमार पांडा, बीर सिंह मुंडा, इंतखाब आलम, गुंजन कुमार, अनिल टोपनो, बीरबल गुड़िया, अमरनाथ यादव, आलम अंसारी, एस. होरो, अबरार अहमद, कामता प्रसाद, जगजीत सिंह गिल, धनी राम लकड़ा, अर्जुन सिंह पूर्ति, नईम आलम और दयानंद कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रमिक नेता मौजूद रहे।

### सीआरपीएफ वाहिनी में रक्तदान शिविर आयोजित



**पश्चिमी सिंहभूम।** विश्व रक्तदाता दिवस 2026 के अवसर पर 174 वीं वाहिनी, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), चाईबासा में रविवार को जागरूकता कार्यक्रम और रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वाहिनी कमांडेंट मनोज डंग ने की। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों और जवानों को रक्तदान की महत्ता के बारे में जानकारी देते हुए रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। मनोज डंग ने रक्तदान को महादान बताते हुए सभी सक्षम लोगों से इस पुनीत कार्य में आगे आने की अपील की। इस दौरान विश्व रक्तदाता दिवस 2026 से संबंधित शपथ भी दिलाई गई। उन्होंने बताया कि विश्व रक्तदाता दिवस की शुरुआत 14 जून 2004 को हुई थी। वर्ष 2005 में विश्व स्वास्थ्य संगठन की 58 वीं विश्व स्वास्थ्य सभा ने इसे वार्षिक वैश्विक कार्यक्रम के रूप में घोषित किया। तब से प्रत्येक वर्ष 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 के विश्व रक्तदाता दिवस की थीम मानवता की एक बूंद, रक्तदान करें, जीवन बचाएं रखी गई है। इस अवसर पर वाहिनी के अधिकारियों और जवानों ने रक्तदान किया। सदर अस्पताल चाईबासा, पश्चिम सिंहभूम और वाहिनी अस्पताल की टीम ने स्वास्थ्य मानकों और तकनीकी जांच के बाद रक्त संग्रह की प्रक्रिया पूरी की। रक्तदाताओं को जलपान और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. शिवचरण हस्दा, चिकित्सा अधीक्षक, सदर अस्पताल चाईबासा, रजनीश कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी, धर्मेन्द्र नारायण सिंह, उप कमांडेन्ट, शांति किस्कू, सहायक कमांडेन्ट, वाहिनी चिकित्साधिकारी डॉ संदीप कुमार और वाहिनी के अन्य अधिकारी और जवान मौजूद थे ।

### जेवर दुकान में सेंधमारी कर चोरों ने की 11 लाख की चांदी और नकदी की चोरी

**पूर्वी सिंहभूम।** मानगो थाना क्षेत्र के मानगो बाजार स्थित टैंक रोड पर अवस्थित कोलकाता ज्वेलर्स में चोरों ने बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। रविवार सुबह जब दुकान के संचालक जितेंद्र कुमार अपनी दुकान खोलने पहुंचे तो अंदर का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। दुकान के भीतर सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था और कीमती जेवरात गायब थे। प्राथमिक जांच में पता चला है कि चोर करीब 11 लाख रुपये मूल्य के लगभग चार किलोग्राम चांदी के आभूषण और ०8 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मानगो थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपितों की पहचान की जा सके। दुकान मालिक जितेंद्र कुमार ने बताया कि शनिवार रात करीब साढ़े आठ बजे वह दुकान बंद कर घर चले गए थे। रविवार सुबह दुकान पहुंचने पर चोरी की जानकारी मिली। जांच के दौरान यह सामने आया कि चोर दुकान की छत से अंदर दाखिल हुए थे। उन्होंने पहले टीन शेड की ऊपरी परत हटाई और फिर दूसरी परत को काटकर दुकान के भीतर प्रवेश किया। चोरों ने दुकान में रखी तिजोरी को भी तोड़ने की कोशिश की, लेकिन वे इसमें सफल नहीं हो सके। तिजोरी सुरक्षित रहने से उसमें रखे सोने के आभूषण चोरी होने से बच गए। यदि तिजोरी टूट जाती तो नुकसान कहीं अधिक हो सकता था। उन्होंने बताया कि इस संबंध में मानगो थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

### मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर मजार पर चादरपोशी, देश की सुख-समृद्धि के लिए मांगी दुआ

**पूर्वी सिंहभूम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के अवसर पर रविवार को जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित प्रसिद्ध चुना शाह बाबा मजार पर अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने चादरपोशी कर देश की खुशहाली, अमन-चैन और विकास के लिए विशेष दुआ मांगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने मजार पहुंचकर देश की एकता, अखंडता और समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आने वाले वर्षों में भी भारत विकास के नए आयाम स्थापित करेगा और सभी वर्गों के लोगों को समान अवसर प्राप्त होंगे। मजार पर चादरपोशी के बाद सामूहिक रूप से देश में शांति, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की दुआ की गई। इस मौके पर समुदाय के वरिष्ठ सदस्य अनवर खान ने कहा कि भारत की ताकत उसकी विविधता और एकता में निहित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर आगे बढ़ रहा है और विश्व स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा मजबूत हुई है। उन्होंने लोगों से आपसी भाईचारे को बनाए रखने और देशहित में मिल-जुलकर कार्य करने का आह्वान किया। जुम्मन खान ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्र की प्रगति तभी संभव है जब सभी धर्मों और समुदायों के लोग एक-दूसरे के प्रति सम्मान और सहयोग की भावना रखें। उन्होंने कहा कि देश की उन्नति और नागरिकों की खुशहाली के लिए सकारात्मक सोच और सामाजिक एकता आवश्यक है। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य लोगों ने भी देश की तरक्की, युवाओं के उज्ज्वल भविष्य, किसानों की समृद्धि और समाज में सौहार्दपूर्ण वातावरण के लिए प्रार्थना की। सभी ने भारत को विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के संकल्प को दोहराया।

# रांची के पांच केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई झारखंड पात्रता परीक्षा

## करीब तीन हजार अभ्यर्थी हुए शामिल

**एजेंसी। रांची**



झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की ओर से आयोजित झारखंड पात्रता परीक्षा-2024 रविवार को राजधानी रांची के पांच परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा में करीब तीन हजार अभ्यर्थियों ने भाग लिया। परीक्षा का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया गया। परीक्षा के सफल संचालन को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा तथा सभी केंद्रों पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। परीक्षा को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए रांची जिला प्रशासन ने पूर्व से ही विशेष तैयारियां की थीं। विधि-व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि पर रोक लगाने के उद्देश्य से सदर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) कुमार रजत ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा-163 के तहत सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू की थी। यह आदेश रविवार सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक प्रभावी रहा। निषेधाज्ञा के तहत परीक्षा केंद्रों के आसपास पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने, किसी प्रकार की सभा, प्रदर्शन या बैठक आयोजित करने, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग तथा हथियार लेकर चलने पर प्रतिबंध लगाया गया था। प्रशासन का उद्देश्य परीक्षा को पूरी तरह पारदर्शी और कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराना था। रांची में परीक्षा के लिए पांच केंद्र निर्धारित किए गए थे। इनमें संत पॉल्स कॉलेज (चर्च रोड), संत जॉन्स हाई स्कूल (करबला टैंक रोड), रामटहल चौधरी हाई स्कूल (हिंदी माध्यम, बुटी), संत मार्गरेट्स गर्ल्स हाई स्कूल (बहू बाजार) तथा संत एन्स इंटरमीडिएट कॉलेज (पुरुलिया रोड) शामिल थे। परीक्षा शुरू होने से पहले सभी केंद्रों के बाहर अभ्यर्थियों की लंबी कतारें देखी गईं। प्रवेश से पूर्व अभ्यर्थियों की सघन जांच की गई और आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन कराया गया। परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल, दंडाधिकारी और प्रशासनिक अधिकारियों की तैनाती की गई थी। वहीं यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए भी अतिरिक्त पुलिसकर्मियों को लगाया गया था। परीक्षा के दौरान किसी भी केंद्र से कदाचार, अव्यवस्था या सुरक्षा संबंधी समस्या की कोई सूचना नहीं मिली। प्रशासनिक अधिकारियों ने लगातार केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया और सभी गतिविधियों की निगरानी की। सदर अनुमंडल पदाधिकारी कुमार रजत ने बताया कि परीक्षा के शांतिपूर्ण संचालन के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा एवं प्रशासनिक उपाय किए गए थे।

## एचईसी को बचाने के लिए ठोस पहल जरूरी, कर्मचारियों की समस्याओं का हो समाधान : लालदेव सिंह

**एजेंसी। रांची**

हटिया कामगार यूनियन (एटक) के उपाध्यक्ष लालदेव सिंह ने हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन (एचईसी) की वर्तमान स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि देश के महत्वपूर्ण सार्वजनिक क्षेत्र के इस औद्योगिक उपक्रम को बचाने के लिए सरकार और प्रबंधन को तत्काल प्रभावी कदम उठाने चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि लंबे समय से एचईसी के पुनरुद्धार तथा कर्मचारियों और पेंशनभोगियों की समस्याओं के समाधान की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई है। रविवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में लालदेव सिंह ने कहा कि एचईसी की लगातार बिगड़ती आर्थिक स्थिति का सीधा असर कर्मचारियों और सेवानिवृत्त कर्मियों पर पड़ रहा है। वेतन, पेंशन और अन्य बकाया भुगतानों के लंबित रहने के कारण हजारों परिवार आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई कर्मचारी और पेंशनभोगी अपनी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भी संघर्ष कर रहे हैं। लालदेव सिंह ने कहा कि एचईसी के पुनर्जीवन और उत्पादन गतिविधियों को पुनः गति देने के लिए समय-समय पर विभिन्न संगठनों, विशेषज्ञों और श्रमिक प्रतिनिधियों की ओर से कई सुझाव एवं सिफारिशें दी गईं, लेकिन उन पर अपेक्षित स्तर पर कार्रवाई नहीं हो सकी। इसके कारण संस्थान की स्थिति लगातार कमजोर होती चली गई। लालदेव सिंह ने आशंका जताई कि यदि सार्वजनिक क्षेत्र के ऐसे महत्वपूर्ण उद्योगों की उपेक्षा जारी रही तो इसका प्रतिकूल प्रभाव रोजगार के अवसरों पर पड़ेगा और श्रमिक हित भी प्रभावित होंगे। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन के लिए सार्वजनिक उपक्रमों को मजबूत करना आवश्यक है। लालदेव सिंह ने श्रम कानूनों में हुए विभिन्न बदलावों पर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इनका प्रभाव श्रमिकों के अधिकारों और सुरक्षा पर पड़ सकता है।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर भाजपा की 'प्रगतिपथ यात्रा', केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय हुए शामिल

**एजेंसी। रांची**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने और निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सबसे लंबे कार्यकाल का नया रिकॉर्ड बनने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। इसी क्रम में रविवार को रांची महानगर भाजपा की ओर से 'प्रगतिपथ यात्रा' निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं ने भाग लिया। रांची के रातू रोड स्थित ओटीसी मैदान से शुरू हुई इस यात्रा में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, विधायक सीपी सिंह तथा रांची की मेयर रौशनी खलखो सहित भाजपा के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। यात्रा में शामिल नेताओं और कार्यकर्ता हाथों में झंडे, बैनर और विभिन्न संदेशों वाली तख्तियां लेकर केंद्र सरकार की उपलब्धियों का प्रचार करते नजर आए। यात्रा के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के समर्थन में नारे लगाए और केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया। भाजपा नेताओं ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है तथा




प्रधानमंत्री मोदी ने "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" के मंत्र को धरातल पर उतारने का कार्य किया है। इस अवसर पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को हासिल किया है। केंद्र सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण नक्सलवाद और आतंकवाद के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई हुई है तथा देश में राष्ट्रीयता और आत्मनिर्भरता की भावना को मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य की दिशा में केंद्र सरकार लगातार कार्य कर रही है। पिछले 12 वर्षों में आधारभूत संरचना, डिजिटल सेवाओं, स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा और गरीब कल्याण के क्षेत्र में व्यापक बदलाव देखने को मिले हैं।

## राजयोग अपनाएं, तनावमुक्त और स्वस्थ जीवन पाएं : प्रकाश झा

**एजेंसी। रांची**

ब्रह्माकुमारी संस्थान, चौधरी बगान सेवा केंद्र में रविवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व राजयोग मेडिटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य पर विशेष चर्चा की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के प्रबंध निदेशक शशि प्रकाश झा ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि राजयोग मनुष्य के मानसिक तनाव को दूर कर मन और शरीर को शांति देता है। उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व भारत की प्राचीन योग परंपरा की ओर लौट रहा है और स्वस्थ एवं सुखी समाज के निर्माण के लिए सभी को इस अभियान से जुड़ना चाहिए। कार्यक्रम में राजयोग, योगाभ्यास और मानसिक सशक्तिकरण के




विभिन्न प्रयोगों का प्रदर्शन किया गया। उपस्थित लोगों ने मुविंग मेडिटेशन, कटी संचालन, गर्दन संचालन, हस्त संचालन और विभिन्न प्राणायाम का अभ्यास किया।

कार्यक्रम में झारखंड आयुष परिषद के रजिस्ट्रार डॉ. वकील कुमार सिंह, जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ साकेत कुमार, झारखंड राय विश्वविद्यालय की रजिस्ट्रार डॉ अमिता मजूमदार एवं एसबीआई के सेवानिवृत्त एजीएम सुनील कुमार गुप्ता ने योग और आत्मिक जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला।

केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा कि योग मन, शरीर, आत्मा और परमात्मा के बीच संतुलन स्थापित कर सकारात्मक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करता है। कार्यक्रम में डॉ कृष्ण कुमार एवं पूजा अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## जगन्नाथपुर मंदिर के पीछे पुल के नीचे मिला युवक का शव, पुलिस जांच में जुटी

**एजेंसी। रांची**


राजधानी रांची के धुर्वा थाना क्षेत्र स्थित जगन्नाथपुर मंदिर के पीछे एक पुल के नीचे से पुलिस ने रविवार सुबह एक युवक का शव बरामद किया है। मृतक की पहचान मनोरंजन सिंह के रूप में हुई है। वह धुर्वा पानी टंकी स्थित महावीर मंदिर के समीप का निवासी बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, सुबह टहलने निकले स्थानीय लोगों की नजर पुल के नीचे अचेत अवस्था में पड़े एक व्यक्ति पर पड़ी। लोगों ने पास जाकर देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी।

घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल धुर्वा थाना पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना मिलने पर धुर्वा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू की। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। घटनास्थल का निरीक्षण करने के दौरान पुलिस को वहां से शराब की एक खाली बोतल भी मिली है, जिसे जांच के लिए जब्त कर लिया गया है।

पुलिस प्रारंभिक तौर पर युवक की मौत के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है। हालांकि मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। आसपास के लोगों से पूछताछ के साथ-साथ मृतक की गतिविधियों और घटनास्थल से जुड़े अन्य तथ्यों की भी जानकारी जुटाई जा रही है। धुर्वा थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# झारखंड में 20 जून तक बारिश-वज्रपात की संभावना, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट


**एजेंसी। रांची**



झारखंड की राजधानी रांची समेत राज्य के विभिन्न जिलों में आगामी 20 जून तक गर्जन के साथ बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है। मौसम विभाग की ओर से रविवार को जारी पूर्वानुमान के अनुसार राज्य के कई हिस्सों में अगले कुछ दिनों तक मौसम का मिजाज बदला रहेगा। इस दौरान कहीं-कहीं तेज हवा के साथ गरज-चमक और हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हो सकती है। विभाग ने विशेष रूप से किसानों, खुले स्थानों पर काम करने वाले लोगों और ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के विभिन्न जिलों में वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि में कोडरमा जिले के तिलैया डीवीसी क्षेत्र में सर्वाधिक 46.4 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। तापमान के आंकड़ों पर नजर डालें तो राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 41.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम तापमान रांची के कांके में 21.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ।उल्लेखनीय है कि झारखंड में 12 जून को मानसून ने दस्तक दे दी थी। मानसून के आगमन के बाद से रांची सहित राज्य के कई जिलों में रुक-रुक कर हल्की से मध्यम बारिश हो रही है। इससे तापमान में आंशिक गिरावट आई है, लेकिन कई क्षेत्रों में उमस की स्थिति बनी हुई है। रविवार को राजधानी रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से आंशिक बादल छाए रहे तथा मध्यम गति से हवाएं चलती रहीं। इसके बावजूद लोगों को गर्मी और उमस का एहसास होता रहा। मौसम में नमी बढ़ने के कारण दिनभर चिपचिपी गर्मी बनी रही। रविवार को रांची का अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 38 डिग्री और न्यूनतम 25.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान 41.2 डिग्री तथा न्यूनतम 26.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बोकारो में अधिकतम तापमान 31.1 डिग्री और न्यूनतम 23.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि चाईबासा में अधिकतम तापमान 38 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि मानसूनी गतिविधियों के सक्रिय रहने के कारण अगले कुछ दिनों तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में बादल छाए रहने और बीच-बीच में वर्षा होने की संभावना बनी रहेगी। आकाशीय बिजली गिरने की आशंका को देखते हुए लोगों को मौसम विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की सलाह दी गई है।

## रिम्स के पास तालाब से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**एजेंसी। रांची**



राजधानी रांची के सदर थाना क्षेत्र स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के समीप एक तालाब से रविवार को अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की सहायता से शव को तालाब से बाहर निकलवाया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, रिम्स ट्रामा सेंटर के पास स्थित तालाब में एक शव पड़े होने की सूचना स्थानीय लोगों ने सदर थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने आसपास मौजूद लोगों से मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन किसी ने भी शव की शिनाख्त नहीं की। प्रारंभिक आशंका है कि व्यक्ति की मौत तालाब में डूबने से हुई हो सकती है। हालांकि, मृत्यु के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। शव की तस्वीर जिले के विभिन्न थानों को भेजी गई है, ताकि यदि कहीं गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज हो तो उसकी पहचान सुनिश्चित की जा सके। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है और मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि मृतक की पहचान होने के बाद घटना के संबंध में अधिक जानकारी सामने आ सकेगी। पुलिस ने आम लोगों से भी अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति की गुमशुदगी की जानकारी हो या शव के संबंध में कोई सूचना हो तो तत्काल पुलिस को अवगत कराएं, ताकि पहचान की प्रक्रिया जल्द पूरी की जा सके।

## पूर्व मंत्री का आंदोलन लाया रंग, सड़क निर्माण कार्य शुरू

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**

जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित खासमहल से गोविंदपुर तक निर्माणाधीन सड़क परियोजना का काम एक बार फिर शुरू हो गया है। लंबे समय से अधर में लटकी इस सड़क के निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी थी। सड़क निर्माण कार्य को जल्द शुरू कराने की मांग को लेकर पूर्व मंत्री एवं भाजपा नेता दुलाल भुईयां के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों ने आंदोलन छेड़ रखा था। लगातार बढ़ते जनदबाव का असर हुआ और आखिरकार निर्माण कार्य दोबारा शुरू कर दिया गया। सड़क निर्माण शुरू होने के बाद क्षेत्र में राहत और संतोष का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से इस सड़क की खराब स्थिति के कारण उन्हें आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। आंदोलन के माध्यम से लोगों ने अपनी आवाज बुलंद की, जिसके बाद जनप्रतिनिधियों और प्रशासन को मामले में सक्रिय होना पड़ा। निर्माण कार्य दोबारा शुरू होने के साथ ही रविवार को जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी भी मौके पर पहुंचे और चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को निर्देश दिया कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा तय मानकों के अनुरूप तेजी से कार्य पूरा किया जाए। विधायक ने कहा कि खासमहल से गोविंदपुर तक की सड़क क्षेत्र के हजारों लोगों के लिए महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। कुछ तकनीकी और प्रशासनिक कारणों से निर्माण कार्य बाधित हो गया था, लेकिन अब सभी अड़चनों को दूर कर काम फिर से शुरू कर दिया गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि परियोजना को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा कर लिया जाएगा, जिससे लोगों को बेहतर और सुरक्षित यातायात सुविधा मिल सकेगी। वहीं स्थानीय चमन तिवारी और अन्य लोगों का मानना है कि पूर्व मंत्री दुलाल भुईयां और क्षेत्रवासियों के आंदोलन ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया, जिसके परिणामस्वरूप बंद पड़ा निर्माण कार्य फिर से शुरू हो सका। सड़क निर्माण शुरू होने से अब लोगों को जल्द बेहतर सड़क सुविधा मिलने की उम्मीद जगी है।



## संक्षिप्त समाचार

### नोएडा में अब कचरे की चार श्रेणियों में छंटाई अनिवार्य, उल्लंघन पर लगेगा भारी जुर्माना



**नोएडा, एजेंसी।** ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को अधिक प्रभावी और पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए नए सालिड वेस्ट मैनेजमेंट 2026 नियम लागू कर दिए गए हैं। नए प्रविधनों के तहत अब घरों, संस्थानों और व्यावसायिक परिसरों को कचरा का स्त्रोत स्तर पर ही चार श्रेणियों में पृथक्करण करना अनिवार्य होगा। नियमों के अनुसार गीला कचरा, सूखा कचरा, सेनेटरी वेस्ट और स्पेशल केयर वेस्ट को अलग-अलग एकत्रित करना होगा। गीले कचरे में फल-सब्जियों के छिलके और अन्य जैविक अपशिष्ट शामिल होंगे, जबकि सूखे कचरे में कागज, प्लास्टिक तथा अन्य पुनर्चक्रण योग्य सामग्री रखी जाएगी। डायपर और सैनिटरी पैड को सेनेटरी वेस्ट तथा बल्ब, ट्यूबलाइट और एक्सपायरी दवाओं को स्पेशल केयर वेस्ट की श्रेणी में रखा गया है। नए नियमों के तहत 20 हजार वर्ग मीटर या उससे अधिक क्षेत्रफल वाले भवन, प्रतिदिन 40 हजार लीटर से अधिक जल उपयोग करने वाले संस्थान या 100 किलोग्राम से अधिक ठोस अपशिष्ट उत्पन्न करने वाले परिसर बल्क वेस्ट जेनरेटर माने जाएंगे। इसमें सामुदायिक भवन, विवाह स्थल, विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय और बड़े संस्थागत परिसर शामिल हैं। कचरा प्रबंधन व्यवस्था को पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए एक केंद्रीकृत ऑनलाइन पोर्टल भी शुरू किया गया है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि कचरे का पृथक्करण न करने, गलत जानकारी देने या नियमों की अनदेखी करने पर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा पर्यावरण क्षतिपूर्ति के साथ भारी जुर्माना वसूला जाएगा। साथ ही लोगों को जागरूक करने समय-समय पर कार्यशाला की जा रही हैं।

### गुरुग्राम में महिला सिपाही ने मांगी थी रिश्वत, थाना प्रभारी भी लाइन हाजिर

**गुरुग्राम, एजेंसी।** एक केस से दो भाइयों का नाम निकलवाने के लिए महिला सिपाही द्वारा



50 हजार रुपये की रिश्वत लेने के मामले में गुरुग्राम पुलिस ने अब उस थाने की प्रभारी को भी लाइन हाजिर कर दिया है। एसीबी गुरुग्राम की टीम ने मानेसर महिला थाने में तैनात मुख्य सिपाही कविता को गुरुवार रात 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया था। शिकायतकर्ता ने एसीबी को शिकायत दी थी कि उसकी पत्नी द्वारा महिला थाना मानेसर में उसके और उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गई है। मामले की जांच कर रही हेड कांस्टेबल कविता ने शिकायतकर्ता के भाइयों बलराम और मुकेश के नाम मुकदमे से हटाने के बदले 50 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी। एसीबी द्वारा कविता की गिरफ्तारी के बाद गुरुग्राम पुलिस आयुक्त ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल प्रभाव से महिला थाना मानेसर प्रभारी इंस्पेक्टर नेहा राठी को भी लाइन हाजिर कर दिया है। साथ ही उनके विरुद्ध विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है। पुलिस आयुक्त ने कहा कि भ्रष्टाचार अथवा किसी भी प्रकार की अनियमितता में संलिप्त पाए जाने वाले किसी भी कर्मचारी व अधिकारी के विरुद्ध सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# जमीन देने वाले 160 किसान पहली उड़ान से जाएंगे लखनऊ, सीएम योगी से मिलेंगे

**लखनऊ , एजेंसी।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण के लिए अपनी जमीन देने वाले किसानों को एक बहुत बड़ा ऐतिहासिक तोहफा मिलने जा रहा है। जिन 160 किसानों ने इस विशाल एयरपोर्ट के लिए अपनी बेशकीमती जमीन दी थी, वे ही अब इस एयरपोर्ट से अपनी जिंदगी की पहली हवाई यात्रा का आनंद लेंगे।

ये सभी 160 किसान आगामी 15 जून को जेवर से लखनऊ के लिए उड़ान भरेंगे और सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से खास मुलाकात करेंगे। जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह ने शनिवार को मेडिकल डिवाइस पार्क में इन सभी किसानों को लखनऊ यात्रा के लिए उनके पास सौंप दिए हैं। किसानों को जो यात्रा पास दिए गए हैं, उस पर लिखा क्रमांक ही फ्लाइट में उनकी निर्धारित सीट संख्या होगी। ये किसान मुख्यमंत्री से अपनी विशेष मुलाकात के बाद उसी दिन फ्लाइट से वापस जेवर लौट आएंगे। समय



मिलने पर किसान अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर के दर्शन करने भी जा सकते हैं। इस भव्य इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण के लिए जेवर के छह गांवों के किसानों की 1334 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया गया था। इस अधिग्रहण के दौरान राजस्व गांव और माजरा सहित कुल छह गांवों का पूरी तरह से विस्थापन किया गया था। एयरपोर्ट निर्माण में इन किसानों की बहुत अहम भूमिका रही है। इंडिगो विमान से होगी ऐतिहासिक उड़ान रोही, रन्हेरा, बनवारीवास, दयानतपुर, किशोरपुर और सिवारा गांव के लगभग 160 किसानों को 15 जून की सुबह छह बजे एयरपोर्ट बुलाया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, इंडिगो के एयरबस, 320 विमान से सभी किसान सुबह लखनऊ के लिए उड़ान भरेंगे। फ्लाइट में बीड़ी, गुटका या माचिस ले जाने की सख्त मनाही है। किसान विजेंद्र सिंह ने बताया कि उन्होंने 17 बीघा जमीन दी है और अपने ही खेतों से हवाई यात्रा करना उनके लिए बहुत ही गर्व की बात है। रामपाल सिंह ने कहा कि खेती के काम से समय नहीं मिला, अब हवाई जहाज की यात्रा का अवसर मिलने से वे बेहद खुश हैं।

## मेडिकल लापरवाही पर केरल के सीएम की बड़ी कार्रवाई, पलक्कड़ की पीड़िता को तुरंत मिली आर्थिक मदद

**पलक्कड़, एजेंसी।** केरल के मुख्यमंत्री वी.डी. सतीसन ने एक बड़ा कदम उठाते हुए पलक्कड़ की एक महिला का बकाया भुगतान मंजूर कर दिया है। स्वास्थ्य विभाग की कथित लापरवाही के कारण इस महिला का हाथ काटना पड़ा था। पीड़िता को मिलने वाली आर्थिक सहायता में चार महीने की देरी की खबरों का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले में ज़रूरी निर्देश पहले ही जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने एक्स पर कहा कि जैसे ही मेरा ध्यान इस बात पर गया कि ऋपलक्कड़ की रहने वाली विनोदिनी के लिए पिछली सरकार द्वारा घोषित आर्थिक मदद में चार महीने की देरी हो गई है – जिनका हाथ स्वास्थ्य विभाग की कथित लापरवाही के कारण काटना पड़ा था। मैंने तुरंत महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेशक से संपर्क किया। उन्होंने आगे कहा कि विनोदिनी और अन्य बच्चों को महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रायोजन योजना (स्पॉन्सरशिप स्कीम) के तहत आर्थिक मदद दी जा रही थी। उन्होंने कहा कि मौजूदा फंड का इस्तेमाल करके बकाया राशि का भुगतान जल्द से जल्द कर दिया जाएगा।


# सिर्फ 12 घंटे में दिल्ली से मुंबई, 20 जून बाद पूरी तरह खुल सकता है एक्सप्रेसवे

**मुंबई, एजेंसी।** बहुप्रतीक्षित दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे जल्द ही पूरी तरह चालू होने के करीब पहुंच गया है। अधिकारियों के अनुसार राजस्थान के कोटा के पास स्थित 4.9 किलोमीटर लंबी महत्वपूर्ण सुरंग का निर्माण पूरा होने के बाद 20 जून के बाद किसी भी समय इस एक्सप्रेसवे को यातायात के लिए खोल दिया जा सकता है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत वर्ष 2019 में की गई थी। दिल्ली से गुजरात तक का बड़ा हिस्सा पहले ही पूरा हो चुका था, लेकिन भूमि अधिग्रहण संबंधी चुनौतियों के कारण पूरी परियोजना में कुछ देरी हुई। लगभग 1 लाख करोड़ रुपए की लागत से निर्मित यह एक्सप्रेसवे अब अंतिम चरण में है। कोटा के पास निर्मित 4.9 किलोमीटर लंबी सुरंग इस परियोजना की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग उपलब्धियों में से एक मानी जा रही है। पहली बार किसी पर्यावरणीय दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र, विशेष रूप से राजस्थान के मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व के नीचे से आठ लेन का राजमार्ग बनाया गया है। यह




खंड बुनियादी ढांचा विकास के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, क्योंकि इससे पहले किसी भी सुरंग में आठ लेन वाली सड़क का निर्माण नहीं किया गया था। यह सुरंग 1,386 किलोमीटर लंबे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। घट जाएगा सफर का दुरी पूरे एक्सप्रेसवे के चालू होने के बाद दिल्ली और मुंबई के बीच सड़क मार्ग से यात्रा का समय 24 घंटे से अधिक की तुलना में घटकर लगभग 12 घंटे रह जाएगा। इससे न केवल यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी, बल्कि माल परिवहन और लॉजिस्टिक्स की लागत में भी उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद है। यह एक्सप्रेसवे हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र के बीच संपर्क को और मजबूत करेगा तथा व्यापारिक गतिविधियों को नई गति देगा। हाई-स्पीड वाहनों की आवाजाही वन्यजीवों के प्राकृतिक आवागमन में बाधा न बने।

## डेटिंग ऐप पर अनजान लड़की से मिलना पड़ा भारी, गाजियाबाद में फिर सामने आया 'हनी ट्रैप' का मामला



**गाजियाबाद, एजेंसी।** आरडीसी में डेटिंग ऐप के जरिए युवकों को फंसाकर कैफे में ले जाने और वहां मारपीट कर रुपये वसूलने का मामला एक बार फिर सामने आया है। कविनगर थाने में एक युवक ने युवती उसकी सहेली और कैफे कर्मचारियों पर मारपीट, बंधक बनाने और 13 हजार रुपये वसूलने का आरोप लगाया है। पीड़ित राघवेंद्र कुमार शुक्ल ने पुलिस को बताया कि उनकी पहचान टिंडर ऐप पर दीपिका रावत नाम की युवती से हुई थी। बातचीत के बाद युवती ने उन्हें शुक्रवार को मिलने के लिए आरडीसी स्थित गौर माल बुलाया। आरोप है कि माल पहुंचने पर युवती ने परिवार के लोगों के मौजूद होने की बात कहकर सामने स्थित एक कैफे में चलने को कहा। पीड़ित के अनुसार कैफे में पहले से मौजूद कुछ युवक शैंपेन, हुक्का और खाने-पीने का सामान मंगाने लगे। विरोध करने और कोई आर्डर न देने की बात कहने पर युवती और उसकी सहेली ने उन्हें जाने के लिए कहा। आरोप है कि बाहर निकलते समय कैफे के तीन कर्मचारियों ने उनका रास्ता रोक लिया और पीछे ले जाकर मारपीट की। इस दौरान जेब में रखे 10 हजार रुपये निकाल लिए गए। पुलिस को फोन करने का प्रयास करने पर मोबाइल छीनने की कोशिश की गई। जान बचाने के लिए उन्हें तीन हजार रुपये आनलाइन ट्रांसफर करने पड़े। आरडीसी क्षेत्र में पिछले दो वर्षों के दौरान हनी ट्रैप के जरिए कैफे में वसूली के कई मामले सामने आ चुके हैं। इसके बावजूद पुलिस एक भी मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पाई है। लगातार हो रही घटनाओं से आरडीसी में बीट पुलिसिंग पर भी सवाल उठ रहे हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## फरीदाबाद में कार के शीशे तोड़े, विदेश में पढ़ रहे बेटे को इंस्टाग्राम पर मिली धमकी

**फरीदाबाद, एजेंसी।** ओल्ड फरीदाबाद के अहीरवाड़ा में रहने वाले बिट्टू यादव की घर के बाहर खड़ी स्कॉर्पियो कार के शीशे अज्ञात युवकों ने ईंट मारकर तोड़ दिए। वारदात से पहले उनके बेटे को, जो आर्मेनिया में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा है, इंस्टाग्राम के माध्यम से धमकी दी गई थी। पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार बिट्टू यादव गोरक्षा दल से भी जुड़े हुए हैं। आरोप है कि मोहल्ले में करीब 10 से 15 दिन पहले आए आदित्य प्रधान नाम के युवक ने अपने एक साथी के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया। बताया गया कि विशाल कश्यप नाम के युवक ने इंस्टाग्राम पर आर्मेनिया में पढ़ाई कर रहे बिट्टू यादव के बेटे को फोन कर कहा कि 'तुम्हारी मम्मी हमारे घर के सामने कार खड़ी नहीं करने दे रही, इसका अंजाम बुरा होगा।' आरोप है कि इसके बाद देर रात एक अर्टिगा कार में सवार होकर दोनों युवक पहुंचे और घर के बाहर खड़ी स्कार्पियो कार के शीशे ईंट मारकर क्षतिग्रस्त कर दिए। घटना के बाद क्षेत्र में लोगों की भीड़ जुट गई। पीड़ित पक्ष ने पुलिस को शिकायत देकर आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।



# राकांपा के कांग्रेस विलय के दावों पर सुप्रिया सुले का पूर्णविराम; बोलीं- शरद पवार ने नहीं दिया कोई प्रस्ताव

**मुंबई, एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने यह दावा किया है कि शरद पवार ने अपनी पार्टी के विलय का प्रस्ताव कांग्रेस को दिया था। वहीं बंगाल में ममता बनर्जी की हार के बाद भी राजनीतिक महकमे में तृणमूल कांग्रेस का भी कांग्रेस में विलय के प्रस्ताव की चर्चा जोरों पर शुरू है। ऐसे में राकां सांसद सुप्रिया सुले ने यह कहकर राकां शरद पवार पार्टी के कांग्रेस में विलय की सारी अटकलों को खारिज कर दिया कि न ही शरद पवार ने कोई प्रस्ताव दिया और न ही कभी कांग्रेस की ओर से ऐसा कुछ प्रस्ताव आया है।

यह मीडिया से ही मुझे पता चल रहा है। मुझे और शरद पवार को इसकी कोई जानकारी नहीं है। वे नागपुर में पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रही थीं। शिवसेना सांसद संजय राऊत ने कहा है कि कांग्रेस से अलग होकर बनीं सभी पार्टियों को कांग्रेस में वापस लौट जाना चाहिए। इससे ताकत बढ़ेगी और भाजपा को चुनौती दी जा सकेगी। सुप्रिया सुले ने गठबंधन विलय की अटकलों को किया खारिज इस पर सुप्रिया सुले ने कहा कि राऊत मेरे बड़े भाई के समान हैं और उन्हें मार्गदर्शन या सुझाव देने का अधिकार है। इंडिया गठबंधन की बैठक में सोनिया गांधी व



ममता बनर्जी के बीच पार्टी विलय पर चर्चा के संदर्भ में सुले ने कहा कि उन दोनों की मुझसे कोई बात नहीं हुई। इसलिए कोई जानकारी नहीं। कौन किसके संपर्क में है, नहीं मालूम। शरद पवार के पास कोई प्रस्ताव नहीं आया और न ही उन्होंने किसी को कोई प्रस्ताव दिया है। आपसी कलह और आरोप-प्रत्यारोप करके परिवारों और राजनीतिक दलों में फूट डालने का काम हमने कभी नहीं किया और न ही कभी करेंगे। उन्होंने कहा कि आज देश की आर्थिक स्थिति को देखते हुए राजनीति करने नहीं बल्कि देश को बचाने का समय है। महंगाई, बेरोजगारी व प्रचंड भ्रष्टाचार शुरू है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को सर्वदलीय बैठक लेकर आर्थिक हालातों पर विस्तार से चर्चा करनी चाहिए।

हमारे सांसद, विधायक से किसी ने नहीं किया संपर्क

तृणमूल कांग्रेस, उद्धव ठाकरे शिवसेना के सांसदों द्वारा पार्टी छोड़ जाने या फिर उन्हें तोड़े जाने के संदर्भ में उन्होंने कहा कि हमारे विधायक, सांसदों व पदाधिकारियों से किसी ने कोई संपर्क नहीं किया। उन्होंने मंत्रियों व नेताओं से मुलाकात के संदर्भ में कहा कि देश के सभी मंत्रियों से मैं हर सप्ताह मिलती हूं।

इसका मतलब असंतोष नहीं है। विनोद तावडे से मैंने कल अपने कार्य के लिए मुलाकात की। सभी दलों के लोगों को एक-दूसरे से कार्य के लिए मिलना ही पड़ता है, रोहित पवार के अनशन पर कहा कि उन्हें इसके लिए मना किया था क्योंकि असंवेदनशील सरकार है और उससे लड़ने की ताकत रखनी चाहिए।

## पीएम मोदी दो दिन के दौरे पर बंगाल जाएंगे, पश्चिम बंगाल दिवस व अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में होंगे शामिल

**कोलकाता, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अगले हफ्ते पश्चिम बंगाल के दो दिन के दौरे पर रहेंगे. इसको लेकर तैयारियां चल रही हैं, जिसमें वे पश्चिम बंगाल दिवस और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



के जश्न में शामिल होंगे. नई बनी भाजपा सरकार 20 जून को पहली बार पश्चिम बंगाल दिवस मनाने वाली है, जिसमें पीएम मोदी मुख्य अतिथि होंगे. इस पहल का मकसद नई पीढ़ी को बंगाल का इतिहास, विरासत और सांस्कृतिक पहचान दिखाना है. समारोह आयोजित करने के लिए हर जिले में उच्च स्तरीय कमेटियां पहले ही बनाई जा चुकी हैं. जिला मजिस्ट्रेट इस कमेटी के प्रमुख होंगे, जिसमें एसपी, प्राइमरी और सेकेंडरी एजुकेशन विभाग के प्रतिनिधि, और स्थानीय सांसद और विधायक सदस्य होंगे. हालांकि शुरू में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) को रेड रोड पर करने का प्लान था, लेकिन अब धना धन्ये ऑडिटोरियम और ब्रिगेड परेड ग्राउंड को भी दूसरी जगहों के तौर पर देखा जा रहा है.

# हिमाचल को पैसा दे रहे हैं लेकिन सुक्खू सरकार से खर्च नहीं हो रहा: जेपी नड्डा

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके जेपी नड्डा ने शिमला में प्रेस वार्ता कर प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा. नड्डा ने आरोप लगाया कि हिमाचल में प्रशासनिक व्यवस्था कमजोर हो चुकी है और सरकार निर्णय लेने की स्थिति में नहीं है. उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार को लेकर कई गंभीर आरोप लगाए.

जेपी नड्डा ने कहा कि हिमाचल में सरकार स्थायी व्यवस्था के बजाय एडहॉक तरीके से चल रही है. उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और डीजीपी तक एडिशनल चार्ज पर हैं. नड्डा ने दावा किया कि प्रदेश सरकार का संचालन शिमला से नहीं बल्कि दिल्ली से हो रहा है. उन्होंने कहा कि प्रदेश में अधिकारी एक-दूसरे पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे हैं और प्रशासनिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है. नड्डा ने कांग्रेस सरकार को विजनलेस और दिशाहीन बताते हुए कहा कि जनता कई समस्याओं का सामना कर रही है.

नड्डा ने कहा कि कांग्रेस सरकार लगातार केंद्र से सहायता नहीं मिलने का आरोप लगा रही है, जबकि केंद्र सरकार ने हिमाचल के लिए हर संभव मदद की है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए हिमाचल प्रदेश विशेष महत्व रखता है और केंद्र के पास विकास कार्यों के लिए संसाधनों की कमी नहीं




है. उन्होंने दावा किया कि हाल के चुनावी नतीजे भी प्रदेश की जनता के रुझान को दर्शाते हैं और भाजपा को जनता का समर्थन मिल रहा है.

भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार अपने चुनावी वादों को पूरा करने में असफल रही है. उन्होंने कहा कि प्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था कमजोर हो चुकी है और सरकार विकास की जगह अन्य मुद्दों में उलझी हुई है. नड्डा ने तंज कसते हुए कहा कि प्रदेश की स्थिति ऐसी हो गई है कि 'रिवॉल्वर लेने के लिए भी बंदूक का लाइसेंस मांगा जाता है.' उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार में फैसले लेने की क्षमता कमजोर हो गई है. उन्होंने यह भी दावा किया कि प्रदेश की ट्रेजरी व्हाट्सएप के माध्यम से संचालित हो रही है और मंत्रिमंडल के अंदर भी मतभेद हैं.

जेपी नड्डा ने केंद्र सरकार की ओर से हिमाचल को दी गई आर्थिक सहायता का भी जिक्र किया. उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में विशेष सहायता योजना के तहत प्रदेश को 2,381 करोड़ रुपये दिए गए. इसके अलावा राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि के तहत 2,006 करोड़ रुपये और बाहरी सहायता प्राप्त परियोजनाओं के लिए 2,150 करोड़ रुपये की मदद दी गई. उन्होंने कहा कि हिमाचल में 40,000 करोड़ रुपये से अधिक लागत की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं पर काम चल रहा है. वहीं रेलवे क्षेत्र में रिकॉर्ड 2,911 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है.

# आरएसएस का मुख्य उद्देश्य हिंदू समुदाय को संगठित और मजबूत करना है: मोहन भागवत

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** केरल दौरे पर आए आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सच्चा हिंदुत्व सिर्फ धार्मिक रीति-रिवाजों पर नहीं, बल्कि काम पर आधारित है. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि लोगों, समाज और प्रकृति को एक साथ आगे बढ़ना चाहिए, और कहा कि आरएसएस किसी का विरोध करने वाला संगठन नहीं है.

तिरुवनंतपुरम के उदय समुद्र होटल में आरएसएस के सौ साल पूरे होने के मौके पर आयोजित लेक्चर सीरीज में बोलते हुए, भागवत ने समाज की ताकत के महत्व पर जोर देते हुए कहा, 'समाज को कमजोर नहीं होना चाहिए. निर्बलता मौत है.' उन्होंने बताया कि पिछले 100 वर्षों में, ऋस्स ने कई पहल की हैं, और सरकार या बाहरी स्त्रोतों से एक भी पैसा लिए बिना लगभग 130,000 सर्विस प्रोजेक्ट लागू किए हैं. यह संगठन समर्पित स्वयं सेवकों के साथ काम करता है, जिनमें से कुछ राजनीति में भी शामिल हैं, लेकिन आरएसएसखुद गैर-राजनीतिक संगठन है. भागवत ने कहा कि चुनावों के



दौरान, आरएसएस जिम्मेदारी से वोट देने के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाता है, लेकिन यह सीधे तौर पर राजनीति में शामिल नहीं होता है. भागवत ने साफ किया, 'राम जन्मभूमि का मुद्दा और आर्टिकल 370 राजनीतिक मुद्दे नहीं हैं; ये ऐसे मामले हैं जो देश की एकता और अखंडता पर असर डालते हैं.' उन्होंने कहा कि आरएसएस का मुख्य उद्देश्य हिंदू समुदाय को संगठित और मजबूत करना, एकता और सांस्कृतिक पहचान को बढ़ावा देना है. उन्होंने आगे बताया कि आरएसएस का संदेश सद्भाव का है, जो समाज से आत्म-संयम, आत्म-नियंत्रण और त्याग की भावना विकसित करने की अपील करता है. उन्होंने कहा, 'हमारी राजनीति और सरकार को इन मूल्यों को दिखाना चाहिए.

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

### पश्चिम एशिया के युद्ध में तटस्थ देशों के जहाजों पर हमले और अंतरराष्ट्रीय कानूनों की अनदेखी

दुनिया के कई देश पहले ही गंभीर ऊर्जा संकट का सामना कर रहे हैं। जिन वाणिज्यिक जहाजों पर हमला किया गया, वे किसी भी रूप में युद्ध का हिस्सा नहीं थे। पश्चिम एशिया में ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजराइल के युद्ध की आग की चपेट में अब वैसे देश और लोग भी आने शुरू हो चुके हैं, जो पूरी तरह तटस्थ हैं और वे सिर्फ जरूरी आपूर्ति सुनिश्चित करने की उम्मीद में उस क्षेत्र में मौजूद हैं।कायदे से आम लोगों की जरूरतों के मद्देनजर अपनी ड्यूटी करने वाले अन्य देशों के लोगों को किसी भी पक्ष की ओर से निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए, लेकिन हाल में अमेरिका ने इस मामले में जिस स्तर की लापरवाही और मनमानी दिखाई है, उससे यही लगता है कि उसे सामान्य स्थिति के बहाल होने की कोई फिक्र नहीं है।वरना क्या वजह है कि पिछले तीन-चार दिनों के भीतर उसने उस क्षेत्र में मौजूद तीन भारतीय जहाजों को निशाना बनाया। उसे यह समझना क्यों जरूरी नहीं लगा कि वह जिन जहाजों पर हमला कर रहा है, वे वाणिज्यिक हैं और किसी भी रूप में इस युद्ध का हिस्सा नहीं हैं?गौरतलब है कि ओमान तट के पास एक वाणिज्यिक जहाज 'सेट्टेबेलो' पर अमेरिका की ओर से किए गए एक हमले में तीन भारतीय नाविकों की जान चली गई। जहाज पर चौबीस लोग सवार थे, जिनमें से इक्कीस को किसी तरह बचा लिया गया। इससे पहले सोमवार को मारिवेक्स नाम के तेल टैंकर पर भी हमला किया गया था, जिसके बाद भारतीय नाविकों ने मदद के लिए आपात संदेश भेजा था।अब गुरुवार को ओमान के शिनास बंदरगाह के पास एक वाणिज्यिक जहाज एमटी जलवीर पर भी हमला किया गया। हालांकि इन दोनों घटनाओं में सभी नाविकों को बचा लिया गया। सवाल है कि अमेरिका के लिए यह समझना मुश्किल क्यों हो रहा है कि ईरान के साथ जारी उसके युद्ध के क्रम में अगर तटस्थ देशों के वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाया जाता है, तो अन्य मोर्चों पर कैसी जटिल स्थिति खड़ी हो सकती है।दुनिया के कई देश पहले ही गंभीर ऊर्जा संकट का सामना कर रहे हैं। जिन वाणिज्यिक जहाजों पर हमला किया गया, वे किसी भी रूप में युद्ध का हिस्सा नहीं थे। मगर बिना किसी मजबूत आधार या उकसावे के अमेरिका ने हमला किया। शायद उसे अब यह सोचने की जरूरत है कि उसके रवैये और जिद का हासिल क्या सामने आ रहा है।यह बेवजह नहीं है कि भारत ने हमले और उसमें नाविकों के मारे जाने पर अमेरिकी दूतावास के प्रभारी अधिकारी को तलब कर अपनी तीखी आपत्ति दर्ज की। विदेश मंत्रालय ने मध्य-पूर्व में संवेदनशील सुरक्षा हालात पर गहरी चिंता जाहिर करते हुए समुद्र में वाणिज्यिक जहाजों पर हमले को भू-राजनीतिक शत्रुता का नतीजा बताया।एक ओर ईरान ने होर्मुज जलमार्ग को बाधित किया हुआ है, तो दूसरी ओर अमेरिका ने उस समूचे इलाके में नाकेबंदी कर रखी है। आखिर क्या वजह है कि भारत या किसी देश के वाणिज्यिक जहाजों और नागरिक बुनियादी ढांचों को निशाना बनाने में भी उसे कोई हिचक नहीं हो रही है?होर्मुज या अन्य समुद्री मार्गों पर निर्बाध आवाजाही बहाल किया जाना इसलिए भी जरूरी है कि सिर्फ उसकी वजह से दुनिया के कई देशों में ऊर्जा और तेल की आपूर्ति बुरी तरह बाधित है और इसका विपरीत असर बड़े दायरे में जनजीवन पर पड़ रहा है।विडंबना यह है कि जहां युद्ध के बावजूद वाणिज्यिक जहाजों के लिए सुरक्षित रास्ता तैयार किया जाना चाहिए था, वहीं बिना किसी आधार के इन जहाजों पर हमले किए जा रहे हैं। सवाल है कि वर्चस्व की जंग के बीच अमेरिका की नजर में क्या अंतरराष्ट्रीय कानूनों की कोई अहमियत रह गई है?

*धीरे-धीरे लड़की स्वयं भी यह आत्मसात करने लगती है कि उसके सपनों की एक 'सामाजिक सीमा' है। उसे आगे बढ़ने की स्वतंत्रता है परंतु केवल उतनी, जितनी से स्थापित सामाजिक संरचना असहज न हो। प्रतीकों का अनकहा पाठ शिक्षाशास्त्री प्रो. कृष्ण कुमार की दृष्टि में समाज स्त्री को केवल विधि-निषेधों से नहीं, बल्कि सांस्कृतिक संकेतों की एक सूक्ष्म भाषा से गढ़ता है।*

## दहलीज़ लांघती बेटियां, स्कूल बैग से ज़्यादा भारी है सामाजिक अपेक्षाओं का बोझ

**(अतुल मौर्य)**

शिक्षा समानता सिखाती है, पर समाज लड़कियों को दायरों में बांधता है। साक्षरता 90 प्रतिशत होने के बाद भी बेटियां करियर चुनने और खुलकर हंसने के लिए 'कोड-स्विचिंग' का मानसिक श्रम कर रही हैं। अब उनके अनुभवों को पढ़ना होगा। भोर की पहली धूप के साथ जब लड़कियाँ घर की देहरी लाँघती हैं, तो उनके कंधों पर स्कूल बैग से कहीं अधिक भारी बोझ होता है। राजस्थान के एक छोटे कस्बे की प्रिया हो, या दिल्ली के किसी सरकारी विद्यालय की रोशनी; सुबह छह बजे उठकर, रसोई में चाय बनाकर, छोटे भाई-बहनों को तैयार करके जब वे बस की ओर दौड़ती हैं, तो यह दौड़ केवल विद्यालय तक नहीं होती। वे उस संसार में कदम रखती हैं जो उनसे कहता है- प्रश्न करो, आत्मविश्वास रखो, अपने सपनों को नाम दो। कक्षाओं में वे संविधान की समता पढ़ती हैं, विज्ञान में तर्क के सूत्र सीखती हैं, भाषा में अपनी अभिव्यक्ति को धार देती हैं। परंतु संध्या की छाया के साथ जब वही लड़कियाँ घर की ओर लौटती हैं, तो वे एक बिल्कुल भिन्न दुनिया में प्रवेश करती हैं। यह दुनिया किताबों की भाषा नहीं बोलती। यहां आवाज़ का तेज़ होना असंस्कार माना जाता है, हँसी की ऊँचाई मापी जाती है। एक ओर कक्षा में शिक्षिका कहती हैं- बेटा, बोलो, संकोच मत करो; दूसरी ओर घर में दादी टोकती हैं- इतनी ज़ोर से हँसते नहीं, लड़की हो। यही वह अदृश्य विभाजन रेखा है जिसे हम प्रायः दैनंदिन जीवन की सामान्यता मानकर अनदेखा कर जाते हैं। स्वीकृति के भीतर की अदृश्य सीमा समाज अब लड़कियों की पढ़ाई का उस तरह विरोध नहीं करता जैसा कभी करता था। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस--5) के अनुसार देश में 15-24 वर्ष की आयु की महिलाओं में साक्षरता दर 90 प्रतिशत तक पहुँच गई है यह निस्संदेह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। किंतु इस स्वीकार्यता की परतों के नीचे भी एक अदृश्य रेखा खिंची रहती है। मार्च 2025 में बिहार के दानापुर की खुशबू कुमारी की कहानी पूरे देश ने देखी, जिसने कक्षा 10 में 500 में से 399 अंक लाए, पर परिवार ने विज्ञान की जगह कला वर्ग में दाखिला दिलाया। खुशबू डॉक्टर बनना चाहती थीं। यह कोई अपवाद नहीं है। एआईएसएचई (उच्च शिक्षा की अखिल भारतीय सर्वेक्षण रिपोर्ट) 2022-23 के आँकड़े बताते हैं कि उच्च शिक्षा में लड़कियों का नामांकन अनुपात (जीईआर) बढ़ा है, परंतु इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी और कंप्यूटर विज्ञान में उनकी उपस्थिति अभी भी एक-तिहाई से कम है। शिक्षण, परिचर्या और मानविकी, ये क्षेत्र इसलिए सामाजिक रूप से मान्य हैं क्योंकि इनमें देखभाल और सेवा का भाव दिखता है और समाज स्त्री को इन्हीं भावों से जोड़कर देखने का आदी है। अभियांत्रिकी, न्यायशास्त्र, राजनीति, रक्षा-सेवाएँ या वैज्ञानिक शोध जैसे क्षेत्रों में जाने वाली लड़कियाँ अभी भी सामाजिक कल्पनाशीलता की परिधि से बाहर हैं। जो इन क्षेत्रों की ओर जाती हैं, उन्हें प्रत्यक्ष प्रतिबंध से अधिक सूक्ष्म असहजताओं से गुजरना पड़ता है जैसे कि सेना में जाओगी, फिर शादी कौन करेगा? या वकालत में घर कब सँभालोगी? जैसे प्रश्न उनके सपनों को 'यथार्थ' की कसौटी पर बार-बार परखते हैं। धीरे-धीरे लड़की स्वयं भी यह आत्मसात करने लगती है कि उसके सपनों की एक 'सामाजिक सीमा' है। उसे आगे बढ़ने की स्वतंत्रता है परंतु केवल उतनी, जितनी से स्थापित सामाजिक संरचना असहज न हो। प्रतीकों का अनकहा पाठ शिक्षाशास्त्री प्रो. कृष्ण कुमार की दृष्टि में समाज स्त्री को केवल विधि-निषेधों से नहीं, बल्कि सांस्कृतिक संकेतों की एक सूक्ष्म भाषा से गढ़ता है। पहनावा, चाल, आवाज़ का आरोह-अवरोह इत्यादि, ये सब मिलकर एक अघोषित पाठ्यक्रम रचते हैं। इसकी अभिव्यक्ति कभी-कभी बेहद ठोस होती है। दिल्ली के कुछ विश्वविद्यालयों में एक शोध के दौरान छात्राओं से पूछा गया कि वे कक्षा में प्रश्न पूछने से क्यों हिचकती हैं। उत्तर चौंकाने वाले थे कि लड़के हँसते हैं, प्राध्यापक सीरियसली नहीं लेते, घर में माँ कहती हैं ज़्यादा बोलना अच्छा नहीं। ये तीनों उत्तर तीन अलग-अलग दुनियाओं से आए थे परंतु एक ही निष्कर्ष पर मिलते थे - तुम्हारी आवाज़ का एक निर्धारित दायरा है। शायद इसीलिए बहुत-सी लड़कियाँ कम आयु में ही दो भिन्न संसारों के बीच एक अदृश्य सेतु बनाना सीख लेती हैं। विद्यालय में वे आत्मविश्वास से बोलती हैं, घर में संयम धारण करती हैं। वे जानती हैं कि किस परिसर में कितनी हँसी स्वीकार्य है, और कहाँ मौन ही समझदारी है। मनोविज्ञान इस प्रक्रिया को 'कोड-स्विचिंग' कहता है। कोड-स्विचिंग वह मानसिक श्रम है जो व्यक्ति को एक संदर्भ से दूसरे संदर्भ में जाते ही अपना व्यवहार, भाषा और अभिव्यक्ति बदलनी पड़ती है। यह श्रम अदृश्य है, थकाने वाला है, और अनिवार्यतः असमान क्योंकि यह लड़कियों से ही अपेक्षित है, लड़कों से नहीं। परिवर्तन की धीमी, दृढ़ आहट तथापि परिवर्तन की धारा रुकती नहीं। बिहार सरकार द्वारा चलाई गई'साइकिल योजना'के द्वारा साइकिल मिलने के बाद जब लड़कियाँ पाँच किलोमीटर दूर के माध्यमिक विद्यालय जाने लगीं, तो पाँच वर्षों में राज्य की बाल विवाह दर में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज हुई। यह शोध अमेरिकन इकोनॉमिक जर्नल- अप्लाईड इकोनॉमिक्स में प्रकाशित हुआ। एक साइकिल ने केवल दूरी नहीं घटाई; उसने लड़की के लिए एक समय का स्वामित्व दिया, एक स्वतंत्रता दी। प्रत्येक पीढ़ी में कुछ लड़कियाँ निर्धारित सीमाओं को थोड़ा और पीछे धकेलती हैं। झारखंड की मरियम, जिसने घर वालों के विरोध के बाद भी कानून की पढ़ाई जारी रखी और आज अपने जिले की पहली महिला वकील है, वह किसी आंदोलन की देन नहीं है; वह उस छोटी बातचीत की देन है जो उसकी माँ ने एक रात उसके पिता से की थी। बदलाव हमेशा बड़े आंदोलनों से नहीं आता, वह अक्सर घरों के भीतर होने वाली उन छोटी-छोटी बातचीतों से उगता है जो खामोशी को तोड़ती हैं। शिक्षा का वास्तविक अर्थ मनुष्य को केवल आजीविका के योग्य बनाना नहीं, बल्कि उसे अपने जीवन के बारे में सोचने, प्रश्न करने और चुनाव करने की क्षमता से लैस करना है। विद्यालय जाने वाली लड़कियाँ प्रतिदिन लौटती हैं। परंतु उनके साथ जो प्रश्न लौटते हैं; वे प्रश्न जिन्हें वे कक्षाओं में नहीं पूछ सकतीं, जो उनके मन की गहराई में सुलगते रहते हैं, उन्हें समाज सुनने की कोशिश नहीं करता। अब समय आ गया है कि हम उनकी परीक्षाओं के अंकों से अधिक, उनके अनुभवों को पढ़ना सीखें।

**(लेखक जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली में शिक्षा विषय के शोधार्थी हैं)**

## सांसद और विधायक भाग रहे, क्या ममता बनर्जी भी टीएमसी छोड़ कर कांग्रेस में जा रही हैं?

**(नीरज कुमार दुबे)**

स्थिति यह है कि तृणमूल कांग्रेस के भीतर विद्रोह अब खुली चुनौती का रूप ले चुका है। पार्टी के 80 में से 58 विधायक अलग होकर निष्कासित विधायक रितब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले गुट के साथ चले गए हैं। इस गुट को विधानसभा में मुख्य विपक्षी दल के रूप में मान्यता भी मिल चुकी है। पश्चिम बंगाल की राजनीति इस समय अपने सबसे उथल पुथल भरे दौर से गुजर रही है। कभी बंगाल की निर्विवाद ताकत मानी जाने वाली ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस अब अंदरूनी बगावत, सांसदों और विधायकों के पलायन तथा राजनीतिक अस्तित्व के संकट से जूझती दिखाई दे रही है। दिल्ली में सोनिया गांधी के साथ ममता बनर्जी और राहुल गांधी के साथ अभिषेक बनर्जी की बैठकों ने इस संकट को और अधिक राजनीतिक रंग दे दिया है। भले ही कांग्रेस और तृणमूल दोनों सार्वजनिक रूप से किसी विलय की संभावना से इंकार कर रहे हों, लेकिन घटनाक्रम यह संकेत दे रहा है कि बंगाल की राजनीति में एक बड़ा पुनर्संयोजन शुरू हो चुका है। एक तरह से यह साफ नजर आ रहा है कि सिर्फ टीएमसी के सांसद, विधायक और पार्षद ही पाला नहीं बदल रहे हैं खुद टीएमसी प्रमुख अपनी पार्टी को खत्म कर कांग्रेस में वापस लौटना चाह रही हैं। हम आपको बता दें कि दिल्ली में राहुल गांधी और अभिषेक बनर्जी की डेढ़ घंटे लंबी मुलाकात तथा उससे पहले सोनिया गांधी और ममता बनर्जी की बैठक ने राजनीतिक गलियारों में हलचल पैदा कर दी है। तृणमूल कांग्रेस ने इन बैठकों को लोकतंत्र और संविधान बचाने की साझा प्रतिबद्धता बताया, लेकिन राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि यह महज औपचारिक बातचीत नहीं थी। बंगाल विधानसभा चुनावों के बाद जिस तरह तृणमूल कांग्रेस कमजोर हुई है और पार्टी के भीतर टूट की स्थिति बनी है, उसके बाद कांग्रेस से नजदीकी बनाना ममता बनर्जी की राजनीतिक मजबूरी बन गई है। स्थिति यह है कि तृणमूल कांग्रेस के भीतर विद्रोह अब खुली चुनौती का रूप ले चुका है। पार्टी के 80 में से 58 विधायक अलग होकर निष्कासित विधायक रितब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले गुट के साथ चले गए हैं। इस गुट को विधानसभा में मुख्य विपक्षी दल के रूप में मान्यता भी मिल चुकी है। रितब्रत बनर्जी लगातार दावा कर रहे हैं कि वही असली तृणमूल कांग्रेस हैं और कांग्रेस के साथ किसी भी प्रकार के विलय या समझौते के खिलाफ हैं। उनका दावा है कि उनके साथ विधायकों की संख्या लगातार बढ़ रही है और कई सांसद भी उनके संपर्क में हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि कांग्रेस के साथ संभावित विलय या अत्यधिक नजदीकी की अटकलों ने तृणमूल कांग्रेस के भीतर असुरक्षा और बेचैनी को और बढ़ा दिया है। पार्टी के कई विधायक, सांसद और क्षेत्रीय नेता अपनी पूरी राजनीतिक पहचान कांग्रेस विरोध की जमीन पर बनाकर आगे बढ़े थे। यदि ममता बनर्जी अंततः कांग्रेस के साथ विलय या व्यापक राजनीतिक समझौते की राह पर चलती हैं।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 6122

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 3 | | 1 | 6 | | | |
| | 9 | 1 | | | | | 6 | |
| 2 | 6 | 4 | | | | | | |
| | | | 4 | 6 | | | 7 | 2 |
| | 7 | | | 3 | | | 5 | |
| 4 | 3 | | | 5 | 2 | | | |
| | | | | | | 1 | 8 | 5 |
| | 8 | | | | | 7 | 4 | |
| | | | 1 | 7 | | 2 | | 3 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6121

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 2 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 3 | 8 | 4 | 9 | 6 | 5 |
| 5 | 9 | 4 | 1 | 2 | 6 | 8 | 7 | 3 |
| 3 | 2 | 7 | 4 | 6 | 1 | 5 | 9 | 8 |
| 9 | 1 | 8 | 5 | 7 | 3 | 6 | 4 | 2 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 2 | 8 | 4 | 5 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 9 | 2 | 8 | 7 |

## वर्ग पहेली 6122



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 1982 को भारत की सबसे बड़ी बहुउद्देशीय यह नदी घाटी परियोगजना राष्ट्र को समर्पित की (6)
7. केशलता, बालों का गुच्छा जो गाल पर लटके (2)
8. आढ़त, कमीशन, दलाली (5)
10. स्थानीय (अंग्रेजी) (3)
11. घड़ियाल, नकरा का अपभ्रंश (2)
12. चैत्र माह का प्रसिद्ध अन्न (2)
13. 332 द्वीपों वाले इस देश की राजधानी सुवा है (2)
14. वचन, इकरार, प्रतिज्ञा (2)
16. नायक (अंग्रेजी)(2)
17. उत्कृष्ट, नितांत अंतिम, छोरस्थ (3)
18. भास्कर, दिनपति, सूर्य (3)
19. पसंद आना, फबना, शोभित होना (2)
20. ग्राम, देहात (2)
21. राजद्रोही, बगावत करने वाला (2)
22. सुगंधित, रूचिकर, सुवासित (2)
23. अमात्य, शतरंज की एक मोहर (3)

**ऊपर से नीचे**

1. मस्तक में तीसरा नेत्र होने के कारण भगवान शंकर का एक नाम (5)
2. खटका होना, चुभना, खलना (4)
3. चौड़े मुंह का गोल पेंदे वाला पात्र जो मिट्टी आदि का बना होता है (2)
4. गरदन, ग्रीवा, बहुत अधिक पका हुआ (2)
5. प्यार बालक, दुलारा लड़का (3)
6. कीमत, दाम, कर, महसूल (2)
9. सप्ताह के दिनों में से एक (4)
13. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता व पत्रकार जो लोकसभा के सदस्य भी रहे (निधन 8 सितंबर 1960) (5)
15. आंचल या पल्ला पकड़ने वाला (5)
16. पंजाब कीप्रसिद्ध प्रेमकथ की नायिका (2)
17. पंख, डैना (2)
18. निर्जन, वीराना, जनहीन, एकांत (2)
19. उबला हुआ चावल (2)
21. शर्त, दांव, शौकीन होने का भाव (2)

### वर्ग पहेली 6121 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हे | ल | न | | गु | डा | के | श |
| म | त | ल | बी | | ल | ला | ट |
| ल | | से | | प | ना | | ल |
| ता | | तु | ल | सी | | | कॉ |
| | शू | | ता | ज | | श | क |
| द | र्प | ण | | ना | दि | रा | |
| र | ण | | दा | | ल | फ | ड़ा |
| स | खा | | दू | ब | | त | |

## आज का राशिफल

### मेष
आज किसी से उलझने से बचें। दिन सेहत का ध्यान रखते हुए काम करना चाहिए। आपकी कोई दबी हुई समस्या उभर सकती है। विरोधी भी मुखर रह सकते हैं इसलिए अपने काम से काम रखें और किसी से उलझने से बचें। आपके लिए सितारे बताते हें कि आपको किसी समस्या को निपटाने के लिए कूटनीतिक बुद्धि और चतुराई का सहारा लेना होगा।

### वृष
आज आपके खर्च में वद्धि हो सकती है। एक से अधिक स्रोत से लाभ मिलने की वजह से आनंददायक रहेगा। आपको कामकाज से हटकर मनोरंजक समय बिताने का मौका मिलेगा। पारिवारिक जीवन में आप जीवनसाथी से हर मामले में सपोर्ट पाएंगे और आपका घरेलू काम भी सुचारू रूप से आपसी सहयोग से पूरा हो जाएगा।

### मिथुन
आज सुख और आनंद के पल बिता पाएंगे।आज का दिन नई साझेदारी के लिए अच्छा है। आपके संपर्क क्षेत्र का विस्तार होगा। कोई काम जो आपका लंबे समय से अटक रहा था वह पूरा हो सकता है। आप अपने वैवाहिक जीवन में भी सुख और आनंद के पल बिता पाएंगे।

### तुला
आज सामाजिक क्षेत्र में अपना सम्मान बना पाएंगे आपके लिए दिन साहसिक फैसला लेने का रहेगा। आप करियर और पारिवारिक जीवन के बारे में कोई महत्वपूर्ण फैसला ले सकते हैं। कल्पनाशीलता के साथ आपका साहस भी बढेगा। आप सामाजिक क्षेत्र में अपना सम्मान बना पाएंगे।

### वृश्चिक
आज अच्छी कमाई कर पाएंगे। दिन शुभ रहने वाला है। आपको कार्यक्षेत्र में अधिकारीवर्ग से अपेक्षित सहयोग मिलेगा और साथ ही आपको कुछ नया मौका एवं जिम्मेदारी मिल सकती है। आप कारोबार में अच्छी कमाई कर पाएंगे। साथ ही आपको दोस्तों और सहकर्मियों से भी सहयोग प्राप्त होगा। आप किसी सामाजिक अथवा धार्मिक संस्था से भी जुड़ सकते हैं।

### धनु
आज आपकी कमाई के रास्ते खुले रहेंगे। आज भावुकता से बचना होगा। आपका मन पारिवारिक विषयों से हटकर धर्म कर्म की ओर आकृष्ट हो सकता है। आपको कुछ ऐसा अनुभव मिल सकता है जो आपके लिए आनंददायक होगा। आप जिस भावना से भावित रहते हैं उसी अनुरूप आपको सुखद अहसास मिलेगा। धार्मिक यात्रा का संयोग बन सकता है।

### कर्क
आज गुरु की शुभ दृष्टि से पाएंगे लाभ। आज का दिन रोमांटिक रहने वाला है। आपका पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा, प्रेम संबंध में प्रेमी के साथ आप डेट पर भी जा सकते हैं। आपके लिए ग्रहों के इस संयोग से कारोबार में लाभ का भी अच्छा मौका बना है। कोई अप्रत्याशित लाभ की भी आप अपेक्षा कर सकते हैं।

### सिंह
आज दोस्तों से आपको सहयोग मिलेगा। धन भले भी आपका खर्च होगा लेकिन सुख साधनों में वृद्धि भी होगी। आपको किसी अप्रत्याशित स्रोत द्वारा भी कमाई का मौका मिल सकत है। कार्यक्षेत्र में आपको अपनी बुद्धि कुशलता का फायदा मिलेगा। दोस्तों से आपको सहयोग मिलेगा। आप तकनीकी अनुभव का भी फायदा उठा सकते हैं।

### कन्या
आज कुछ नई जिम्मेदारी आ सकती है । दिन मिलाजुला रहने वाला है। आपको जोखिम लेने से बचना होगा। चोट लगने की आशंका रहेगी। किसी करीबी व्यक्ति का व्यवहार आपको मानसिक कष्ट दे सकता है। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर कुछ नई जिम्मेदारी आ सकती है।

### मकर
आज बौद्धिक क्षमता का लाभ मिलेगा। दिन आर्थिक क्षेत्र में प्रगति का संकेत दे रहा है। आपको किसी धार्मिक कार्यक्रम अथवा तीर्थयात्रा में भाग लेने का मौका मिल सकता है। आपको ज्ञान और बौद्धिक क्षमता का भी लाभ मिलेगा। कोई चाहत जो आपकी बहुत दिनों से अधूरी है वह पूरी हो सकती है। नौकरी करने वाले जातको को अपने अनुभव और व्यवहारकुशलता का फायदा मिलेगा।

### कुंभ
आज का दिन आपका प्रसन्नता में बीतेगा। दिन भर प्रसन्नता की अनुभूति करेंगे। आपको कुछ ऐसा काम करने का मौका मिलेगा जिसके लिए आप काफी समय से इंतजार कर रहे हैं। आपको कोई प्रसन्नतादायक खबर मिलेगी। आर्थिक लाभ का भी संयोग बनेगा। आप बच्चों के साथ मनोरंजक समय बिता पाएंगे। किसी दूर रहने वाले सगे संबंधी से मिलने का भी संयोग बन सकता है।

### मीन
आज सुख साधनों पर धन खर्च करना होगा। आपके राशि स्वामी मनोबल को बढा रहे हैं। धर्म कर्म के कार्यों से जुड़ने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। आपको यात्रा और सुख साधनों पर धन खर्च करना होगा। पारिवारिक जीवन में आपको बच्चों के साथ वक्त बिताने का मौका मिल सकता है। कोई काम जो आप काफी समय से करना चाह रहे हैं उसे करने का भी आपको मौका मिलेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


# कोच जसपाल राणा के निधन से टूटीं मनु भाकर, भावुक पोस्ट से जताया दुख

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत की स्टार निशानेबाज और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर अपने कोच और मार्गदर्शक जसपाल राणा के निधन से गहरे सदमे में हैं।



हाल ही में स्टेंट प्रक्रिया के बाद उत्पन्न हुई जटिलताओं के कारण नई दिल्ली में जसपाल राणा का निधन हो गया। वह 49 वर्ष के थे।

मनु भाकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने कोच के साथ तस्वीरें साझा करते हुए सिर्फ दो शब्द लिखे– अपूरणीय क्षति। इन शब्दों में उनके दुख और भावनात्मक लगाव की गहराई साफ झलक रही थी।

मनु के करियर को नई दिशा देने वाले गुरु जसपाल राणा सिर्फ एक कोच नहीं, बल्कि मनु भाकर के करियर के सबसे अहम स्तंभों में से एक थे। टोक्यो ओलंपिक 2020 में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद मनु का आत्मविश्वास बुरी तरह प्रभावित हुआ था। ऐसे कठिन दौर में राणा ने उन्हें मानसिक रूप से मजबूत बनाया और फिर से शीर्ष स्तर पर वापसी करने के लिए प्रेरित किया। उनकी देखरेख में मनु ने शानदार वापसी की और पेरिस ओलंपिक 2024 में दो पदक जीतकर इतिहास रच दिया। यह उपलब्धि भारतीय शूटिंग के इतिहास की सबसे बड़ी सफलताओं में से एक मानी जाती है।

# गगनजीत भुल्लर मोरक्को में संयुक्त 27वें स्थान पर पहुंचे

**रबात (मोरक्को) (एजेंसी)।** भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने तीसरे दौर में अच्छा प्रदर्शन किया जिससे वह 20 लाख अमेरिकी डॉलर इनामी इंटरनेशनल सीरीज मोरक्को में संयुक्त 27वें स्थान पर पहुंच गए। चार बार के एएम ग्रीन आईजीपीएल विजेता और 11 बार के एशियन टूर चैंपियन ने चार अंडर 69 का स्कोर बनाया। उन्होंने पहले दो दौर में 70-74 का स्कोर बनाया था। करणदीप कोचर ने तीसरे दौर में दो अंडर 71 का कार्ड खेला और वह तीन दौर के बाद चार अंडर के कुल स्कोर के साथ संयुक्त 43वें स्थान पर हैं। एक अन्य भारतीय खिलाड़ी अजीतेश संधू (74) का प्रदर्शन उतार-चढ़ाव भरा रहा और वह संयुक्त 25वें स्थान से संयुक्त 47वें स्थान पर खिसक गए। इस बीच दो बार के मास्टर्स चैंपियन बुब्बा वॉटसन ने अपनी बढ़त बनाए रखी। उनका कुल स्कोर 15 अंडर है।



कोच मनीष ओझा ने कहा

# वैभव 10 साल की उम्र से ही रोज सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक 100 ओवर बैटिंग करते थे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल के पिछले दो सीजन में वैभव सूर्यवंशी के शानदार खेल ने भले ही सबको हैरान कर दिया हो, लेकिन उनके इतने सारे शॉट्स के लिए 'मसल मेमोरी' बनाने में 6 साल की कड़ी मेहनत लगी। उनके बचपन के कोच मनीष ओझा के मुताबिक यह युवा बल्लेबाज रोजाना आठ घंटे प्रैक्टिस करता था और 100 ओवर का सामना करता था। 15.5 साल की उम्र में वर्ल्ड क्रिकेट के सबसे रोमांचक बल्लेबाज को आईपीएल के शानदार सीजन के बाद यूनाइटेड किंगडम के टी-20 दौरे के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। इस सीजन में वे 237 से ज्यादा के जबरदस्त स्ट्राइक-रेट से 776 रन बनाकर टॉप स्कोरर रहे।

पटना में अपनी एकेडमी में आठ साल की उम्र से सूर्यवंशी को ट्रेनिंग देने वाले ओझा ने अपने शिष्य की कड़ी मेहनत और उनके माता-पिता संजीव और आरती के त्याग के बारे में बात की। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे माता-पिता अब 5 साल तक के बच्चों को एकेडमी में ला रहे हैं ताकि वे अपने बच्चों को अगला वैभव बना सकें। लेकिन ओझा ने कहा कि कहना आसान है, करना मुश्किल। तो जब सूर्यवंशी ने टेनिस बॉल से हार्डबॉल खेलना शुरू किया, तो 10 साल की उम्र से वे औसतन कितनी गेंदों का सामना करते थे? ओझा का जवाब सुनकर हर कोई हैरान रह जाएगा।



ओझा ने मीडिया को एक खास इंटरव्यू में बताया, देखिए, हम गेंदों की गिनती नहीं करते कि उन्होंने कितनी गेंदें खेलीं, लेकिन मैं आपको कम से कम एक अंदाजा दे सकता हूं कि वे 600 से ज्यादा गेंदें खेलते थे। फिर उन्होंने बताया कि दिन भर की ट्रेनिंग के दौरान वे 100 ओवर को कैसे बांटते थे। उन्होंने बताया, मैं आपको बताता हूं कैसे। लगभग 200-300 गेंदें मैं खुद थ्रोडाउन के जरिए देता था। और जब मैं थक जाता था, तो दूसरे सपोर्ट स्टाफ मेरी मदद करते थे। और जब वे थक जाते थे, तो हमारी एकेडमी के बॉलर उनकी मदद करते थे।

# प्रो लीग का टिकट दांव पर, ऑकलैंड में भारतीय महिला हॉकी टीम की बड़ी परीक्षा



**ऑकलैंड (एजेंसी)।** भारतीय महिला हॉकी टीम ऑकलैंड में शुरू हो रहे एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप 2025-26 में अपने अभियान की शुरुआत करने के लिए तैयार है। कप्तान सलीमा टेटे की अगुआई में टीम का लक्ष्य टूर्नामेंट जीतकर अगले साल की प्रतिष्ठित एफआईएच प्रो लीग में जगह बनाना होगा। इस प्रतियोगिता की विजेता टीम को सीधे प्रो लीग का टिकट मिलेगा।

## पूल चरण में अमेरिका, जापान और उरुग्वे से मुकाबला

भारत को पूल-ए में रखा गया है, जहां उसका पहला मुकाबला 15 जून को अमेरिका से होगा। इसके बाद 16 जून को जापान और 18 जून को उरुग्वे के खिलाफ मैच खेले जाएंगे। वहीं पूल-बी में मेजबान न्यूज़ीलैंड, चिली, कोरिया और फ्रांस की टीमें शामिल हैं। भारतीय टीम मजबूत शुरुआत कर नॉकआउट चरण में लय बनाए रखना चाहेगी।

**ऑस्ट्रेलिया दौरे से मिला आत्मविश्वास** – टूर्नामेंट से पहले भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया का चार मैचों का दौरा किया, जहां उसने शानदार जुझारूपन दिखाया। पहला मुकाबला हारने के बाद भारत ने लगातार दो मैच जीतकर दमदार वापसी की। अंतिम मैच ऑस्ट्रेलिया ने जीता और सीरीज 2-2 से बराबरी पर समाप्त हुई। इस दौरे ने टीम को कठिन परिस्थितियों में खेलने का बहुमूल्य अनुभव दिया।

## कोच मारिन ने जताया भरोसा

मुख्य कोच स्जोर्ड मारिन ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया दौरा टीम के लिए बेहतरीन तैयारी साबित हुआ। उनके अनुसार खिलाड़ियों ने चुनौतियों का शानदार तरीके से सामना किया और दुनिया की शीर्ष टीमों में से एक के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि अब पूरा ध्यान नेशंस कप पर है और टीम इस अवसर का अधिकतम फायदा उठाना चाहती है।



# ऑस्ट्रेलिया की तुर्किये पर जीत

## स्कॉटलैंड की यादगार वापसी

## दिन के दो मुकाबले रहे ड्रॉ

**वैंकूवर (एजेंसी)।** फीफा विश्व कप 2026 के तीसरे दिन चार मुकाबले पूरे हो चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया ने तुर्किये को एकतरफा अंदाज में हरा दिया है। इसके बाद जर्मनी का सामना कुराकाओ से रात 10:30 बजे होना है। तीसरे दिन दो मैच बराबरी पर छूटे, जबकि ऑस्ट्रेलिया के अलावा स्कॉटलैंड ने भी जीत दर्ज की है। फीफा विश्व कप के तीसरे दिन कुल पांच मुकाबले खेले जाने थे जिसमें से तीन मैच पूरे हो गए हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया और तुर्किये का मुकाबला जारी है। दिन के अंतिम मैच में जर्मनी का सामि कुराकाओ से होगा। फीफा विश्व कप का खुमार अब धीरे-धीरे सिर चढ़कर बोल रहा है और तीसरे दिन रोमांचक मुकाबले खेले गए। एक तरफ कतर ने स्विट्जरलैंड को ड्रॉ पर रोका तो वहीं पांच बार की चैंपियन ब्राजील को विनिसियस जूनियर ने हार से बचाया। स्कॉटलैंड ने फुटबॉल के इस महाकुंभ में जीत से शुरुआत की।

### मोरक्को ने ब्राजील को चौंकाया

पांच बार की चैंपियन ब्राजील की टीम फुटबॉल विश्व कप के अपने पहले मैच में असली रंग में नहीं दिखी और मोरक्को के खिलाफ ग्रुप सी के मैच में शुरू में पिछड़ गई। लेकिन विनिसियस जूनियर के गोल की बदौलत 1-1 से ड्रॉ हासिल करने में सफल रही। ब्राजील 2002 से खिताब नहीं जीत पाया है और उस पर इसका दबाव स्पष्ट नजर आ रहा था। दूसरी तरफ मोरक्को की टीम ने आक्रामक शुरुआत की। मोरक्को की टीम ने पहले 30 मिनट में ब्राजील के गोल पर 12 शॉट लगाए। उसने इस बीच इस्माइल सैबारी के 21वें मिनट में किए गए गोल से बढ़त हासिल कर ली। उन्होंने गोलकीपर एलिसन बेकर के ऊपर से एक शानदार चिप शॉट से यह गोल किया। विनिसियस जूनियर ने 32वें मिनट में बराबरी का गोल किया।

### इंजरी टाइम में कतर ने की वापसी

फीफा विश्व कप के तीसरे दिन सबसे पहले कतर का सामना स्विट्जरलैंड से हुआ। बौलेम खौखी के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के चौथे मिनट में किए गए गोल की मदद से कतर ने ग्रुप बी में मजबूत दावेदार माने जा रहे स्विट्जरलैंड को 1-1 से ड्रॉ पर रोका। ब्रील एम्बोलो ने 17वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर स्विट्जरलैंड को बढ़त दिलाई। एक समय उसकी जीत सुनिश्चित लग रही थी लेकिन अंतिम सीटी बजाने से कुछ देर पहले लेवी स्टेडियम में 67,966 दर्शकों के सामने खेले गए मैच में खौखी ने हेडर से बराबरी का गोल दागकर कतर को विश्व कप में अपना पहला अंक दिलाया। कतर चार साल पहले अपने देश में विश्व खेले गए विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया था और यहां पहले मैच में वह बहुत प्रभावित नहीं कर पाया।

### स्कॉटलैंड की विश्व कप में शानदार वापसी

स्कॉटलैंड ने ग्रुप सी के मुकाबले में जीत से शुरुआत से की। स्कॉटलैंड ने हैती को 1-0 से हराया और पूरे तीन अंक जुटाए। स्कॉटलैंड ने इस तरह विश्व कप फुटबॉल में 32 साल बाद शानदार वापसी की। स्कॉटलैंड 1998 के बाद पहली बार इस टूर्नामेंट में भाग ले रहा है। उसने 1990 के बाद विश्व कप में अपनी पहली जीत हासिल की। तब उसने स्वीडन को 2-1 से हराया था। वह फिलहाल ग्रुप सी में शीर्ष पर है। स्कॉटलैंड के लिए जॉन मैकगिन ने 28वें मिनट में गोल दागा जो अंत तक निर्णायक साबित हुआ। पहले हाफ के बाद दोनों टीमों ने दूसरे हाफ में गोल करने की काफी कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सके।

### ऑस्ट्रेलिया की एकतरफा जीत

ऑस्ट्रेलिया ने ग्रुप डी के मुकाबले में तुर्किये को एकतरफा अंदाज में 2-0 से हराया। तुर्किये की टीम पूरे मैच में ऑस्ट्रेलिया को चुनौती नहीं दे सकी। ऑस्ट्रेलिया को पहले हाफ में नेसट्रोरी इरांकुडा ने बढ़त दिलाई। पॉल ओकोन इंग्सिटलर के पास पर इरांकुडा ने तुर्किये के डिफेंस को भेदा और गेंद को गोल पोस्ट के पार भेजा। इस तरह ऑस्ट्रेलिया ने पहले हाफ में तुर्किये से 1-0 की बढ़त बनाए रखी। इसके बाद दूसरे हाफ में ऑस्ट्रेलिया ने बढ़त दोगुनी कर ली। ऑस्ट्रेलिया के लिए कोनोर मैटकेल्फे ने 75वें मिनट में गोल किया। ऑस्ट्रेलिया ने इस बढ़त को अंत तक बनाए रखा।

### जर्मनी करेगी अभियान की शुरुआत

तीसरे दिन का आखिरी मुकाबला जर्मनी और कुराकाओ के बीच हुआस्टन में खेला जाएगा। यह मैच भारतीय समयानुसार रविवार की रात 10 :30 बजे से होगा। जर्मनी की टीम इसके साथ ही विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत करने उतरेगी।

# ऑस्ट्रेलिया ओपन : सिंधु सेमीफाइनल में यामागुची से हारीं, भारत का अभियान समाप्त

**सिडनी ।** ऑस्ट्रेलियन बैडमिंटन ओपन के विमेंस सिंगल्स सेमीफाइनल में शनिवार को हार के साथ भारतीय स्टार पीवी सिंधु का 2026 सीजन में पहली बार खिताबी मुकाबले में पहुंचने का सपना अधूरा रह गया। ओलंपिक मेडलिस्ट सिंधु को मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन अकाने यामागुची के हाथों 20-22, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधु ने कड़े मुकाबले वाले पहले गेम में तीसरी वरीयता प्राप्त जापानी खिलाड़ी को कड़ी टक्कर दी, लेकिन फिर यामागुची ने मैच पर पकड़ बनाते हुए मुकाबला 43 मिनट में अपने नाम किया। इसी के साथ यामागुची ने बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट के फाइनल में अपनी जगह बना ली। वर्ल्ड नंबर 10 सिंधु के लिए यह सीजन में एक और करीबी हार थी। जनवरी में मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद, ऑस्ट्रेलियन ओपन बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर पर इस साल उनका दूसरा सेमीफाइनल था।

पहले गेम में वैसा ही मुकाबला देखने को मिला, जिसकी फैंस को उम्मीद थी। सिंधु ने शुरुआती कुछ रैलियों में दबदबा बनाए रखा और मिड-गेम ब्रेक तक मामूली बढ़त हासिल की। हालांकि, यामागुची ने लगातार 6 प्वाइंट्स जीतकर मैच का रुख अपनी ओर मोड़ लिया।

इसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने शानदार वापसी करते हुए अंतर को खत्म किया और मुकाबले को रोमांचक बना दिया। उन्होंने 2019 के स्कोर पर एक गेम प्वाइंट बचाया, लेकिन जापानी शटलर ने संयम बनाए रखते हुए बढ़त हासिल की और पहला गेम अपने नाम कर लिया।

दूसरे गेम में यामागुची ने लगातार सात प्वाइंट्स जीतकर सिंधु की वापसी की उम्मीदों को झटका दिया। इसके बाद, वर्ल्ड नंबर 3 खिलाड़ी ने मैच पर पकड़ बनाए रखते हुए सिंधु के खिलाफ अपने करियर के 29वें मुकाबले में 14वीं जीत दर्ज की।

कतर को स्विट्ज़रलैंड के खिलाफ मिला ऐतिहासिक अंक

# ब्राजील को मोरोक्को ने ड्रॉ पर रोका

**नई दिल्ली।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 के तीसरे दिन पहले दो मुकाबलों में कोई नतीजा नहीं निकल पाया। कतर ने मजबूत स्विट्ज़रलैंड को 1-1 से ड्रॉ पर रोका और अपना ऐतिहासिक अंक हासिल किया। कतर को फीफा वर्ल्ड कप में पहली बार अंक मिला है। यह मुकाबला ड्रॉ होने के बाद दोनों टीमों को एक-एक अंक मिला। जबकि दूसरे मुकाबले में मोरोक्को ने ब्राजील को 1-1 से ड्रॉ पर रोक दिया। 14 जून को खेले गए मुकाबले में सैन फ्रैंनसिस्को का स्टेडियम तब गूंज उठा जब स्टॉपेज टाइम में कतर के कप्तान बोआलेम खौखी ने बेहतरीन हेडर लगाया और स्कोर स्विट्ज़रलैंड की बराबरी पर पहुंचा दिया। इसके बाद कतर को मिला फीफा वर्ल्ड कप के इतिहास का पहला अंक। ग्रुप बी के इस मुकाबले में स्विट्ज़रलैंड को ब्रील एम्बोलो की पेनल्टी से पहले हाफ में ही लीड मिल गई थी। इसके बाद कतर ने बेहतरीन डिफेंस दिखाया। अंत में यह मुकाबला 1-1 से ड्रॉ पर समाप्त हुआ और दोनों टीमों को एक-एक अंक शेयर करना पड़ा।



# 6 चौके, 7 छक्के, 70 गेंद, 104 रन

## अर्जुन तेंदुलकर का टी20 मुंबई में प्रदर्शन, बेहतरीन इकॉनमी से झटके 7 विकेट

**नई दिल्ली।** अर्जुन तेंदुलकर को आईपीएल 2026 में भले ही एक मैच में खेलने का मौका मिला था, लेकिन वहां भी इस खिलाड़ी ने अपनी बॉलिंग स्किल से सुर्खियां बटोरी थीं। उसके बाद मुंबई की लोकल टी20 लीग में जूनियर तेंदुलकर ने कमाल का प्रदर्शन किया है। अर्जुन एक बॉलिंग ऑलराउंडर हैं और उन्होंने गेंदबाजी के साथ-साथ बल्लेबाजी में अभी अपनी एक-दो पारियों से इस लीग में सुर्खियां बटोरीं।



अर्जुन तेंदुलकर के बल्ले से इस टूर्नामेंट में 70 गेंद पर 104 रन निकले। उन्होंने छह पारियां इस लीग में खेलीं और 6 चौके व 7 छक्के उनके बल्ले से निकले। उन्होंने कई मौकों पर अपनी उपविजेता टीम आर्क्स अंधेरी के लिए नंबर 3 पर भी बल्लेबाजी की। उनका सर्वोच्च स्कोर 66 रन रहा। उनकी यह अर्धशतकीय पारी इस टूर्नामेंट में चर्चा का विषय रही।

**गेंदबाजी में छाए जूनियर तेंदुलकर–** अर्जुन तेंदुलकर ने गेंदबाजी से एक बार फिर जादू बिखेरा है। अर्जुन ने टूर्नामेंट में कुल सात मैच खेले लेकिन 6 पारियों में उन्होंने गेंदबाजी की। खास बात यह है कि इस दौरान टी20 फॉर्मेट वाली इस लीग में अर्जुन की इकॉनमी 8 से भी कम रही। उन्होंने 6 पारियों में कुल 21 ओवर डाले और 7.95 की इकॉनमी से रन देते हुए 7 विकेट झटके। उनका इस टूर्नामेंट में गेंदबाजी औसत 23.86 और स्ट्राइक रेट 18.00 रहा। 11 रन देकर 3 विकेट इस लीग में उनका बेस्ट गेंदबाजी प्रदर्शन था।

# अंधेरी को हरा मराठा रॉयल्स ने जीता खिताब

## ये हैं टी20 मुंबई लीग के टॉप-5 बल्लेबाज और गेंदबाज

**नई दिल्ली।** टी20 मुंबई लीग 2026 के फाइनल मुकाबले में एमएससी मराठा रॉयल्स को एआरसीएस अंधेरी ने 8 रनों से हराकर खिताब जीता। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में फाइनल मुकाबले में एआरसीएस अंधेरी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। एमएससी मराठा रॉयल्स ने चिन्मय राजेश सुतार की अर्धशतकीय पारी के दमपर 5 विकेट पर 154 रन बनाए। एआरसीएस अंधेरी की टीम 155 रनों के लक्ष्य के जवाब में 20 ओवर में 8 विकेट पर 146 रन ही बना पाई। दिव्यांस सक्सेना की 51 रनों की पारी पर पानी फिर गया। मुशीर खान, अर्जुन तेंदुलकर और कप्तान शिवम दुबे जैसे बल्लेबाज नहीं चल पाए।



# कड़ी सुरक्षा के बीच औरंगाबाद के 20 केंद्रों पर संपन्न हुई सिपाही भर्ती परीक्षा

• दो पालियों में हुआ आयोजन

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग के अधीन केंद्रीय चयन पर्षद (सीएसबीसी) द्वारा आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा रविवार से जिले के 20 परीक्षा केंद्रों पर शुरू हो गई। परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन को लेकर सभी केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। सुबह से ही बड़ी संख्या में अभ्यर्थी परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे, जहां सघन जांच के बाद ही उन्हें प्रवेश दिया गया। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जा रही है। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक संपन्न हुई, जबकि दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित की गई है। परीक्षा केंद्रों के बाहर अभ्यर्थियों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। कई परीक्षार्थियों ने दूरदराज के क्षेत्रों से परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में आने वाली कठिनाइयों का भी जिक्र करते हुए बेहतर परिवहन एवं संचार व्यवस्था की आवश्यकता बताई। इस बार परीक्षा की पारदर्शिता और गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय चयन पर्षद ने कई नए दिशा-निर्देश लागू किए हैं। अभ्यर्थियों को अपने साथ पेन लाने की अनुमति नहीं दी गई है। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर ही पेन उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अलावा परीक्षा समाप्त होने के बाद प्रश्नपत्र परीक्षा केंद्र पर ही जमा करना अनिवार्य किया गया है। प्रश्नपत्र पर किसी प्रकार का निशान, टिप्पणी या अन्य चिह्न लगाने की अनुमति नहीं है और उसे उसी स्थिति में वापस करना होगा, जिस स्थिति में वह अभ्यर्थियों को दिया गया था।



परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती गई। अभ्यर्थियों की सघन फ्रिस्किंग के बाद ही प्रवेश दिया गया। वहीं परीक्षा संचालन में लगे अधिकारियों एवं कर्मियों को भी परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पहले से मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने का निर्देश दिया गया, ताकि परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हो सके।

# तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में 14 घायल, आठ की हालत गंभीर

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



औरंगाबादः मदनपुर थाना क्षेत्र में रविवार को तीन अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में 14 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मदनपुर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद आठ गंभीर घायलों को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया।

पहला हादसा मदनपुर-कासमा मार्ग स्थित जोगडी के समीप हुआ, जहां बेला से खिरियावां बाजार जा रहा एक ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। दुर्घटना में आठ लोग घायल हो गए। घायलों में बेला निवासी इन्दु देवी, शिवनाथ चौधरी, भुइयां बिगहा निवासी रोहित कुमार, उमेश कुमार यादव, राम ध्यान यादव और अमरेन्द्र कुमार यादव सहित अन्य लोग शामिल हैं। चिकित्सकों ने इन्दु देवी, रोहित कुमार, उमेश कुमार यादव, राम ध्यान यादव और अमरेन्द्र कुमार यादव की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गया रेफर कर दिया। दूसरी घटना मिठाईयां-नारायणपुर मार्ग पर हुई, जहां एक अन्य ऑटो पलटने से पांच लोग घायल हो गए। घायलों में गुरुआ थाना क्षेत्र के कुरथिया टांड़ निवासी मुन्नी देवी, अनिता देवी तथा रसलपुर निवासी शकुंती देवी सहित अन्य लोग शामिल हैं। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज किया गया।

तीसरी दुर्घटना में भी एक ऑटो पलट गया, जिसमें दक्षिणी उमगा पंचायत के बंगरे, पड़रा, भुइयां बिगहा और प्राणपुर गांव के निवासी मुन्ना कुमार, केदार यादव, दिलीप कुमार, नीतीश कुमार और रेणु देवी घायल हो गए। सीएचसी के चिकित्सक डॉ. कुमार जय ने बताया कि मुन्नी देवी, अनिता देवी और नीतीश कुमार की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया, जबकि अन्य घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जारी है। घटनाओं की सूचना मिलते ही मदनपुर थाना पुलिस एएसआई अनिल कुमार के नेतृत्व में अस्पताल पहुंची और मामले की जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। राहत एवं बचाव कार्य में पूर्व जिला परिषद सदस्य सह मुखिया प्रतिनिधि प्रफुल्ल कुमार सिंह, खिरियावां पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रंजीत कुमार यादव, पैक्स अध्यक्ष संजय कुमार यादव, विनोद कुमार सिंह तथा अन्य स्थानीय लोगों ने सक्रिय सहयोग किया। एक ही दिन में लगातार हुई तीन सड़क दुर्घटनाओं से क्षेत्र में सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ गई है।

# सहयोग शिविर में पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का मिलेगा लाभ

**मदनपुर (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** मदनपुर प्रखंड मुख्यालय परिसर में 17 और 18 जून को आयोजित होने वाले प्रखंड स्तरीय सहयोग सह जनकल्याण शिविर की तैयारियों को लेकर बीडीओ डॉ. अतुल्य कुमार आर्य की अध्यक्षता में अधिकारियों, पंचायत सचिवों एवं जनप्रतिनिधियों की समीक्षा बैठक हुई। ग्रामीण विकास विभाग के प्रधान सचिव के निर्देश के आलोक में आयोजित बैठक में शिविर को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा की गई। बीडीओ ने बताया कि शिविर में सभी संबंधित विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र लाभार्थियों को लाभ पहुंचाया जाएगा। जिन लाभार्थियों के आवेदन एवं दस्तावेज पहले से प्राप्त हैं, उन्हें राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, पासबुक सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज वितरित किए जाएंगे। शिविर में स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिजली विभाग, मनरेगा सहित विभिन्न विभागों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। शिविर प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित होगा।

## न्यूज बाइट्स

### जैविक खेती अपनाकर मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ाएं किसान : रजनीकांत भारती

**दाउदनगर (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** कृषि विभाग की आत्मा (एटीएमए) के तत्वावधान में शनिवार को शारदीय खरीफ उत्पादन सह वितरण कार्यक्रम एवं खरीफ महाअभियान-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती के प्रति जागरूक करते हुए आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अनुमंडल कृषि पदाधिकारी रजनीकांत भारती, वरीय अधिकारी सुरेंद्र कुमार यादव, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनिल कुमार, आत्मा अध्यक्ष नीरज कुमार, अंचलाधिकारी शैलेंद्र कुमार यादव, प्रखंड उद्यान पदाधिकारी रजनीश कुमार, पशुपालन पदाधिकारी अखिलेश कुमार, मुखिया प्रतिनिधि नागेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन कृषि समन्वयक राकेश रंजन कुमार ने किया। अपने संबोधन में अनुमंडल कृषि पदाधिकारी रजनीकांत भारती ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है, जिससे खेतों की उत्पादक क्षमता लगातार घट रही है। उन्होंने किसानों से प्राकृतिक एवं जैविक खेती को अपनाने के साथ आधुनिक एवं उन्नत कृषि तकनीकों का उपयोग करने की अपील की। उन्होंने किसानों को वर्मी कम्पोस्ट, गोबर खाद, जीवामृत, हरी खाद तथा अन्य जैविक संसाधनों के उपयोग की जानकारी देते हुए कहा कि मिट्टी परीक्षण के आधार पर संतुलित मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग करने से उत्पादन में वृद्धि होती है और मिट्टी की उर्वरा शक्ति लंबे समय तक बनी रहती है। साथ ही फसल चक्र अपनाने, जल संरक्षण करने, सिंचाई का संतुलित उपयोग करने तथा पराली नहीं जलाने की सलाह भी दी। कार्यक्रम के दौरान किसानों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं, अनुदान, बीज वितरण कार्यक्रमों एवं कृषि विभाग की अन्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने किसानों को हरसंभव तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा भी दिलाया।

# बटाने नदी पुल के पास डायवर्सन निर्माण शुरू, दो माह में पूरा करने का लक्ष्य

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

एनएच-139 पर बटाने नदी स्थित क्षतिग्रस्त पुल के समीप रविवार से डायवर्सन निर्माण कार्य शुरू किया गया। जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देश पर आमजन की सुरक्षा, संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। जिला प्रशासन के अनुसार राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता द्वारा बटाने नदी पुल का तकनीकी निरीक्षण कराया गया था। जांच के दौरान एनएच-139 पर स्थित लगभग 225 मीटर लंबे पुल की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई। रिपोर्ट मिलने के बाद प्रशासन ने एहतियात के तौर पर पुल पर भारी वाहनों के परिचालन पर तत्काल प्रभाव से पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया था। फिलहाल केवल हल्के वाहनों को पुल से गुजरने की अनुमति दी गई है। प्रशासन ने यातायात को बाधित होने



से बचाने के लिए वैकल्पिक मार्ग के रूप में डायवर्सन निर्माण का निर्णय लिया है। अधिकारियों का कहना है कि डायवर्सन तैयार होने के बाद लोगों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी और पुल पर मरम्मत एवं पुनर्निर्माण कार्य भी आसानी से कराया जा सकेगा।

डायवर्सन निर्माण पर 4 करोड़ 56 लाख रुपये की लागत आएगी। प्रशासन ने अगले दो माह के भीतर निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के कार्यपालक अभियंता ने संबंधित संवेदक के साथ स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। साथ ही अधिकारियों को नियमित निगरानी करने के निर्देश भी दिए गए हैं। प्रशासन ने निर्माण अवधि के दौरान आम लोगों से निर्धारित यातायात व्यवस्था का पालन करने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है, ताकि कार्य समय पर पूरा हो सके। गौरतलब है कि एनएच-139 झारखंड, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश को बिहार से जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग है।

# अंबा-नवीनगर पथ पर क्षतिग्रस्त कलवर्ट के स्थान पर डायवर्सन निर्माण शुरू, यातायात रहेगा सुचारु

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देश पर अंबा-नवीनगर पथ के 12वें किलोमीटर पर स्थित क्षतिग्रस्त स्लैब कलवर्ट के स्थान पर वैकल्पिक मार्ग के रूप में ह्यूम पाइप आधारित डायवर्सन का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। इस पहल का उद्देश्य आमजन के सुरक्षित एवं निर्बाध आवागमन को सुनिश्चित करना है। प्रशासन के अनुसार संबंधित स्लैब कलवर्ट का निर्माण सिंचाई विभाग द्वारा कराया गया था, जो क्षतिग्रस्त हो चुका है। चूंकि इस स्थल से नियमित रूप से पटवन कार्य संचालित होता है, इसलिए डायवर्सन निर्माण के दौरान



दोनों ओर ह्यूम पाइप लगाए जा रहे हैं, ताकि जल निकासी और सिंचाई व्यवस्था प्रभावित न हो तथा पानी का प्रवाह सामान्य बना रहे। डायवर्सन तैयार होने के बाद वर्तमान क्षतिग्रस्त स्लैब कलवर्ट को यातायात के लिए पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद वहां नए स्लैब कलवर्ट का निर्माण कराया जाएगा।

निर्माण अवधि के दौरान सभी छोटे-बड़े वाहनों का परिचालन डायवर्सन मार्ग से कराया जाएगा, जिससे लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो और यातायात सुचारु रूप से चलता रहे। इसके अलावा चतरा मोड़ से नवीनगर जाने वाले मार्ग के सुंदरगंज क्षेत्र में सुरक्षा और यातायात प्रबंधन को और बेहतर बनाने के लिए हाइट बैरियर का भी निर्माण कराया गया है। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से निर्माण कार्य के दौरान प्रशासन का सहयोग करने तथा निर्धारित यातायात व्यवस्था और सुरक्षा संबंधी निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

# गोह में गैस एजेंसी से 13 सिलेंडर चोरी

**गोह (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** जिले के गोह थाना क्षेत्र स्थित मां मुंडेश्वरी इंडेन गैस एजेंसी के गोदाम से 13 गैस सिलेंडर चोरी होने का मामला सामने आया है। अज्ञात चोरों ने शनिवार रात गोदाम का ताला तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। चोरी हुए सिलेंडरों में 10 भरे हुए और 3 खाली सिलेंडर शामिल हैं। गोह निवासी एजेंसी संचालक भीम रजक को रविवार सुबह घटना की जानकारी मिली। गोदाम पहुंचे कर्मचारियों ने देखा कि पुराने ताले को तोड़ दिया गया था और उसकी जगह नया ताला लगा दिया गया था। इसके बाद एजेंसी प्रबंधन को चोरी की सूचना दी गई। घटना के बाद एजेंसी संचालक भीम रजक ने रविवार शाम करीब 4 बजे गोह थाना पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई।

# 23 जून को होगा सत्यचंडी धाम आद्रा मेला का उद्घाटन, तैयारी को लेकर हुई विशेष बैठक

- श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा, साफ-सफाई और बेहतर व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।
- सत्यचंडी धाम वर्षभर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बना रहता है।

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद




जिला मुख्यालय से लगभग पांच किलोमीटर दूर रायपुरा स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ एवं तीर्थस्थल सत्यचंडी धाम में आगामी 23 जून को आयोजित होने वाले आद्रा मेला की तैयारियों को लेकर सत्यचंडी धाम न्यास समिति एवं सत्यचंडी युवा क्लब के सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता न्यास समिति के अध्यक्ष अमरेश सिंह तथा संचालन सचिव राजेंद्र सिंह के संयुक्त नेतृत्व में हुआ। इस दौरान मेले के सफल आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और निर्णय लिया गया कि इस वर्ष आद्रा मेला का उद्घाटन भक्तिमय वातावरण, भव्यता और दिव्यता के साथ किया जाएगा।

बैठक में मौजूद सदस्यों ने कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी सदस्य अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का पूरी तत्परता से निर्वहन करेंगे। सुरक्षा, साफ-सफाई, व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए विभिन्न तैयारियों पर भी विचार-विमर्श किया गया। सत्यचंडी धाम, पुण्यदायिनी बटाने नदी के संगम तट पर स्थित एक प्राचीन एवं आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां आयोजित होने वाले आद्रा मेले में प्रतिवर्ष औरंगाबाद जिले के अलावा बिहार के विभिन्न जिलों तथा अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर माता सत्यचंडी की पूजा-अर्चना करते हैं। धार्मिक मान्यता है कि आद्रा नक्षत्र के दौरान शक्तिपीठों में देवी का विशेष दिव्य वास होता है, इसलिए इस अवधि में यहां दर्शन-पूजन का विशेष महत्व माना जाता है। सत्यचंडी धाम को शक्ति उपासना का प्राचीन एवं पौराणिक स्थल माना जाता है, जहां वर्षभर श्रद्धालुओं का आगमन होता रहता है।

# विभिन्न मामलों में 65 गिरफ्तार, 29 आरोपित भेजे गए जेल

**औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)।** औरंगाबाद जिला पुलिस ने चलाए गए विशेष अभियान के दौरान विभिन्न आपराधिक मामलों में कुल 65 लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें से 29 आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जिला पुलिस की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, गिरफ्तार लोगों में आर्म्स एक्ट के पांच, एससी/एसटी एक्ट के तीन, हत्या के प्रयास के 17, मद्य निषेध अधिनियम के तीन तथा अन्य मामलों के 37 आरोपित शामिल हैं। अभियान के दौरान पुलिस ने 190.70 लीटर देशी शराब भी बरामद की। इसके अलावा 17 वारंट और दो कुर्की वारंट का निष्पादन किया गया। वाहन जांच अभियान के तहत जिले में कुल 1,204 वाहनों की जांच की गई, जिसमें यातायात नियमों के उल्लंघन पर 59,500 रुपये शमन शुल्क के रूप में वसूले गए। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एक देशी कट्टा, एक मोटरसाइकिल, चार ट्रैक्टर तथा चार सीएफटी अवैध बालू भी जब्त किया।

# विनोद मिश्र की नौवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा एवं काव्य गोष्ठी आयोजित



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिला मुख्यालय के सर्वोदय नगर स्थित प्रख्यात साहित्यकार विनय मामूली बुद्धि के आवास पर समाजसेवी विनोद मिश्र की नौवीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साहित्यकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य लोगों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व और सामाजिक योगदान को याद किया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र की शुरुआत प्रसिद्ध कर्मकांडी विशाल मिश्र द्वारा वेद मंत्रोच्चार के साथ विनोद मिश्र के तैलचित्र का पंचोपचार विधि से पूजन-अर्चन कर की गई। इसके बाद उपस्थित लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके जीवन और कार्यों पर अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि विनोद मिश्र ने अपना पूरा जीवन समाज सेवा के लिए समर्पित कर दिया था।

वे जरूरतमंद लोगों की हरसंभव सहायता करते थे तथा शिक्षा के क्षेत्र में उनकी विशेष रुचि और योगदान सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में देव प्रखंड के पूर्व उपप्रमुख मनीष पाठक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

# 22 जून को मनाया जाएगा सूर्य राघव मंदिर का स्थापना दिवस

निज संवाददाता | नवनीगर (औरंगाबाद)

नवीनगर प्रखंड के बड़ेम गांव स्थित सनातन परंपरा के प्रमुख तीर्थस्थल सूर्य राघव मंदिर का स्थापना दिवस 22 जून को श्रद्धा एवं धार्मिक उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर पूरे दिन विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष महोत्सव रत्न संजीव कुमार सिंह एवं प्रधान पुजारी आकाश चौबे ने बताया कि स्थापना दिवस की शुरुआत प्रातःकाल पवित्र नदियों के जल से मंदिर एवं परिसर में स्थापित सभी देवी-देवताओं के जलाभिषेक के साथ होगी। इसके



बाद योग्य आचार्यों के सान्निध्य में वेद मंत्रोच्चार के बीच षोडशोपचार विधि से विशेष पूजा-अर्चना संपन्न कराई जाएगी।

शाम के समय धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित होगी। कीर्तन मंडली द्वारा एक पहरीय हरिकीर्तन प्रस्तुत किया जाएगा, वहीं प्रख्यात कलाकारों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

